## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.4 | 21.6 |
| जमशेदपुर | 33.4 | 22.0 |
| डालटनगंज | 32.0 | 19.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची ● गुरुवार, 26 अक्टूबर 2023 ● आश्विन शुक्ल पक्ष 11, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 189 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र



**इंटरनेशनल**
- ब्रिटेन के पीएम के रूप में सुनक के एक साल पूरे
- कोलंबो के बंदरगाह पर पहुंचा चीन का शोध जहाज
- गाजा में ईंधन की कमी से राहत कार्य प्रभावित
- तुर्किये के राष्ट्रपति का इस्राइल दौरा रद्द

**नेशनल**
- अफसरों को रथ प्रभारी बनाए जाने की शिकायत
- भाजपा ने प्रियंका पर दर्ज कराई शिकायत
- आगरा में पातालकोट के दो डिब्बों में लगी आग
- बेगूसराय में मूर्ति विसर्जन के दौरान तनाव, तोड़फोड़

**स्टेट**
- गीता थामेंगी भाजपा का दामन, सरयू की होगी वापसी!
- भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा 28 को रांची आएंगे
- रघुवर का ओडिशा के चौव चिलगु में स्वागत
- 4 बड़े नक्सलियों से एनआईए कर रही पूछताछ




## आबार एशो मां...

मां दुर्गा के विसर्जन के साथ झारखंड में दुर्गोत्सव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया. भक्तों ने नम आंखों से '**मां आबार आशबे**' कहकर मां को विदाई दी. ढाक व ताशा पार्टी के साथ विसर्जन शोभा यात्रा में युवक-युवतियां, महिला-पुरुष सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए. मां को विदा करने के लिए जलाशयों पर भारी भीड़ उमड़ी. दूसरी ओर राज्यभर में रावण के साथ मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन कर जमकर आतिशबाजी की गई.

## सत्ता का सेमीफाइनल



**विशेष कवरेज**

पूरे देश की निगाहें तीन दिसंबर पर टिकी हैं. इस तारीख को पांच राज्यों - राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों के नतीजे आएंगे. ये नतीजे 2024 में होने वाले आम चुनावों की दिशा तय करने वाले होंगे. राजस्थान, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने हैं, तो तेलंगाना में कांग्रेस का मुकाबला के चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) व मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट व भाजपा से है. आज से 'शुभम संदेश' अपने पाठकों के लिए इन विधानसभा चुनावों को लेकर विशेष कवरेज शुरू कर रहा है, जिससे हमारे पाठकों को इन चुनावों को समझने और अपनी राय कायम करने में मदद मिल सके.

-(देखें पृष्ठ 16)

### 4,90,481 ग्रीन राशन कार्डधारियों को अप्रैल से नहीं मिला राशन

# निवाले पर आफत

### लेट-लतीफ विभाग

प्रवीण कुमार। रांची

राज्य के 4 लाख 90 हजार 481 परिवारों को जिनका ग्रीन राशन कार्ड बना हुआ है, उन्हें पिछले 7 महीनों से सरकारी राशन नसीब नहीं हो रहा है. ग्रीन कार्डधारकों को मार्च 2023 तक का ही राशन वितरण किया गया है. मार्च माह में मात्र 53 प्रतिशत ग्रीन कार्डधारकों को राशन मिला. जबकि खाद्य आपूर्ति विभाग झारखंड सरकार ने अप्रैल 2023 तक के लिए ग्रीन राशन कार्ड के लाभुकों को राशन वितरण के लिए टेंडर के माध्यम से चावल खरीद कर ली है. कुछ इसी तरह का हाल एनएफएसए और ग्रीन राशन कार्ड के लाभुकों को प्रति माह एक किलो चना दाल देने का मामला भी गत वर्ष से अधर में लटका हुआ है. चना दाल वितरण के लिए विभाग ने राशि भी निर्गत कर दी है, लेकिन लाभुकों को दाल नहीं मिल रही है.

राज्य में करीब 5 लाख कार्डधारी ऐसे हैं, जिनके पास ग्रीन राशन कार्ड है. खाद्य आपूर्ति विभाग, झारखंड (आहार पोर्टल) के आंकड़े के अनुसार राशन वितरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है. सरकारी आकड़ों में विगत एक साल से अधिक समय से राज्य के हरे राशन कार्डधारियों के बीच अनाज वितरण के काम में विभाग लगातार कमजोर पड़ता गया है.

### लाभुकों को एक किलो चने की दाल भी नहीं मिल रही



**क्या कहता है विभागीय आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अगस्त 2022 | 62.54 % |
| सितंबर 2022 | 35.91 % |
| अक्टूबर 2022 | 22.6 % |
| नवम्बर 2022 | 82.45 % |
| दिसम्बर 2022 | 80.72 % |
| जनवरी 2023 | 79.78 % |
| फरवरी 2023 | 76.57 % |
| मार्च 2023 | 53.87 % |

### चावल खरीद में लेट से आफत

गौरतलब है कि राज्य सरकार की ओर से जनवरी 2021 में झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना लागू की गयी थी. इसके आधार पर 15 लाख से अधिक गरीबों को हरा राशन कार्ड जारी किया गया. इसके आधार पर प्रति व्यक्ति के हिसाब से एक रुपये प्रति किलो के हिसाब से 5 किलो चावल दिया जाता है. पर सरकार के स्तर से चावल की खरीद प्रक्रिया उलझी रहने के कारण कार्डधारी राशन दुकानों का चक्कर लगाने को विवश हैं.

### राशन वितरण को लेकर विभाग संवेदनशील नहीं : अशर्फी प्रसाद

भोजन का अधिकार अभियान से जुड़े सदस्य अशर्फी नंद प्रसाद सरकारी दावों पर सवाल उठाते हुए कहते हैं कि एनएफएसए और ग्रीन राशन कार्ड के लाभुकों को राशन देने के मामले में बड़ा गैप आ गया है. समय पर ग्रीन राशन कार्डधारियों को राशन नहीं मिलना और राज्य में खेती के समय सूखा पड़ने के कारण ग्रामीण इलाकों में भुखमरी की स्थिति बनती जा रही है. गांवों से लोग पलायन कर रहे हैं. इसको लेकर विभाग और सरकार संवेदनशील नहीं हैं.

### क्या कहता है विभाग

खाद्य आपूर्ति विभाग (जेएसएफसी) के निदेशक दिलीप तिर्की के मुताबिक अनाज वितरण संबंधी निविदा कार्य करीब-करीब पूरी होने को है. मार्च 2023 तक का राशन डीलरों तक भेज दिया गया है. इसके बाद अप्रैल माह का राशन वितरण किया जाएगा. राशन वितरण में देरी की वजह एफसीआई, भारत सरकार की ओर से चावल देने से इनकार करना है. अब विभाग टेंडर के माध्यम से चावल की खरीद कर रहा है. जिसके कारण देरी हो रही है. टेंडर कार्यों का निष्पादन होते ही अप्रैल के बाद का बकाये राशन का वितरण शुरू हो जाएगा.

## अलग-अलग हादसों में 23 की मौत, 24 घायल

**रांची।** झारखंड में दुर्गा पूजा में पिछले 48 घंटे के दौरान अलग-अलग घटनाओं में 23 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 24 लोग घायल हो गए. देवघर के सिकटिया बराज कैनाल में बोलेरो गिरने से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि जमशेदपुर में प्रतिमा विसर्जन के दौरान ट्रक का ब्रेक फेल होने से 2 लोगों की मौत गो गयी, जबकि पांच लोग घायल हो गए. पलामू के चैनपुर में पूजा पंडाल में युवक को गोली मार कर घायल कर दिया गया. वहीं रांची के किशोरगंज चौक के पास युवक को भोर में गोली मार कर घायल कर दिया गया. गुमला और गढ़वा के रंका में महिला की हत्या. गिरिडीह में युवक की चाकू मारकर, जबकि धनबाद के भिस्तीपाडा में युवक की पीटकर हत्या कर दी गयी. सिमडेगा में सड़क पर खड़ी ट्रेलर में बाइक की टक्कर से एक की मौत, जबकि गोड्डा में एक की मौत, दो घायल हुए.

## लाखों के गहने और 10.50 लाख की चोरी

**आदित्यपुर।** दशहरा मनाने पुरुलिया गए पेंट कारोबारी के घर चोरों ने लाखों की चोरी की है. घटना गम्हरिया स्टेशन से सटे विजय नगर की है. मंगलवार की रात चोरों ने गौतम चटर्जी नामक व्यक्ति के घर से करीब 7-8 लाख रुपये के जेवरात और 10.50 लाख रुपए नगद की चोरी कर ली. दशहरा मनाने गए पेंट कारोबारी गौतम चटर्जी को चोरी की सूचना उनके किराएदारों ने दी. गौतम सपरिवार दुर्गा पूजा में अपने गांव पुरुलिया गये हुए थे. सूचना मिलते ही गौतम चटर्जी गम्हरिया पहुंचे और घर के हालात देखे. चोरों ने घर का दरवाजा काट कर और आलमीरा तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. गौतम ने दीपावली में पेंट के बिजनेस के लिए ट्रंक में करीब 10.50 लाख रुपए रखे थे. गौतम चटर्जी ने इसकी जानकारी आदित्यपुर पुलिस को लिखित रूप से दी है. पुलिस चोरों की तलाश में जुटी गई है.

### राहुल गांधी को दिए इंटरव्यू में बोले सत्यपाल मलिक

## अब नहीं आएगी मोदी सरकार...!

शुभम संदेश नेटवर्क

राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से अपनी बातचीत का वीडियो अपनी यूट्यूब चैनल पर शेयर किया है. 28 मिनट की इस बातचीत में राहुल गांधी ने सत्यपाल मलिक से पुलवामा, किसान आंदोलन, एमएसपी, जातिगत जनगणना, मणिपुर में हिंसा समेत तमाम मुद्दों पर बात की. बातचीत के दौरान सत्यपाल मलिक ने कहा, ''चुनाव में सिर्फ 6 महीने रह गए हैं. मैं लिख कर दे रहा हूं कि ये (मोदी सरकार) अब नहीं आएगी.''

**जम्मू कश्मीर पर क्या बोले मलिक :** सत्यपाल मलिक ने कहा, मेरी राय है कि वहां (जम्मू कश्मीर) के लोगों को जबरदस्ती या फोर्स से ठीक नहीं कर सकते. वहां के लोगों को जीत कर आप कुछ भी कर सकते हैं. मैंने उन लोगों को विश्वास में लिया. मलिक ने कहा, मुझे लगता है कि उनके राज्य के दर्जे को वापस करना चाहिए. इन्होंने आर्टिकल 370 वापस लेकर केंद्र शासित राज्य बनाया. इन्हें डर था कि कहीं राज्य की पुलिस विद्रोह न कर दे. लेकिन जम्मू कश्मीर की पुलिस ने हमेशा केंद्र सरकार का साथ दिया. अमित शाह का वादा है कि वे राज्य का दर्जा वापस करेंगे. इसलिए इन्हें जल्द से जल्द जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस करना चाहिए और वहां चुनाव कराने चाहिए.

सत्यपाल मलिक ने कहा, पता नहीं क्यों ये लोग राज्य का दर्जा वापस नहीं कर रहे. मेरी बात हुई थी, मैंने कहा था कि राज्य का दर्जा वापस करना चाहिए. मुझसे कहा गया कि कह तो दिया है, करने की क्या जरूरत है. चल तो रहा है सब ठीक. उन्होंने कहा, लेकिन कहां सब ठीक चल रहा है. आतंकी घटनाएं बढ़ गई हैं. आतंकी एक्टिव हो गए हैं. राजौरी में रोज कुछ न कुछ होता है.

...शेष पेज 10 पर

> मुझे लगता है कि उनके राज्य के दर्जे को वापस करना चाहिए. इन्होंने आर्टिकल 370 वापस लेकर केंद्र शासित राज्य बनाया - **सत्यपाल मलिक**



### पुलवामा हमले पर क्या बोले मलिक

राहुल गांधी ने जब पुलवामा हमले को लेकर सवाल पूछा, तो सत्यपाल मलिक ने कहा, पुलवामा हमले को लेकर मैं ये तो नहीं कहूंगा कि इन्होंने कराया, लेकिन मैं ये जरूर कहूंगा कि इन्होंने उसे इग्नोर किया और उसका राजनीतिक इस्तेमाल किया. इनके बयान हैं कि जब वोट देने जाओ, तो पुलवामा की शहादत याद रखना. इस दौरान राहुल गांधी ने बताया कि जब एयरपोर्ट पर शहीदों के पार्थिव शरीर लाए गए, तो मुझे कमरे में बंद कर दिया गया था. मैं लड़ कर वहां से निकला.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,700 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

## ब्रीफ खबरें

### 2024 में वन नेशन-वन इलेक्शन मुमकिन नहीं

**नई दिल्ली।** देश में ''वन नेशन वन इलेक्शन'' को लेकर बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति की दूसरी बैठक हुई. इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे, गुलाम नबी आजाद के अलावा विधि आयोग के चेयरमैन ऋतु राज अवस्थी मौजूद रहे. इस दौरान लॉ कमीशन की ओर से एक पूरा रोडमैप पेश किया गया.

### वर्ल्ड कप की सबसे बड़ी जीत

**नई दिल्ली।** डेविड वॉर्नर और ग्लेन मैक्सवेल के रिकॉर्ड शतकों के बाद गेंदबाजों के कातिलाना प्रदर्शन के बूते ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे जीत अपने नाम कर ली. अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार रात नीदरलैंड्स की टीम 400 रन के लक्ष्य के जवाब में सिर्फ 90 रन पर सिमट गई, इस तरह उसके नाम 309 रन की शर्मनाक हार दर्ज हो गई.

## महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी कल से

### भारत, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें शामिल

**पहला मुकाबला शुक्रवार को रात 8.30 से भारत-थाईलैंड के बीच**



**रांची।** वूमेंस एशिया हॉकी चैंपियनशिप की तैयारियों करीब-करीब पूरी हो चुकी हैं. शुक्रवार से झारखंड की राजधानी में एशियाई महिला हॉकी का महाकुंभ देखने को मिलेगा. राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद हर चीज पर बारीकी से नजर रख रहे हैं. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी तरह की कमी आयोजन न आने पाए. खेल के दौरान चाक-चौबंद विधि व्यवस्था रहेगी. सुरक्षा को लेकर विशेष तौर पर जवानों की तैनाती की गयी है. पूरे खेल परिसर को 14 जोन में बांट कर मॉनिटरिंग की जा रही है. यहां मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है.

- **फाइनल मुकाबला 5 नवंबर को रात 8.30 बजे**
- एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की स्पॉन्सर झारखंड सरकार है
- टूर्नामेंट में कुल 21 मैच खेले जाएंगे, हर दिन 3 मैच होंगे



वूमेंस एशिया हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी के आयोजन से झारखंड में खेल को और मजबूत होने का मौका मिलेगा. झारखंड के इतिहास में इस तरह का आयोजन पहली बार होने जा रहा है. इसे लेकर राज्य के खिलाड़ियों में काफी उत्साह है. झारखंड की धरती पर नामी-गिरामी खिलाड़ी पहुंचे हुए हैं. सबसे अच्छी बात यह है कि जहां दूसरे खेलों को देखने के लिए हजारों लोग टिकट खरीदते हैं, वहीं इस चैंपियनशिप में प्रवेश बिल्कुल निःशुल्क है.
**- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री झारखंड**

**बदलाव** शिक्षा विभाग के निर्देश पर जेसीईआरटी ने शुरू की पाठ्यक्रम में बदलाव की तैयारी

# नए साल से बदलेंगी सरकारी स्कूलों के क्लास 1 से 8 तक की किताबें

सत्य शरण मिश्रा। रांची

झारखंड के सरकारी स्कूलों के क्लास 1 से 8 की किताबें अगले साल से बदल जाएंगी. शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बच्चों को नई किताबें मिलेंगी. नई किताबों में कई बदलाव किये जा रहे हैं. कई नए चैप्टर भी जोड़े जाएंगे.

वहीं एनसीईआरटी की अंग्रेजी में छपी किताबों (अंग्रेजी को छोड़ कर) का हिंदी में अनुवाद करके बच्चों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि बच्चे हिंदी में पढ़ाई कर आसानी से विषय के बारे में समझ विकसित कर सकें. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है. पाठ्यक्रम निर्माण और किताबों के अनुवाद को लेकर काम शुरू हो गया है.

### एनसीईआरटी की अंग्रेजी की किताबों का हिंदी में होगा अनुवाद

- क्लास 1 से 8 तक की 42 किताबों में होगा संशोधन होगा
- नई किताबों में हेल्थ, सड़क सुरक्षा समेत कई नए चैप्टर जोड़े जाएंगे




**नई किताबों में जोड़े जाएंगे ये नए चैप्टर**

1. झारखंड का इतिहास
2. झारखंड की कला-संस्कृति
3. हेल्थ और वेलनेस
4. सड़क सुरक्षा
5. जल संरक्षण
6. ऊर्जा संरक्षण
7. कृषि
8. लैंगिक समानता

### प्रिंटिंग और पेपर की गुणवत्ता में भी होगा सुधार

क्लास 1 से 8 तक की किताबों का डिजाइन और निर्माण जेसीआईआरटी के द्वारा कराया जाता है. हर साल 1 से 8 तक की 42 किताबें प्रकाशित की जाती है. इन सभी किताबों में इस बार कुछ न कुछ संशोधन किया जाएगा. जेसीआईआरटी नये सत्र (2024-25) के लिए छपने वाली किताबों की प्रिंटिंग और पेपर की गुणवत्ता में भी सुधार करेगा. नए सत्र से आने वाली किताबों में जोड़े जाने वाले नये चैप्टरों से छात्रों को कई नई जानकारी मिलेगी. बच्चों को स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा और कृषि जैसे कई क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी दी जाएगी.

### किताबों में अब इंडिया नहीं भारत लिखा जाएगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान संस्थान और प्रशिक्षण परिषद यानी एनसीइआरटी की किताबों में अब इंडिया नाम की जगह भारत लिखा जाएगा. किताबों में आवश्यक परिवर्तनों को लेकर बने पैनल के प्रस्ताव को एनसीईआरटी ने मंजूरी दे दी है. पैनल के सदस्यों में से एक सीआई इसाक ने कहा, यह प्रस्ताव कुछ महीने पहले ही रखा गया था और अब इसे स्वीकार कर लिया गया है. एनसीईआरटी पैनल की सिफारिश उस वक्त की गई है, जब सियासी हलको में इंडिया नाम को बदल कर भारत रखने पर राजनीतिक चर्चाएं जोरों पर हैं. इंडिया से बदल कर भारत नाम रखे जाने की सुगबुगाहट बीते महीने सितंबर में तब शुरू हुई जब जी20 के आयोजन के दौरान भारत की राष्ट्रपति के नाम से भेजे गए निमंत्रण पत्र में ''प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया'' की बजाए ''प्रेसिडेंट ऑफ भारत'' लिखा गया था. हालांकि, एनसीईआरटी के अधिकारियों ने कहा कि पैनल की सिफारिशों पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है. समिति के अध्यक्ष सीआई इसाक ने कहा कि समिति ने पाठ्यपुस्तकों में विभिन्न संघर्षों में हिंदू विजय गाथाओं पर जोर देने के लिए कहा है. इसाक ने कहा, पाठ्यपुस्तकों में हमारी विफलताओं का उल्लेख किया गया है. लेकिन मुगलों और सुल्तानों पर हमारी विजयों का नहीं. एनसीईआरटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप स्कूली पाठ्यपुस्तकों के पाठ्यक्रम को संशोधित कर रहा है.

- एनसीइआरटी की किताबों में होने जा रहा बड़ा बदलाव, पैनल के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

## निरसा में तेज आवाज के साथ धंसी जमीन

संवाददाता। निरसा

बुधवार अहले सुबह एक तेज आवाज के साथ ही इसीएल मुग्मा क्षेत्र अंतर्गत हरियाजाम स्थित भीटी पंप के सामने का मार्ग में देखते ही देखते लंबी दरार पड़ गई और जमीन धंस गई, जिससे कुहका ग्राम जाने वाले रास्ता लगभग बंद हो हो गया. इस घटना से वहां से आने-जाने वाले लोग काफी भयभीत दिखे. भीटी पंप के नीचे की जमीन कोयला निकासी किए जाने के कारण लगभग खोखली हो चुकी है, जो इस भूं- धसान का मुख्य कारण लोग बता रहे हैं. निरसा बाजार से कुहका ग्राम जाने का वह एक कच्चा मुख्य मार्ग है, जिसमें आए दिन दर्जन भर गांव के लोग आना-जाना करते हैं. वहीं भीटी पंप से संचालित जल जिसकी सहारे दर्जनों गांव के लोग जुड़े हुए हैं वह भी इस दरार के कारण बंद होने की स्थिति में है. बता दें कि कोयला खदानों में लगी आग धीरे-धीरे पूरे धनबाद जिले में फैलती जा रही है. आए दिन जिले में कहीं न कहीं भूं धसान की घटनाएं हो रही हैं. इसको लेकर जिले के लोगों में काफी दहशत है.



**खास बातें**

- कुहका ग्राम जाने वाला रास्ता हुआ बंद
- कोयला निकासी के कारण खोखली हो गई जमीन

## ब्रीफ खबरें

### पारा शिक्षक की सांप काटने से हुई मौत

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के पल्हैया पंचायत के कोरिद ग्राम निवासी माघे उरांव की सर्पदंश से मौत हो गयी. वह उत्क्रमित मध्य



विद्यालय मे पारा शिक्षक के रूप में कार्यरत थे. घटना के संबंध में बताया जाता है कि माघे उरांव मंगलवार को अपने ससुराल (लातेहार के उपर बेसरा, उदयपूरा ग्राम) में था. दोपहर को वो अपनी पत्नी धान देखने खेत में गया. इसी दौरान उसकी पत्नी किसी काम से घर आ गयी. लेकिन जब वो वापस लौटी तो देखा कि माघे उरांव खेत में अचेत पड़ा हुआ है. इसके बाद उसने शोर मचाना शुरू किया. शोर सुन कर आसपास के लोग वहां जुट गये. स्थानीय लोगों की मदद से माघे उरांव को आनन-फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

### प्रदर्शनी में 50 से अधिक बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा के ईचड़ाशोल पाटपुर सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा चित्रांकन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था. इसमें वीणापाणि पाठागार आर्ट एवं क्राफ्ट के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. इसमें बच्चों ने देवी दुर्गा की प्रतिमा की तस्वीर चित्रांकन की. कमेटी द्वारा वीणापाणि पाठागार आर्ट एवं क्राफ्ट के छात्रों व शिक्षिका शेफाली साव, पापिया साव, लिसा राय को मंच पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया और शिक्षको ने इसका श्रेय बच्चों की मेहनत को दिया. साथ ही मौके पर के वीणापाणि शिक्षक हेमत जाना ने बच्चों उत्सह बढ़ाया. इस मौके पर आशीष बासुरी, मानिक मंडल, मनोज गिरि, संजय पहराज, कमल आचार्य, मानस कुईला आदि उपस्थित थे.

**इग्नू :** बीएड की कार्यशाला में दूरस्थ शिक्षा, सूचना एवं संचार तकनीकी व निर्देशन-परामर्शन पर चर्चा

# दूरस्थ शिक्षा के गुण व दोष बताए

**संवाददाता | जमशेदपुर**

जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के लर्निंग सपोर्ट सेंटर में चल रहे इग्नू बीएड कार्यशाला-2 के छठा दिन की शुरुआत इग्नू बीएड प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर डॉ त्रिपुरा झा ने प्रार्थना के साथ की. बुधवार को कार्यशाला का अहम दिन था. इसमें सभी प्रशिक्षुओं को उनके इच्छित विषय अनुसार तीन समूह में विभाजित किया गया. प्रथम समूह था "दूरस्थ शिक्षा". कोल्हान विश्वविद्यालय शिक्षा संकाय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मनोज कुमार इस विषय के विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे. उन्होंने स्व-शिक्षण अधिगम सामग्रियों के अध्ययन की तकनीक पर चर्चा की तथा विद्यार्थियों से दक्ष कार्य करवा कर दूरस्थ शिक्षा के गुण व दोष से अवगत कराया.

द्वितीय समूह का विषय सूचना एवं संचार तकनीकी था. इस विषय की विशेषज्ञ करीम सिटी कॉलेज शिक्षा संकाय की प्राचार्य डॉक्टर सुचेता भुइयां एक व्याख्या प्रस्तुत



जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की कार्यशाला में मौजूद विशेषज्ञगण.

किया. साथ ही विभिन्न प्रकार के श्रव्य एवं दृश्य सामग्री का उपयोग किस प्रकार करना है, यह समझाया. उन्होंने पीपीटी के माध्यम से अपनी प्रस्तुति रोचकता के साथ प्रस्तुत की. तृतीय समूह 'निर्देशन एवं परामर्शन' था. इस विषय के विशेषज्ञ जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के सहायक प्राध्यापक वीरू पक्ष महतो थे. उन्होंने प्रशिक्षकों को विभिन्न प्रकार के समूह में विभाजित किया एवं एक रोचक समूह कार्य कर कर निर्देशन एवं परामर्श के विभिन्न आयामों को रेखांकित किया. मध्याह्न के बाद सभी प्रशिक्षुओं की चिंतनशील डायरी का अवलोकन डॉ त्रिपुरा झा ने किया. उन्होंने चिंतनशील डायरी की गुणवत्ता की जांच की साथ ही साथ इंटर्नशिप के दौरान प्राप्त अनुभवों के विभिन्न अनुभवों को साझा करने को कहा. इस क्रम में उन्होंने उनके गुण व दोषों से अवगत कराया. प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रस्तुति भी दी. सत्र का संचालन में नेहा सुरुचि मिंज, उपेंद्र कुमार ने किया.

**खास बातें**

- लर्निंग सपोर्ट सेंटर में इग्नू बीएड कार्यशाला आयोजित
- प्रशिक्षुओं को तीन समूह में किया गया था विभाजित
- दूरस्थ शिक्षा पर विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किए

## आपकी बात

"जिस भी क्षेत्र में रहें, अपना काम पूरी ईमानदारी से करें, तो ईश्वर उसका सुखद फलाफल देते हैं."



**नाम : मनीष कुमार कसेरा**
**पद : व्यवसायी**
**जन्मस्थल : हजारीबाग**
**कार्य क्षेत्र : हजारीबाग**

हजारीबाग बड़ा ग्वालटोली निवासी मनीष कुमार कसेरा रत्न और ज्वेलरी का कारोबार करते हैं. रत्न के व्यापार में उनकी खासी पकड़ है. वह कहते हैं कि रत्न और ज्योतिष का आपस में परस्पर संबंध है. ज्योतिष के अनुसार ही रत्न का कारोबार होता है. वैसे कई लोग शौक से भी रत्न धारण करते हैं. मनीष शास्त्रीय संगीत और तबला वादन के शौकीन भी रहे हैं. करीब ढाई दशक पूर्व उन्होंने प्रख्यात संगीतज्ञ राजनंदन प्रसाद सिन्हा उर्फ राजन बाबू से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा ली थी. वहीं तबला वादक कमल सिंह से तबला वादन की कला सीखी थी. तीन साल तक निरंतर रियाज भी किया. लेकिन, साइनस के कारण संगीत को छोड़कर व्यवसाय के क्षेत्र में उतरना पड़ा. अभी हजारीबाग के बंशीलाल चौक स्थित भवानी प्लाजा मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स के फर्स्ट फ्लोर पर अपनी दिवंगत माता के नाम से राजमणि रत्न सागर ज्वेलरी और रत्न की दुकान संचालित कर रहे हैं. उनके पिता शंभू नाथ कसेरा और बड़े भाई आशीष कुमार कसेरा भी अलग-अलग कारोबार से जुड़े हैं.

# रजिस्ट्रार का कार्यकाल 20 को हुआ खत्म

**संवाददाता | जमशेदपुर**

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार (कुलसचिव) पद की जिम्मेवारी संभाल रहे प्रो राजेंद्र जायसवाल का कार्यकाल पूरा हो चुका है. उसके बाद से राजभवन की ओर से इस पद के लिए किसी नये नाम की अधिसूचना जारी नहीं की गयी है. इस वजह से नये रजिस्ट्रार की नियुक्ति या इस पद का प्रभार दिये जाने तक विश्वविद्यालय के कई आवश्यक कार्य प्रभावित रहने की उम्मीद है. बता दें कि पिछले 20 अक्टूबर को ही प्रो राजेंद्र जायसवाल का कार्यकाल पूरा हो चुका है. उसके बाद पांच दिन बीत चुके हैं. वहीं राजभवन की ओर से इस संबंध में अभी कोई अधिसूचना जारी नहीं की गयी है.

जानकार बताते हैं कि नयी अधिसूचना जारी होने तक प्रो राजेंद्र जायसवाल इस पद की जिम्मेदारी संभालेंगे, लेकिन वित्तीय एवं नीतिगत आदि अधिकार अब उनके पास नहीं होंगे. इस पद पर रहते हुए वह केवल कार्यालय के नियमित कार्यों को करेंगे. दूसरी ओर जेपीएससी की ओर से राज्य के सात विश्वविद्यालयों के लिए रजिस्ट्रार पद की बहाली निकाली गयी है. इसमें जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी भी शामिल है. कयास लगाया जा रहा है कि नये रजिस्ट्रार की नियुक्ति होने तक प्रो राजेंद्र जायसवाल को कुछ महीने के लिए कार्यावधि विस्तार दे दिया जाये. हालांकि यह राजभवन के निर्णय पर निर्भर करता है.

**वीमेंस यूनिवर्सिटी**




**खास बातें**

- अब वीमेंस यूनिवर्सिटी की नजर राजभवन की ओर
- राजभवन की ओर से अबतक कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई
- सात विवि के लिए रजिस्ट्रार की बहाली निकाली गयी है

# करीम सिटी कॉलेज ने चलाया सफाई अभियान

**संवाददाता | जमशेदपुर**

जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस इकाई), जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, नागरिक रक्षा समिति एवं कोरु फाउंडेशन के संयुक्त से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के पश्चात स्वर्ण रेखा नदी के गांधी घाट 'पर्यावरण के अनुकूल विसर्जन' जागरूकता अभियान चलाया गया. इस कार्यक्रम में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के नगर प्रबंधक कृष्णा कश्यप, क्षेत्र पर्यवेक्षक विक्की कुमार, ऋषभ कुमार, रजनी देवी, कोरु फाउंडेशन के निदेशक सह संस्थापक अमित सिन्हा एवं गरिमा रोहिल्ला, परियोजना प्रबंधक दीपक सोनी, नागरिक सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सुरेश, वार्ड अध्यक्ष बलवंत सिंह, समिति के स्वयंसेवक और करीम सिटी कॉलेज एनएसएस के स्वयंसेवक शामिल थे.




अभियान के दौरान करीम सिटी कॉलेज एनएसएस के वोलेंटियर्स.

अभियान के तहत गांधी घाट के इलाके में श्रद्धालुओं को पर्यावरण के प्रति अनुकूल तरीके से प्रतिमा विसर्जन करने के लिए प्रेरित किया गया. साथ ही नदी में गंदगी कम करने के लिए हानिकारक व अपशिष्ट पदार्थों को बहाने से परहेज करने के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया. इस दौरान नदी को दूषित होने से बचाए और पर्यावरण का ध्यान रखने के लिए भी लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया. उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों ने नदी की सफाई की एवं रासायनिक व हानिकारक पदार्थों को नदी से बाहर निकालकर जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के सहयोग से सही तरीके से निस्तारण किया गया.

**खास बातें**

- एनएसएस-जेएनएसी ने गांधी घाट पर चलाया जागरूकता अभियान
- नदियों को दूषित होने से बचाने का भी छात्रों ने दिया संदेश

विसर्जन के बाद लग गया था कचरे का अंबार

# नदी घाटों पर चला सफाई अभियान

**संवाददाता। जमशेदपुर**

शहर के विभिन्न नदी घाट पर मंगलवार को देर रात हुए विसर्जन के बाद घाटों पर कचरे का अंबार लग गया था, जिसकी साफ सफाई के लिए बुधवार को सुबह से ही सफाई कर्मी लगे हुए है. जमशेदपुर अधियूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) व टाटा स्टील यूआइएसएल के द्वारा संयुक्त रुप से विभिन्न घाटों पर सफाई अभियान चलाया गया.

इस क्रम में आज स्वर्णरेखा नदी घाट, दोमुहानी घाट, कदमा घाट, बिष्टुपुर बोधनवाला घाट की सफाई की गई. उल्लेखनीय है कि विजयादशमी के अवसर पर शहर में होने वाले सैकड़ों पूजा समितियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन नदी में किया गया. सबसे अधिक 120 प्रतिमा का विसर्जन स्वर्णरेखा नदी घाट मानगो में किया गया.

इस संबंध में जेएनएसी के सौरभ कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देश के अनुसार स्वच्छता के मानको के आधार पर नदी घाट पर विसर्जन के बाद जमा हुए कचरे की सफाई गई



घाट पर बिखरे कचरे की सफाई करते .

ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके. जेएनएसी द्वारा पूजा सामग्री के विसर्जन के लिए विसर्जन कुंड भी बनाया गया था एवं विसर्जन के दौरान लगातार लोगों से आग्रह किया जा रहा था कि पूजन सामग्री को विसर्जन कुंड में ही विसर्जित करें. सभी घाट सफाई अभियान चलाया गया.

**खास बातें**

- स्वर्णरेखा नदी घाट मानगो में 120 प्रतिमाओं का विसर्जन
- सभी नदी घाटों पर जमा कचरे की सफाई की गई

विजयादशमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न, रंका राज गढ़ में लगा दरबार

# राजा ने जनता को पान खिलाकर किया सम्मानित

**संवाददाता। गढ़वा**

जिले के रंका अनुमंडल में विजयादशमी का त्योहार हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ. इस मौके पर रंका राज गढ़ में भी दरबार लगाया गया, जहां राजा के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये. पवन कुमार पांडेय, सोनू कुमार सोनी, शंभू सोनी, चंद्रशेखर तिवारी सहित अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन गाये. इसके बाद राजा कुमार गोवर्धन प्रसाद सिंह ने दरबार में उपस्थित जनता को पान का बीड़ा खिलाकर सम्मानित किया.

वहीं राजसी नियमानुसार, दरबार में उपस्थित जनता ने राजा को सलामी दी. इससे पहले राजा की अगुवाई में शमी व अपराजिता पूजन किया गया. पूजा के बाद रंका-गढ़वा सीमा तक ठाकुर जी की यात्रा निकाली गयी. इस यात्रा में जनता ने भी अपने राजा के साथ यात्रा की. इस अवसर पर युवराज कुमार गुलाब सिंह, छोटे राजकुमार गौरव कुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अटल कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे.



**निकाली यात्रा**

- राजा के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये
- ाजा की अगुवाई में शमी व अपराजिता पूजन किया गया

**शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन कार्यक्रम हुआ संपन्न**

रंका में नवमी को विभिन्न पूजा पंडालों में मां दुर्गा की आराधना की गयी . विजयदशमी का त्योहार भी शांतिपूर्ण ढंग से हर्सोल्लास वातावरण में संपन्न हुआ . भक्तों ने अगले वर्ष फिर आना कहकर माता को विदा किया . वहीं विसर्जन कार्यक्रम देर रात तक चला . अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राम नारायण सिंह, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, पुलिस निरीक्षक राम जी महतो, अंचल पदाधिकारी शिवपूजन तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया व अन्य पुलिसकर्मियों ने मुख्य भूमिका निभायी .

**तैयारी** आमला टोला सार्वजनिक कालीपूजा समिति चाईबासा ने आयोजन को लेकर की बैठक

# धूमधाम से मनाया जाएगा काली पूजा का 51वां वर्ष : मिथिलेश

**संवाददाता। चाईबासा**

महानवमी के अवसर पर बुधवार को स्थानीय सन साईन रेस्टोरेंट के सभागार में आमला टोला सार्वजनिक कालीपूजा समिति चाईबासा की ओर से सुनील प्रसाद साव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. बैठक में समिति के मुख्य संरक्षक मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उपस्थित हुए. बैठक में आगामी काली पूजा 51वां वर्ष के भव्य आयोजन के लिए विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई और सदस्यों को कोष एकत्रित करने पर विशेष बल दिया गया. इस वर्ष भी आकर्षक प्रतिमा, भव्य पंडाल , विशेष विद्युत सज्जा के साथ साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा. बैठक को



संबोधित करते हुए समिति के मुख्य संरक्षक झारखंड राज्य के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि वर्षों से चली आ रही इस पूजा में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है. छोटे आयोजन से लेकर अब यह आयोजन एक वृहत रूप ले चुका है. इसके इस रूप को संभाले रखने की जिम्मेवारी अब युवाओं पर है. मुख्य संरक्षक मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए सदस्यों को बताया कि कैसे सुबह से लेकर देर रात तक समिति के सदस्यों के साथ खुद भी शहर के एक-एक प्रतिष्ठानों और घरों में पैदल घूमते हुए कोष संग्रह किया करते थे. जबकि आज सदस्यों में वो उत्साह दिखाई नहीं दे रहा है.

**ये समिति के सदस्य**

**मुख्य संरक्षक** : मिथिलेश कुमार ठाकुर, **संरक्षक** : तपन कुमार मित्रा, दिवाकर बनर्जी , राजीव नयनम्, संभु दयाल अग्रवाल , सुशील चौमाल , रमेश खिरवाल , पवित्र कुमार भट्टाचार्य, **अध्यक्ष** : सुनील प्रसाद साव, **उपाध्यक्ष** : वेदांत खिरवाल , रौशन कुमार , अनिल मुरारका , पवन चांडक , इन्द्रजीत सिंह रंधावा ,सुनील रुंगटा , चित्तरंजन दास **सचिव** : त्रिशानु राय . **संयुक्त सचिव** : मनोज जोशी , अभिषेक मिश्रा , देबजीत चटर्जी . **सह सचिव** : संदीप कुमार भवसार , अशोक अग्रवाल , मो . निजाम , संतोष सिंघानिया , सुशील सिंह . **कोषाध्यक्ष** : दीपक खिरवाल . **सह कोषाध्यक्ष** : महेश रुंगटा . **प्रेस प्रवक्ता** : दीपक शर्मा , मानस घोष . **सलाहकार** : विनय ठाकुर , गोपाल चटर्जी . **कार्यकारिणी सदस्य** : बिनोद गीगा दाहिमा , सुशांत चटर्जी , शिव विलास सिंह , विजय गर्ग , अशोक शर्मा , संजय पोद्दार , संजय गर्ग , नारायण पाड़िया , गौतम सरकार , वकील खान , रघुनंदन पीरोजिवाला , मो0सलीम , जय गिरी , विवेक गुप्ता , प्रतीक चटर्जी , रोहित रुंगटा , कैलाश खंडेलवाल , रतन दे , अमित ठाकुर , आलोक मजूमदार ,लखन महतो , दिलीप ठाकुर , शांतनु देव बर्मन , ओमकार कारवा , अनिल लकड़ा , कुल चन्द्र कुजूर , अनुज चौधरी , मनोज घोष , किशोर ठक्कर , तपन राय जीवन वर्मा , तड़ित विश्वास, हाराधन कुंडू ,मो0 फिरोज , अनूप जोशी , राजीव गुप्ता , रोहित निषाद , मनीष पसारी , राजेश गर्ग , राजीव गुप्ता , राजेश कुमार , नीरज निषाद , संजय प्रजापति , विकास गुप्ता , मानव जोशी ,अमित दधीची , राजा सिन्हा , मिथिलेश झा , मो0 गब्बर , शैलेश सिंहदेव ,भरत रुंगटा , संजय शर्मा , राजू यादव , सागर सिन्हा, प्रवीर भट्टाचार्य , महेश गोप , धीरज अग्रवाल, रौनक सिन्हा , वैभव बजाज , संजय शर्मा , गौतम रुंगटा , यश जोशी , शुभम शर्मा , रौशन अग्रवाल , विवेकानंद दिनोदिया

# खरसावां के राज परिवार ने धूमधाम से की दुर्गा पूजा



**संवाददाता | आदित्यपुर**

सरायकेला जिले का राज खरसावां परिवार 250 वर्षों और लगभग 15 पुश्तों से दुर्गा पूजा- विजयदशमी मना रहा है. इस साल भी खरसावां राज परिवार के सदस्यों ने अपनी लगभग 250 सालों से और 15 पुश्तों से चलती आ रही परंपरा का पूरे विधि विधान से निर्वहन किया है. आपको बता दें कि राज परिवार खरसावां के हर सदस्यगण भारत के विभिन्न राज्यों से आकार पूजा में सम्मिलित होते हैं. यह पूजा सप्तमी से लेकर विजयदशमी तक चलती है. इस पूजा को देखने के लिए खरसावां वासी राजमहल पहुंचते हैं. बता दें कि दुर्गा पूजा में खरसावां राजमहल को सुंदर आकृति के रूप में सजाया जाता है. विजयदशमी के शुभ अवसर पर राजमहल खरसावां में अस्त्र-शस्त्र की पूजा होती है.

# नवमनोनीत राज्यपाल रघुवर दास ने परिवार संग किया कन्या पूजन

संवाददाता। जमशेदपुर

नवरात्रि की महानवमी पर सोमवार को ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भालूबासा स्थित शीतला माता मंदिर में सपरिवार कन्या पूजन किया. उन्होंने धर्मपत्नी रुक्मणि देवी एवं सुपुत्र ललित दास, पुत्रवधू पूर्णिमा ललित दास, दामाद व परिवार के अन्य सदस्यों के संग मंदिर प्रांगण में हवन करने के उपरांत मां दुर्गा की आरती कर शक्तिस्वरूपा कन्याओं का पूजन किया. इस दौरान रघुवर दास ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कन्याओं के पांव पखारे, श्रृंगार कर चुनरी ओढ़ाई, घंटी बजाकर एवं आरती उतारकर पूरे विधि-विधान से पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया. इस दौरान भैरव बाबा की भी पूजा की गई. वहीं, उन्होंने 121 छोटी कन्याओं को मंदिर प्रांगण में अपने हाथों से हलवा, पूरी-सब्जी, खीर व मिठाई के रूप में भोजन परोसा. उन्होंने कन्या पूजन के पश्चात कन्याओं को दक्षिणा भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की. रघुवर दास ने महानवमी के पावन अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए झारखंड व ओडिशावासियों के साथ देशवासियों के सुख-समृद्धि व उन्नति की कामना की.



सपत्नीक कन्यू पूजन के दौरान राज्यपाल रघुवर दास व अन्य.



महानवमी के अवसर पर परिवार संग हवन करते रघुवर दास.

**पूरी ईमानदारी से करूंगा जनता की सेवा :** इस अवसर पर रघुवर दास ने कहा कि प्राचीन पौराणिक कथा के अनुसार नवरात्रि के अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व है. इसलिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे परिवार के साथ शीतला माता मंदिर में कन्या पूजन कर उन्होंने आशीर्वाद लिया है. कहा कि शक्ति की अधिष्ठात्री देवी दुर्गा सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें. उन्होंने कहा कि मां शीतला के आशीर्वाद से मुझे जो नई जिम्मेदारी मिली है, उसे मैं पूरी ईमानदारी के साथ संवैधानिक व्यवस्थाओं का पालन कर ओडिशा की जनता की सेवा करूंगा. इसके साथ ही, उन्होंने दशहरा की सभी को शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, कमलेश सिंह, पवन अग्रवाल, कुलवंत सिंह बंटी, राकेश सिंह, बबुआ सिंह, मंजीत सिंह, प्रेम झा, कौस्तव रॉय, सुरेश शर्मा, अजय सिंह, कमलेश साहू, उमेश साव, मिथिलेश साव, मृत्युंजय यादव, सजल गोपाल, मधुमाला, संजना साहू, अंजली सिंह, पूनम, प्रभा देवी, सुनीता समेत अन्य मौजूद रहे.

### शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री, की पूजा

ओडिशा के नवमनोनीत राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सोमवार को महानवमी के दिन शहर के विभिन्न क्षेत्र के दुर्गापूजा पंडाल का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने पूर्वांचल पूजा कमेटी, टेल्को, उत्कल पूजा कमेटी, बर्मामाइंस, देवस्थान मंदिर, बर्मामाइंस, ट्यूब बारीडीह पूजा कमेटी, बारीडीह, हरिजन स्कूल मैदान, भालूबासा, सबुज कल्याण संघ, टेल्को, बंगो क्रिस्टी पूजा कमेटी, टेल्को समेत साकची व अन्य क्षेत्र के पूजा पंडालों में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा की पूजा-आराधना कर सभी के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की.

### आओ जानें

## ईचागढ़ से कब कौन जीतकर पहुंचा झारखंड विधानसभा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 2000 | भाजपा | अरविंद कुमार सिंह |
| 2005 | झामुमो | सुधीर महतो |
| 2009 | झाविमो | अरविंद कुमार सिंह |
| 2014 | भाजपा | साधु चरण महतो |
| 2019 | झामुमो | सबिता महतो |



### ब्रीफ खबरें

#### आदिवासी छात्र नेता प्रमोद का किया स्वागत

**बेरमो।** गोमिया बैंक मोड़ स्थित गायत्री गेस्ट हाउस में आदिवासी छात्र नेता प्रमोद मुर्मू के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया. मुर्मू सामाजिक कार्यों के साथ साथ पढ़ाई की और कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनी महानदी कोलफील्ड लिमिटेड ओडिशा में जूनियर इंजीनियर (माइनिंग सरदार) के पद पर नौकरी हासिल की है. इससे पहले बैंक मोड़ स्थित बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया. मौके पर जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र राज, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय, खम्हरा पंचायत के मुखिया बंटी उरांव सहित अन्य लोगों ने बुके देकर उन्हें बधाई दी.

#### दो दिवसीय उर्स ए गौसे आजम आज से

**रांची।** ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर इस वर्ष डोरंडा फिरदौस नगर स्थित खानकाह मजहरिया मुनअमिया में शिबली कादरी की ओर से गुरुवार से दो दिवसीय उर्स ए गौसे आजम का आयोजन किया गया है. सुबह छह बजे से कुरआनखानी, फातिहा खानी, मिलादुन्नबी एवं अकीदतमंदों के बीच लंगर बांटे जायेंगे. इस दौरान खानकाही कव्वाली का आयोजन किया जायेगा. इसमें पटना खानकाह के कव्वाल अनीस खान व उनकी टीम कव्वाली पेश करेंगे. उर्स के दौरान अकीदतमंदों के बीच लंगर बांटा जायेगा. मौके पर सैकड़ों की संख्या में अकीदतमंद श्रद्धालु शामिल होंगे.

#### प्रत्याशियों की शैक्षिक पात्रता की मांग की

**जमशेदपुर।** चुनाव सुधारों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक देश -एक चुनाव विज़न में एक नई कड़ी जोड़ते हुए कनफ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन भेजकर आग्रह किया कि देश में लोकतंत्र को बेहतर एवं सक्षम बनाने की दृष्टि से चुनावों में खड़े होने वाले प्रत्याशियों की कम से कम शैक्षिक पात्रता को भी अनिवार्य बनाया जाये. इस मुद्दे पर कैट ने इसी प्रकार के पत्र देश के सभी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय दलों को भी भेजे है. इस विषय पर कैट द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिन 31 अक्टूबर से देश भर के व्यापारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य संगठनों तथा देश के प्रबुद्ध वर्ग के बीच रायशुमारी का अभियान शुरू करेगा.

### 5 राज्यों की मतगणना के बाद दिल्ली या चाईबासा में हो सकता है मिलन समारोह

# गीता थाम सकती हैं भाजपा का दामन, सरयू की वापसी भी संभव

कौशल आनंद। रांची

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी, चाईबासा सांसद और प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा के साथ ही पूर्व मंत्री और जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधायक सरयू राय का भाजपा में जाना तय माना जा रहा है. दोनों नेता पांच राज्यों की मतगणना (3 दिसंबर) के बाद दिल्ली या चाईबासा में भाजपा में शामिल हो सकते हैं. सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं की भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई राष्ट्रीय नेताओं से इस संबंध में बातचीत भी हो चुकी है.

**गीता के आने से किला होगा मजबूत :** गृहमंत्री और भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार अमित शाह जब चाईबासा दौरे पर आए थे, तो गीता कोड़ा ने कोल्हान को लेकर कड़ी नाराजगी निवर्तमान अध्यक्ष दीपक प्रकाश से की थी. केंद्रीय नेतृत्व फिर से कोल्हान में अपनी पकड़ बनाना चाहता है. मगर कोई ऐसा चेहरा नहीं है, जिसके सहारे वह कोल्हान की नैया पार लगा सके. इसके बाद से ही भाजपा की पैनी नजर कांग्रेस की वर्तमान सांसद गीता कोड़ा पर टिक गयी. तब से लेकर लगातार गीता कोड़ा के भाजपा में जाने की चर्चाएं आम होती गईं. मगर हर बार गीता कोड़ा ने इसका पुरजोर खंडन किया. जब मरांडी प्रदेश अध्यक्ष बने, तो वे निजी तौर पर इस अभियान में जुट गए. उन्होंने खुद गीता को पार्टी में शामिल कराने की पहल की. भाजपा के लोग भी जानते हैं कि अगर गीता कोड़ा भाजपा में आ गईं,तो न केवल चाईबासा सीट बल्कि पूरा कोल्हान भाजपा की पकड़ में आ जाएगा. कोड़ा दंपती को अपने पाले में करने के लिए भाजपा ने ताकत लगा दी है. मधु कोड़ा पहले भाजपा में थे और आएसएस की पाठशाला से निकले नेता रहे हैं. आनेवाले दिनों कोड़ा दंपती भाजपा में शामिल होते हैं तो कोई अचरज वाली बात नहीं होगी. इस संबंध में गीता कोड़ा से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका.



#### कोड़ा दंपती से बाबूलाल मरांडी ने खुद की है बात

कोड़ा दंपती की भाजपा में वापसी की पहल खुद प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने की है. विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मरांडी अपनी संकल्प यात्रा के दौरान चाईबासा के होटल सनसाइन में कोड़ा दंपती से मिले थे. तीनों नेताओं के बीच बंद कमरे में करीब आधा घंटे बातचीत हुई. उसी दिन मरांडी ने दोनों नेताओं के भाजपा में शामिल होने की पटकथा लिखी. ऐसे में गीता कोड़ा के भाजपा में जाने की संभावना प्रबल हो चुकी है. मगर मधु कोड़ा जाएंगे या नहीं यह स्पष्ट नहीं हो सका है.

#### सरयू की वापसी का रास्ता साफ

पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को केंद्रीय नेतृत्व ने ओडिशा का राज्यपाल बनाकर अपनी मंशा साफ कर दी है कि प्रदेश में गुटबाजी के लिए कोई जगह नहीं है. दास को राज्य की सक्रिय राजनीति से विदा कर बाबूलाल मरांडी को सेफ स्पेस दे दिया है. साफ संकेत है कि मरांडी अब खुलकर प्रदेश में बिना गुटबाजी के मिशन 2024 की तैयारी कर सकते हैं. सरयू राय ने भाजपा रघुवर दास के कारण ही छोड़ी थी और उनके खिलाफ निर्दलीय उतरकर एक सीटिंग सीएम को हराकर पूरे देश में सनसनी फैला दी थी. चूंकि अब रघुवर दास राज्य के मेन पॉलिटिकल स्ट्रीम से बाहर हो चुके हैं, इसलिए अब राय के भाजपा में आने का रास्ता साफ हो चुका है. उनके भाजपा में आने से जमशेदपुर के साथ-साथ राज्य की राजनीति में संगठन को फायदा होगा. वैसे भी सरयू राय मरांडी के पुराने दोस्त व सलाहकार के रूप में जाने जाते हैं.



#### खास बातें

- कोल्हान में पकड़ मजबूत करने की कोशिश में भाजपा
- मधु कोड़ा आरएसएस की पाठशाला से निकले नेता हैं

#### क्या कहते हैं सरयू राय

सरयू राय ने पूरे मसले और चर्चा पर कहा कि उन्हें कई लोगों का फोन आता है. मगर उसका क्या जवाब दें. सच तो यह है कि मैंने अब तक उनसे कोई संपर्क नहीं किया है. जब संपर्क होगा, तब क्या करेंगे, यह बड़ा सवाल है, जिसका जवाब अभी नहीं दिया जा सकता है.

# रघुवर दास का चौका और चिलगु में हुआ भव्य स्वागत



रघुवर दास का अभिनंदन करते हरेलाल महतो एवं अन्य.

संवाददाता। चांडिल

ओडिशा के राज्यपाल बनाए जाने के बाद बुधवार को जमशेदपुर से रांची जाने के क्रम में रघुवर दास का चिलगु और चौका में गर्मजोशी से स्वागत किया गया. चौका मोड़ में रांची के सांसद संजय सेठ, भाजपा के सरायकेला-खरसावां जिलाध्यक्ष विजय महतो, महामंत्री मधुसुदन गोराई, जमशेदपुर महानगर के पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंह, विशाल चौधरी, दिवाकर सिंह समेत कई नेता व कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया. नेताओं ने उन्हें गुलदस्ता भेंटकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर अभिनंदन किया. लोगों ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री को ओड़िशा के राज्यपाल बनाए जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामना दी. इस दौरान उन्होंने लोगों से खुलकर बात किया. ओड़िशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुवर दास ने चौका मोड़ पर स्थापित शहीद अजीत-धनंजय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया.



चौका में शहीद अजीत-धनंजय महतो की प्रतिमा को नमन करते रघुवर दास.

**विस क्षेत्र पर की चर्चा :** चांडिल प्रखंड के चिलगु में ओड़िशा के नवनियुक्त राज्यपाल एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का भव्य स्वागत किया गया. आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में कायकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने रघुवर दास का अंगवस्त्र व गुलदस्ता देकर स्वागत किया. मौके पर रघुवर दास ने आजसू पार्टी के नेता हरेलाल महतो को उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया. इस दौरान कुछ समय के लिए रघुवर दास आजसू पार्टी के कार्यक्रम में बैठे और हरेलाल महतो के साथ ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के बारे में चर्चा की. उन्होंने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा काफी पिछड़ा क्षेत्र है, इसकी तस्वीर बदलनी होगी. मौके पर चांडिल प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, रुद्रप्रताप महतो, बिरेन लायक, अनंत गोप, अनूप गोराई, सनत महतो, सुजीत महतो, मनोज कुमार, संतोष माहली, शिव महतो आदि मौजूद थे.

#### खास बातें

- रघुवर दास को अंगवस्त्र ओढ़ाकर अभिनंदन किया
- कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए

## भोगता ने माता के दरबार में मत्था टेक लिया आशीर्वाद

संवाददाता। चंदवा

झारखंड सरकार के श्रम एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता रांची से चतरा जाने के क्रम में चंदवा पहुंचे. इस दौरान उन्होंने थाना टोली दुबे गोला के दुर्गा दरबार में मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली की कमना की. सत्यानंद भोगता के चंदवा पहुंचने राजद कार्यकर्ताओं ने मंत्री का भव्य रूप से स्वागत किया. जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने सत्यानंद भोगता को फूलों का माला पहनाया. इस दौरान मंत्री ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक है. कार्यकर्ता हर बूथ पर पहुंच होने का अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे. इसके बाद वे चतरा के लिए निकल पड़े. मौके पर जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, युवा मोर्चा सचिव सूरज यादव, अब्दुल रशीद, अतीत श्रीवास्तव ,हारून,जमील, तपवन यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



## झामुमो ने टुडू की पुण्यतिथि मनाई

संवाददाता। पीरटांड़ (गिरिडीह)

पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय में संचालित शहीद सिदो-कान्हू मध्य विधालय के प्रागंण में बुधवार को मरांग बुरू संस्थान व सिदो-कान्हू विधालय के संस्थापक व झामुमो के युवा नेता शहीद अजय टुडू की 15वीं पुण्यतिथि पूरे सम्मान के साथ मनाई गई. प्रातःकाल शहीद अजय टुडू का बना स्मारक स्थल का साफ-सफाई कर स्मारक स्थल में फूल से सजाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू पहुंचे और शहीद स्थल पर जाकर मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके संघर्ष को याद करते हुए सभी संथाल भाइयों को एकजुट रहने का आह्वान किया. मौके पर उपस्थित लोगों ने भी स्मारक स्थल में पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन व्रत धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया. कार्यक्रम मे ताज हसन, गोपाल विश्वकर्मा, सीवन मरांडी, हीरा महतो, महावीर मुर्मू सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.



#### खास बातें

- स्मारक स्थल को साफ सफाई कर फूलो से सजाया
- संघर्ष को याद कर एकजुट होने का आह्ववान किया

## ग्रामसभा ने करलाजुड़ी में भी नशाखोरी पर प्रतिबंध लगाया

- पकड़े जाने पर पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा

संवाददाता। चाईबासा

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पूरित बहुल गांव करलाजुड़ी के सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी पर अब ग्रामसभा ने प्रतिबंध लगा दिया है. साथ ही चेतावनी भी दी है कि इस प्रतिबंध का उल्लंघन होने पर दोषी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया जायेगा. साथ ही ग्रामसभा भी सख्त कार्रवाई करेगी. करलाजुड़ी के ग्राम मुंडा गोविंद पूर्ति ने बताया कि यह प्रतिबंध सार्वजनिक जगहों पर लागू रहेगा. गांव के आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, स्कूल प्रांगण, सामुदायिक भवन, पुल-पुलिया आदि जगहों पर गांजे की नशाखोरी, जुआ, ताश-पत्ती, अड्डेबाजी समेत अन्य प्रकार की नशाखोरी पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा. यह कदम गांव तथा इसके आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये उठाया गया है. मालूम हो कि इसके अलावा शहर से सटे गांव मतकमहातु, गुटूसाई, कमरहातु, बरकुंडिया, तांबो, लुपुंगुटू, सालीहातु (एयरपोर्ट) आदि जगहों पर भी वहां की ग्रामसभा ने नशाखोरी पर प्रतिबंध लगा रखा है. हालांकि इसके बावजूद नशाखोरी की खबरें सामने आ ही रही हैं.

### रांची भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा 28 को संकल्प सभा में भाग लेने रांची आएंगे

# जेपी नड्डा भाजपा की संकल्प सभा को करेंगे संबोधित

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 28 अक्टूबर को झारखंड आएंगे. वे यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा के समापन सभा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. पार्टी के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे. संकल्प यात्रा का समापन 28 अक्टूबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में छह विधानसभा क्षेत्र की रैली सह संयुक्त सभा के साथ होगी. इस कार्यक्रम में रांची जिले के अंतर्गत पड़ने वाले छह विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, खिजरी, मांडर और तमाड़ के नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे. संकल्प सभा दिन के 11 बजे से शुरू होगी. जेपी नड्डा इस सभा में कार्यकर्ताओं में मिशन 2024 को लेकर जोश भरेंगे. भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दों पर राज्य सरकार को घेरेंगे और जनता से भाजपा का साथ देने की अपील करेंगे.





**17 अगस्त से शुरू हुई थी यात्रा :** बाबूलाल मरांडी 17 अगस्त से संकल्प यात्रा पर निकले थे. संथाल परगना के भोगनाडीह से संकल्प यात्रा निकली थी. बाबूलाल मरांडी अब तक आठ चरण की यात्रा पूरी कर चुके हैं. संथाल से शुरू हुई उनकी संकल्प यात्रा 57 दिन में 73 विधानसभा क्षेत्रों में सभा के साथ संपन्न हो चुकी है. नौवें और आखिरी चरण की यात्रा 27 अक्टूबर से शुरू होगी. बाबूलाल मरांडी 27 अक्टूबर को ईचागढ़ और उसके बाद सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में सभा करेंगे. इसके बाद 28 अक्टूबर को रांची में सभा करेंगे. इसके साथ ही 73 दिन की यात्रा के साथ बाबूलाल मरांडी की 81 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प यात्रा समाप्त हो जायेगी.

#### खास बातें

- यात्रा के समापन सभा के मुख्य अतिथि होंगे नड्डा
- कार्यकर्ताओं में चुनाव के लिए भरेंगे जोश
- संकल्प सभा 28 को सुबह 11 बजे शुरु होगी

## पंचायत स्वयं सेवकों का धरना जारी

संवाददाता। रांची

पांच सूत्री मांगों को लेकर पंचायत स्वयं सेवकों का राजभवन के समक्ष 111वें दिन भी धरना जारी रहा. बुधवार को पंचायत स्वयं सेवक के अध्यक्ष चंद्रद्रीप कुमार ने बताया कि 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. परंतु सरकार द्वारा अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की गयी है. इंडिया गठबंधन द्वारा राजभवन के पास जब भी कार्यक्रम हुआ,उसमें आए नेताओं ने हम लोगों की मांगों का सिर्फ समर्थन किया. संघ द्वारा सत्ता पक्ष के कई विधायकों एवं मंत्रियों को अपनी मांगों से अवगत कराया जा चुका है. इनमें विधायक अंबा प्रसाद, अनूप सिंह, दीपिका पांडे, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, लोबिन हेंब्रम, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, केएन त्रिपाठी , सुखदेव भगत, ममता देवी, मंत्री आलमगीर आलम, मिथिलेश ठाकुर, सत्यानंद भोक्ता, बादल पत्रलेख , कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, जेएमएम महासचिव विनोद पांडे, जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य शामिल हैं.



#### जेटेट पास सहायक अध्यापकों का भी धरना जारी

इधर, जटेटे पास सहायक अध्यापकों का भी राजभवन के समक्ष 65वें दिन धरना जारी रहा. धरना पर बैठे शमीम अख्तर ने बताया कि वेतनमान को लेकर राजभवन के समक्ष दुर्गापूजा में भी प्रदर्शन पर थे. जबतक सरकार हमारी मांग को पूरा नहीं करती, आमरण अनशन जारी रहेगा. अब व्यापक आंदोलन का लक्ष्य रखा जाएगा. पूरे राज्य में 14042 टेट पास सहायक अध्यापक हैं. हम राज्यकर्मी का दर्जा मांग रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### बार काउंसिल सदस्यों को दिया जाए एक्सटेंशन

**रांची।** झारखंड राज्य बार काउंसिल के वर्तमान पदधारियों का कार्यकाल डेढ़ वर्ष (18 महीने) के लिए बढ़ाने का आग्रह किया गया है. 28 जुलाई को ही वर्तमान पदधारियों का कार्यकाल पूरा हो गया है. अवधि विस्तार के लिए झारखंड बार काउंसिल ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को पत्र लिखा था. इसमें कहा गया था कि चुनाव समय पर कराने के लिए प्रक्रिया शुरू की गयी थी, लेकिन वोटर लिस्ट तैयार करने और सत्यापित करने का कार्य फिलहाल रोक दिया गया है. ऐसे में डेढ़ वर्ष का अवधि विस्तार दिया जाना चाहिए. बार काउंसिल ऑफ इंडिया इसकी मंजूरी देता है या नहीं, यह देखना काफी महत्वपूर्ण है.

### पोलियो दिवस के अवसर पर बनाई मानव श्रृंखला

**रांची।** पोलियो दिवस के अवसर पर मंगलवार को रांची फिरायालाल के सामने रोटरी रांची ने हाथों में प्ले कार्ड लेकर मानव श्रृंखला बनाई. इसके अलावा जागरुकता के लिए नुक्कड़ नाटक भी किया. इस दौरान अध्यक्ष विनय ढानढनिया ने कहा की पिछले दस वर्षो से भारत में पोलियो का एक भी केस सामने नहीं आया है, लेकिन पोलियो ड्राप पिलाने में शिथिलता आ गई है. जबकि अब भी अफगानिस्तान व पाकिस्तान में पोलियो के वायरस बचे हैं. हमें अब भी पोलियो की खुराक अपने बच्चों को देनी ही होगी. हमें पूरे जोश के साथ लगना होगा, ताकि हमारी कामयाबी कायम रहे.

### प्रशासन की देखरेख में किया गया विसर्जन

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर इलाके में दुर्गापूजा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई. इक्का-दुक्का को छोड़ ज्यादातर पंडालों की दुर्गा प्रतिमाओं का दशहरा के दिन मंगलवार को विसर्जन कर दिया गया. जबकि बाकी का बुधवार की शाम किया गया. विसर्जन से पहले पंडालों में महिलाओं ने सिंदूर की होली खेलकर मां दुर्गा को विदायी दी. गोविंदपुर में ऊपर बाजार, वाणी मंदिर, विलेज रोड, गांव भीतर, जैप तीन, हिंद नगर, कुम्हारडीह, हरिलाजोड़ी रंगडीह, कौआबांध, आपणो घर, गोसईंडीह, साबलपुर, रतनपुर, किस्टोपुर, बागसुमा, देवली, पाथुरिया, माचामहुल, आसना मोड़, झिलुवा, मोरंगा काशीटांड़ मोरंगा, बरवा पूर्व ठाकुरबाड़ी में भव्य पंडाल बनाकर कर देवी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई.

परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लगाया इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप

# प्रसव के बाद महिला की मौत, विरोध में रोड जाम

**संवाददाता। गुमला**

सिसई प्रखंड मुख्यालय स्थित रेफरल अस्पताल में डिलिवरी के बाद महिला सबीना परवीन की मौत हो गई. आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ अस्पताल के सामने गुमला-रांची मुख्य सड़क जाम कर उग्र प्रदर्शन किया. इस बीच भीड़ में शामिल असामाजिक तत्वों ने अस्पताल के अंदर घुसकर कई उपकरणों को तोड़ दिया.

महिला के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर समय पर ऑक्सीजन मुहैया नहीं कराने और इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया. सूचना मिलते ही सिसई थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी, बसिया पुलिस इंस्पेक्टर एसएन मंडल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे.

सिसई प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, अंचलाधिकारी समेत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ललिता मिंज भी पहुंची. परिजनों को समझाने-बुझाने के बाद मुख्य सड़क से जाम हटवाया गया.



**खास बातें**

- ग्रामीणों ने मुख्य सड़क जाम कर किया उग्र प्रदर्शन
- अस्पताल के अंदर घुसकर कई उपकरणों को तोड़ा

### ब्लीडिंग नहीं रुकने से मरीज की मौत

बताया जाता है कि सिसई बस्ती निवासी सबीना परवीन को डिलिवरी के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती किया गया था. नॉर्मल डिलिवरी में सबीना ने पुत्र को जन्म दिया. इसी क्रम में सबीना को ब्लीडिंग होने लगा. डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर होते देख उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया. उसे ममता वाहन से गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सबीना परवीन को मृत घोषित कर दिया. इससे नाराज परिजनों ने उग्र प्रदर्शन किया.

## आओ जानें

### झारखंड : सामान्य ज्ञान

1. सूरजकुंड झारखंड राज्य के किस जिले में स्थित है ?
   - हजारीबाग
2. झारखंड के किस जिले से होकर कर्क रेखा गुजरती है ?
   - हजारीबाग
3. झारखंड राज्य में आदिवासी महासभा का गठन किस वर्ष हुआ था ?
   - 1938
4. राज्य के छोटा नागपुर शहर में उन्नति समाज की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?
   - 1913
5. झारखंड का प्रथम बिजलीघर कहां स्थापित किया गया था?
   - तिलैया
6. झारखंड के किस जिले से कुषाण सम्राट कनिष्क के सिक्के प्राप्त हुए हैं ?
   - रांची
7. तिलैया जल विद्युत परियोजना किस नदी पर स्थापित है ?
   - बराकर नदी
8. झारखंड राज्य में कितने प्रकार की मिट्टी पाई जाती है?
   - 6
9. झारखंड का सर्वाधिक वनाच्छादित वाला जिला कौन सा है ?
   - चतरा
10. झारखंड के किस जिले से बाह्मणी नदी निकलती है ?
   - पलामू

'आप शराब पीने के लिए स्वतंत्र हैं, मगर जनहित का रखें ख्याल'

# मयखाना में तब्दील हो गया 98 लाख का पार्क

**संवाददाता। चाकुलिया**

जब पैसा और शरीर आपका है तो शराब खूब पियें. आपको भला कौन रोक सकता है. आप शराब पीने के लिए स्वतंत्र हैं. मगर जनहित में इतना ख्याल रहे कि महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम से बने पार्क में शराब ना पियें और खाली बोतलों को पार्क के मुख्य द्वार के पास ना फेकें. इससे स्वतंत्रता सेनानियों की मर्यादा तार-तार होती है और आम जनता को परेशानी होती है.

हम बात कर रहे हैं चाकुलिया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10 में 98 लाख की लागत से बने नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क की. वीआईपी शराबियों ने पार्क को मयखाना बना डाला है. पार्क के मुख्य द्वार से सटी टिकट खिड़की के पास ही कीमती विदेशी शराब की खाली बोतलें और डब्बे तथा मिनरल वाटर की बोतलें इस बात की गवाह हैं.

**रात को होती है जबरदस्त शराब पार्टी :** नवमी और दशमी की रात पार्क के पास जबरदस्त शराब पार्टी हुई. पार्क के मुख्य गेट के पास निर्मित सीमेंटेड बेंच पर बैठकर कई लोगों ने मुर्गे का चखना खाकर कीमती विदेशी शराब पी और खाली बोतलों को बेंच के पास ही फेंक कर चलते बनें. शराब की खाली बोतलें जस की तस बिखरी पड़ी हैं.



**खास बातें**

- वीआईपी शराबियों ने पार्क को मयखाना बना डाला है
- 98 लाख की लागत से बना है नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क

### सैकड़ों लोग करते हैं मॉर्निंग और इवनिंग वॉक

मालूम हो कि इस पार्क में शाम को अनेक पुरुष, महिलाएं और बच्चे घूमने आते हैं. पार्क से सटी सड़क पर सुबह और शाम सैकड़ों लोग मॉर्निंग और इवनिंग वॉक करने आते हैं. पार्क के मुख्य गेट के पास यह नजारा देख सभी हैरान और परेशान हैं. नगर पंचायत प्रशासन भी इस पर रोक लगाने की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहा है. पार्क के बाहर लगाए गए डस्टबिन में भी शराब की खाली बोतलें दिखाई पड़ती हैं. ना सिर्फ पार्क के मुख्य गेट के पास बने बेंचों पर वरन पार्क के अंदर भी कुछ लोग शराब पीते हैं.

### पब्लिक सब जानती है

मिनरल वाटर के साथ इतनी महंगी विदेशी शराब कोई गरीब तबके का आदमी तो पीता नहीं कि यह आरोप गरीबों पर मढ़ा जा सके. लिहाजा आम लोग मानते हैं कि वीआईपी किस्म के लोग ही मिनरल वाटर के साथ इतनी महंगी विदेशी शराब पीते होंगे. भले ही कोई अपनी जुबां से ऐसे शराबियों का नाम ना ले. मगर पब्लिक सब जानती तथा ऐसे लोगों को पहचानती भी है.

सोशल मीडिया पर एक घंटे चलेगा विशेष अभियान : के रवि कुमार

# मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है

**विशेष संवाददाता। रांची**

27 अक्टूबर को ''मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है'' का एक घंटे का अनूठा प्रोग्राम चलाया जाएगा. फेसबुक, ट्विटर आदि पर एक घंटे का विशेष हैश टैग अभियान चलाया जाएगा. यह जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में दी. उन्होंने कहा कि पूरी निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. उनके कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए 27 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से 12 बजे के बीच 1 घंटे तक सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान #ProudOfMyBLO चलाया जाएगा. ऐसे में राज्य के अधिकारियों, कर्मचारियों, मतदाताओं, युवाओं, छात्र-छात्राओं से अपील की जा रही है कि वे अपने बूथ पर मौजूद अपने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ सेल्फी लेकर सुबह 11 से 12 बजे के बीच अपने-अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपरोक्त हैशटैग के साथ पोस्ट करें.

**खास बातें**

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाताओं से की अपील
- मतदान केंद्र पर जाकर अपने बीएलओ के साथ ले सेल्फी

### बीएलओ का मान-सम्मान बढ़ाएं मतदाता

उन्होंने कहा कि उक्त अभियान न केवल मतदाता जागरूकता के लिए सहयोगी साबित होगा, बल्कि यह पूरे निष्ठा से कार्य कर रहे सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के मनोबल को बढ़ाने वाला भी होगा. उन्होंने सभी जिलों में सक्रिय सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर युवाओं से भी अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपने स्तर से भी यथासंभव स्वैच्छिक सहयोग प्रदान करें.

## अनुमंडल बार एसोसिएशन ने किया एसडीएम का अभिनंदन

**संवाददाता। चांडिल**

चांडिल अनुमंडल बार एसोसिएशन ने बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो से मिलकर उनका अभिनंदन किया और एक-दूसरे के साथ परिचय किया. बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू के नेतृत्व में अधिवक्ता, मोहरी व अन्य कर्मियों ने एसडीएम के साथ परिचय मिलन समारोह आयोजित किया. एसोसिएशन ने सबसे पहले अनुमंडल पदाधिकारी को गुलदस्ता एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया.

### जिला एसोसिएशन के अध्यक्ष हुए शामिल

परिचय मिलन समारोह सरायकेला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात कुमार महतो भी शामिल हुए. एसडीएम से परिचय करने गए एसोसिएशन के सदस्यों में अध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू के अलावा लाइब्रेरियन मृत्युंजय महतो, अजय कुमार गोप, असीम गोप, अशोक कुमार झा, असित कुमार चक्रवती, देवाशीष कुंडू, विश्वनाथ कालिंदी, सतीश चंद्र, संताराम हेम्ब्रम, मुंडा, शिवेश्वर महतो, बुधूभूषण महतो आदि शामिल थे.

### साइकिल से गिरकर युवक गंभीर, एमजीएम रेफर

**डुमरिया।** डुमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ाबोतला के पास मुख्य सड़क पर एक साइकिल सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक की पहचान करनसाई निवासी शरद मुंडा के रूप में हुई. घटना की सूचना मिलने के बाद डुमरिया पुलिस ने घटनास्थल जाकर घायल युवक को ओटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए पंहुचाया. आसपास के ग्रामीण 108 को फोन करते रहे लेकिन एंबुलेंस नहीं आया. युवक के सिर में गंभीर चोट आई है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद उसे एमजीएम रेफर कर दिया गया.

## झारखंड:ट्रस्ट के रजिस्ट्रेशन में कुछ शब्दों का इस्तेमाल नहीं होगा

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

झारखंड में ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन (निबंधन) कराने के लिए नयी गाइडलाइन जारी की गई है. राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है. इसके मुताबिक किसी भी ट्रस्ट में उन नामों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा, जिससे यह प्रतीत हो कि वह संस्था सरकारी या अर्ध सरकारी है. इसके साथ ही जिस ट्रस्ट में ब्यूरो, कमीशन, मिनिस्ट्री, सेंटर, अखिल भारत और नेशनल जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा, उन्हें ट्रस्ट के रजिस्ट्रेशन से पहले केंद्र सरकार से क्लियरेंस लेना होगा. वहीं विभाग ने एम्ब्लेमस एन्ड नेम्स प्रिवेंशन ऑफ इम्प्रॉपर यूज (प्रतीक एवं नाम का अनुचित इस्तेमाल की रोकथाम) के लिए बने एक्ट का पालन करने का निर्देश भी निबंधकों को दिया है, ताकि राष्ट्रीय प्रतीक और देश के महापुरुषों के नाम का इस्तेमाल कर ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन न हो.

### ...ताकि लोग किसी तरह के भ्रम में न रहें

दरअसल ऐसा देखा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय ध्वज, मिनिस्ट्री, नेशनल और ऑल इंडिया जैसे नाम का इस्तेमाल कर कई संस्था बनाई गई और उसका रजिस्ट्रेशन भी कराया गया. ट्रस्ट या किसी अन्य संस्थान के निबंधन में लोग ऐसे नाम का इस्तेमाल करते हैं, जिससे यह प्रतीत होता है कि वह संस्था केंद्र या राज्य सरकार की संस्था है. इससे लोगों के बीच भ्रम की स्थिति रहती है. लोगों में किसी तरह की भ्रम की स्थिति न रहे, इसलिए झारखंड सरकार ने यह गाइडलाइन जारी की. राज्य सरकार की इस गाइडलाइन की प्रति राज्य के सभी जिला निबंधकों और अवर जिला निबंधकों को दे दी गई है.

## सफेद मिट्टी का हो रहा अवैध उत्खनन, मंडरा रहा है खतरा

**संवाददाता। जामताड़ा**

नारायणपुर थाना क्षेत्र के दीघारी पंचायत के पेटारी गांव में सफेद मिट्टी का उत्खनन जोरो पर है.पेटारी के पहाड़ी के पास वर्ष में तीन चार महीने सफेद मिट्टी का खनन कार्य बड़े पैमाने पर चलता है. यहां करीब दर्जनभर गांव के लोग व महिलाएं मिट्टी लेने पहुंचती है.

सफेद मिट्टी से कच्चे घर की रंगाई-पुताई की जाती है. मिट्टी के खुदाई से सुरंग का रूप ले लिया है, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है. खासकर मुस्लिम समुदाय के महिलाएं ही अधिक मिट्टी की खुदाई करती हैं. बताते चलें कि 3 वर्ष पूर्व 5 अक्टूबर 2020 को मंझलाडीह के पहाड़ी में सफेद मिट्टी के खुदाई के कारण चाल धंसने से तीन महिला की मौत घटनास्थल पर हो गई थी. इसके बाद मौके पर तत्कालीन उपायुक्त फेज अक अहमद मुमताज पहुंच कर मृतकों का सब पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भिजवाया था और जेसीबी मशीन से खुदाई कर सबको बाहर निकल गया था. जिसके बाद से ही प्रखंड के सभी सुरंग को बंद करने के आदेश दिए थे. लेकिन, पेटारी गांव में फिर से सफेद मिट्टी की खुदाई आरंभ कर दी है, जिससे काफी गहरी सुरंग बन गए हैं. यहां कभी भी बड़ी घटना घट सकती है.



**खास बातें**

- दर्जनभर गांव के लोग व महिलाएं मिट्टी लेने पहुंचती है
- सफेद मिट्टी से कच्चे घर की रंगाई-पुताई की जाती है

### क्या कहते है पदाधिकारी

पेटारी गांव में हो रहे सफेद मिट्टी के उत्खनन की जानकारी मुझे नहीं थी .जानकारी मिली है. तत्काल कर्मचारियों को मौके पर पहुंचकर सुरंग को बंद किया जाएगा. ताकि कोई घटना घटित ना हो.

**नारायणपुर सीओ सफी आलम**

## पूजा में पुलिस ने चलाया स्पेशल ड्राइव, वसूला 2.62 लाख जुर्माना

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जिला पुलिस ने दुर्गापूजा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे थे. इस दौरान पुलिस ने रैश ड्राइविंग, मॉडिफाइड साइलेंसर, ड्रंक एंड ड्राइव और प्रेशर हॉर्न वालों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव चलाया गया. इस अभियान के तहत पुलिस ने कुल 143 वाहनों को पकड़ा जिससे कुल 2,62,500 रुपए जुर्माना वसूला गया है. जानकारी देते हुए जमशेदपुर पुलिस के मीडिया सेल प्रभारी सह डीएसपी सीसीआर अनिमेष गुप्ता ने बताया कि इस स्पेशल ड्राइव में कुल 143 वाहनों को पकड़ा गया था जिसमें 40 वाहनों को रैश ड्राइविंग करते, 60 को मॉडिफाइड साइलेंसर के लिए, एक को प्रेशर हॉर्न लगाने और पांच बाइक चालकों को ड्रंक एंड ड्राइव करते पकड़ा गया था. ड्रंक एंड ड्राइव मामले में चार को कोर्ट भेज दिया गया है.

### मॉडिफाइड साइलेंसर वालों से 1,97,500 जुर्माना वसूला

अनिमेष गुप्ता ने बताया कि इस दौरान सबसे ज्यादा जुर्माना मॉडिफाइड साइलेंसर वालों से वसूला गया है. कुल 60 मॉडिफाइड साइलेंसर लगे बाइक को पकड़ा गया था, जिनसे 1,97,500 रुपए वसूले गए. इसके अलावा रैश ड्राइविंग करने वाले 40 वाहनों से 51 हजार, प्रेशर हॉर्न लगे वाहनों से दो हजार और ड्रंक एंड ड्राइव वालों से 12 हजार रूपए वसूले गए. इसके अलावा कुल 37 बाइक को यातायात थानों में जब्त किया गया है.

**सावधान !** ठगी का कारोबार सिर्फ मोबाइल फोन से ही नहीं बल्कि बिना मोबाइल के भी हो रहा है

# महिला ठग सक्रिय, भोले-भाले लोगों को बना रहीं निशाना

**संवाददाता। धनबाद**

जिले में ठगी का कारोबार भी खूब फल फूल रहा है. यह कारोबार सिर्फ मोबाईल फोन से ही नहीं बल्कि बिना मोबाईल के भी हो रहा है. साधारण सी दिखने वाली महिलाएं भी आमलोगों को विश्वास में लेकर जेब खाली करने का काम कर रही है.

ताजा मामला हीरापुर हटिया बाजार का है, जहां सूरज नामक युवक आलू प्याज की दुकान लगाता है. मंगलवार को अपने बच्चों के साथ दो महिलाएं पहुंचती हैं. अपनी दर्दभरी कहानी सुनती है. हाथ में महंगा मोबाइल फोन को युवक को सस्ते दाम में खरीद लेने का ऑफर करती है. युवक उनकी बातों में आकर 6 हजार रुपया देकर मोबाइल खरीद लेता है. पैसे लेकर महिला अचानक वहां से गायब हो जाती हैं. उनके जाने के बाद युवक को एहसास होता है कि वह मोबाइल किसी काम का नहीं है. उसने छह हजार रुपया देकर खिलौना खरीद लिया है. इसका कोई उपयोग नहीं है.

**खास बातें**

- महिला के झांसे में आया हीरापुर का युवक
- छह हजार कीमत अदा कर खरीदना पड़ा बेकार फोन



### मेहनत की कमाई गंवाई

युवक ने बताया कि महिलाओं ने अपना आधार कार्ड दिखाया था, जिस पर मध्य प्रदेश के बुरहानपुर का पता है. ठग महिला का का नाम सीमा बाई ओर पति का नाम दिलीप अंकित है. उनकी बातों में आकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा दिया. उसने बताया ऐसी ही महिलाएं कुछ दिन पूर्व मेरे एक पड़ोसी को भी ठग चुकी हैं. ज्ञात हो कि शहर में चोरी का सामाना तथा दर्द भरी कहानी सुनाकर लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है. ऐसे ठग पुलिस की पहुंच से दूर है.

## विधायक ने किया हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**

गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद ने मंगलवार को बेंगाबाद के खंडोली मोड़ एवं बेंगाबाद चौक पर लगाए गए हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन फीता काट कर किया. बताया गया कि विधायक के अनुशंसा पर खंडोली मोड़, बेंगाबाद मुख्य बाजार एवं डाकबंगला चौक पर रौशनी के उत्तम प्रबंध के लिए हाई मास्ट लाइट लगवाया गया है. उद्घाटन कार्यक्रम के बाद विधायक ने बेंगाबाद के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया. इस क्रम में बेंगाबाद दुर्गा मंडप, खुरचूट्टा दुर्गा मंडप, झलकडीहा सहित अन्य पूजा पंडाल पहुंच कर पूजा समिति के सदस्यों से मुलाक़ात की.

मौके पर विधायक ने सभी को दुर्गा पूजा की बधाइयां दी और सौहाद्रपूर्ण माहौल में पूजा मनाने की अपील की.



इस दौरान मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नुनुराम किस्कू, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विजय सिंह, मो फखरुद्दीन, एनामुल हक़, प्रवीण राम, अनिरुद्ध राम समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे.

**खास बातें**

- विधायक ने सभी लोगों को त्योहारों की बधाइयां दीं
- रात में भी डाकबंगला चौक जगमगाए,इसलिए लगा लाइट

## ब्रीफ खबरें

### इसीएल कर्मी के निधन पर मनाया शोक

**निरसा।** इसीएल मुगमा क्षेत्र के श्यामपुर बी कोलियरी में कार्यरत सुजीत बाउरी की मौत मंगलवार को ईलाज के दौरान हो गयी. सुजीत कुछ दिन से बीमार चल रहे थे और अचानक उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था. मृतक कोल माइंस वर्कर्स यूनियन से जुड़े हुए थे. यूनियन ने बुधवार को उनके याद में शोक सभा का आयोजन किया, जिसमें दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गयी. वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड सुजीत के चले जाने से यूनियन को अपूर्णीय क्षति हुई है. इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ यूनियन उनके परिवार के साथ खड़ा रहेगा.

### बार एसोसिएशन ने किया एसडीएम का अभिनंदन

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल बार एसोसिएशन ने बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो से मिलकर उनका अभिनंदन किया और एक-दूसरे के साथ परिचय किया. बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू के नेतृत्व में अधिवक्ता, मोहरी व अन्य कर्मियों ने एसडीएम के साथ परिचय मिलन समारोह आयोजित किया. एसोसिएशन ने सबसे पहले अनुमंडल पदाधिकारी को गुलदस्ता एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया.

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी आग

**साहिबगंज।** जिले के बरहरवा बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ऊपरी मंजिल में बुधवार को आग लगने से लाखों का सामान और साल 2007 के बाद के पुराने व जरूरी कागजात एनएचएम संबंधित एवं वित्तीय संबंधित सभी कागजात जलकर राख हो गए. बता दें कि दुर्गा पूजा की छुट्टी होने के कारण रिकॉर्ड रूम रविवार से बंद था. कमरे में बड़ाबैट्री, इनवर्टर ,बड़ा जेरॉक्स मशीन, प्रिंटर प्रोजेक्ट के अलावा कामकाज के रजिस्टर व हार्ड कॉपी भी रखे हुए थे. आग अस्पताल के ऊपरी मंजिल में लगी थी और नीचे मरीजों का कमरा था. अगर आग की लपटे ज्यादा रहती तो एक बड़ी घटना घट सकती थी.

### लायंस जागृति ने किया आंगनबाड़ी में पौधरोपण

**गिरिडीह।** लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह जागृति के सदस्यों ने लायंस जिला 322ए के जिलापाल लायन कमल जैन का स्वागत करते हुए जिलापाल क्लब भ्रमण के दौरान उनके समक्ष एक जुलाई से अभी तक क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यों का लेखा-जोखा रखा एवं आने वाले महीनों में किए जाने वाले कार्यक्रमों से उन्हें अवगत कराया. लायन सदस्याओं ने मैट्रोस गली के आंगनबाड़ी केंद्र में पौधरोपण करते हुए दर्जन भर नींबू एवम् नीम के पौधे लगाकर छोटे छोटे बच्चों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने में पेड़ पौधों के महत्व को बताया एवं पौधों के देखभाल का दायित्व इनके नन्हे कंधों पर दिया.

### प्रमुख ने जल मीनार का किया उद्घाटन

**मुसाबनी।** मुसाबनी प्रखंड के तेरंगा पंचायत अंतर्गत चुपड़ी में बुधवार को प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ जल मीनार का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया. जल मीनार का निर्माण पंचायत समिति फंड से 2.49 लाख की लागत से किया गया है. इस मौके पर प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने कहा ग्रामीणों ने स्वच्छ पेयजल के लिए जल मीनार निर्माण की मांग की थी. जल मीनार के चालू होने से ग्रामीणों की पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है. ग्रामीणों ने जलमीनार निर्माण के लिए प्रमुख का आभार व्यक्त किया.

### एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**पलामू।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन मंगलवार देर शाम पुलिस जवानों के साथ बाइक पर सवार होकर सड़कों पर निकली और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. एसपी ने मूर्ति विसर्जन जुलूस को लेकर कोयल नदी में की गयी व्यवस्थाओं को देखा. साथ ही शिवाजी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम को लेकर की गयी सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया. मौके पर रीष्मा रमेशन ने कहा कि दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. बता दें कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हर जगह दंडाधिकारी के साथ पुलिस बलों की तैनाती की गई थी, ताकि शांतिपूर्ण ढंग से मूर्ति विसर्जन एवं रावण दहन कार्यक्रम संपन्न किया.

---

प्रोजेक्ट में अत्याधुनिक तकनीक का होगा इस्तेमाल, निर्माण कॉलम फ्री होगा, घरों के अंदर स्तंभ नहीं होंगे

# 2000 फ्लैट्स का 15 तल्ला टाउनशिप बसाएगा समय होम्स

**संजीव मेहता। आदित्यपुर**



आदित्यपुर के सतबहनी में जमशेदपुर का समय होम्स 2000 फ्लैट्स का 15 तल्ला टाउनशिप बसाएगा. यह जानकारी बुधवार को समय होम्स के डायरेक्टर राजेश सिंह और भारती सिंह ने दी है. प्रेसवार्ता में प्रोजेक्ट के सलाहकार एमएस सिंह मानस के साथ प्रोजेक्ट के मैनेजर गणेश चौधरी और मिथुन बैनर्जी शामिल थे.

यह प्रोजेक्ट 2022 से निर्माणाधीन है, इस टाउनशिप का कार्य अभी प्रगति पर है. उद्घाटन के मौके पर भोजपुरी फिल्म की प्रसिद्ध अभिनेत्री अक्षरा सिंह 29 अक्टूबर को यहां पहुंचेगी और उद्घाटन समारोह में कोलकाता के नामचीन कलाकारों के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी. प्रेसवार्ता में डायरेक्टर राजेश सिंह ने कहा कि उन्हें 30 वर्ष में 25 हजार घर बनाने का अनुभव प्राप्त है. इस प्रोजेक्ट में वे मुम्बई पुणे की तरह अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं. इस निर्माण में कॉलम फ्री होगा, घरों के अंदर स्तंभ नहीं होंगे. जिस स्थान पर घर बन रहा है वहां 3 साइड वन विभाग की जमीन है जिससे भविष्य में भी यह प्रोजेक्ट पॉल्यूशन फ्री होगा. यह स्थान फ्लड फ्री जोन है. प्रोजेक्ट का रेरा, पर्यावरण और फायर बिग्रेड से एनओसी प्राप्त है. यहां कुल 815 यूनिट बनेंगे, जिसमें 1 बीएचके से लेकर 4 बेडरूम तक के फ्लैट्स के साथ ईडब्ल्यूएस के लिए 7 यूनिट में 1 बीएचके के 276 फ्लैट्स भी बनेंगे.

**खास बातें**

- 30 वर्ष में 25 हजार घर बनाने का अनुभव : डायरेक्टर
- उद्घाटन समारोह में शामिल होंगी अभिनेत्री अक्षरा सिंह

**4-4 बेडरूम के बंगलो भी बनेंगे**

प्रोजेक्ट में 4-4 बेडरूम के बंगलो भी बनेंगे. पहले चरण में 183 यूनिट बनकर तैयार हो रहे हैं. इस प्रोजेक्ट की विशेषता यह है कि प्रत्येक यूनिट में 4 लिफ्ट रहेंगे जिसमें एक स्ट्रेचर लिफ्ट होगा. इस निर्माण को भूकंपरोधी तकनीक से बनाया जा रहा है, जिसके छत पर ओपन जिम, वाकिंग पाथवे रहेंगे. टाऊनशिप में गैस पाइप लाइन, 24 घंटे जलापूर्ति, जुस्को की बिजली के साथ सोलर पावर की व्यवस्था भी की जा रही है. इसके अलावा मार्केट, प्ले स्कूल, स्वीमिंग पुल, खेल के मैदान भी होंगे. यह प्रोजेक्ट टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग के साथ कांडरबेडा लिंक रोड से भी जुड़ा है.

## आओ जानें — सामान्य ज्ञान

झारखंड के किस जिले में उधवा जल पक्षी अभयारण्य अवस्थित है ? – साहेबगंज

जमशेदपुर में किस वर्ष वर्कर्स यूनियन की स्थापना हुई थी ? – 1920

झारखंड के किस जिले में सर्वाधिक नलकूप द्वारा सिंचाई की जाती है ? – लोहरदगा

झारखंड के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत हिस्सा वन से घिरा हुआ है ? – 29.95%

झारखंड में किसे पहाड़ों की रानी कहा जाता है ? – नेतरहाट

झारखंड राज्य का राजप्पा मंदिर किस देवता को समर्पित है ? – भगवान शिव

भारत का सबसे बड़ा लौह इस्पात कारखाना झारखंड के किस जिले में स्थित है ? – बोकारो

झारखंड में सोनोत संथाल समाज की स्थापना किस वर्ष हुई थी ? –1970

बौद्धकालीन भद्रकाली मंदिर झारखंड के किस जिले में स्थित है ? – चतरा

10. झारखंड का न्यूनतम साक्षरता वाला जिला कौन सा है ? – पाकुड़

---

केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने की परिजनों को एक-एक लाख देने की घोषणा

# मुआवजे पर नहीं बनी सहमती कमेटी ने एसडीओ सौंपा मांग पत्र

**संवाददाता। जमशेदपुर**

बिष्टुपुर थाना अंतर्गत बेली बोधन वाले घाट में मंगलवार को विसर्जन के दौरान हुई दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी. इधर, मृतकों को मुआवजा देने को लेकर बुधवार को किताडीह दुर्गा पूजा पंडाल में वार्ता हुई. इसमें मृतक के परिजन, जिला प्रशासन की ओर से धालभूम एसडीओ पीयूष सिन्हा, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता, उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह, किताडीह दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारी और भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन यादव उपस्थित थे. बैठक में मृतक के परिवार वालों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की गई. हालांकि, इस मामले में जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस बात नहीं की गई जिस कारण मुआवजे पर किसी तरह की बात बन नहीं पाई.

एसडीओ ने बताया कि एक नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति की जायेगी ताकि मृतकों और घायलों के परिवार वालों के साथ सामंजस्य बनाया जा सके. उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन पूरी तरह से तत्पर है और हर संभव मदद पहुंचाया जाएगा. वहीं, बैठक में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने मृतक के परिजनों को एक-एक लाख रुपये तत्काल मुआवजा देने की घोषणा की.



बैठक में मौजूद एसडीओ और पूजा समिति के पदाधिकारी.

**खास बातें**

- विसर्जन घाट पर ट्रक की चपेट में आने से घटना घटी
- विसर्जन के दौरान हुई थी दो लोगों की मौत

**जिला प्रशासन को बताया जिम्मेवार :** बैठक में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने जिला प्रशासन को इस घटना के लिए जिम्मेदार बताया. कहा कि लापरवाही के कारण यह घटना घटी है. घाट पर न तो लाईट की व्यवस्था थी और न ही वहां एम्बुलेंस और क्रेन ही मौजूद था. यह जिला प्रशासन के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को इससे सम्बंधित एक मांग पत्र सौंपा गया है और मृतक के परिजनों को 10-10 लाख मुआवजा देने की मांग की गई है. उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में यह घटना घटी. मंत्री ने घटना का जायजा भी लिया परंतु मुआवजा को लेकर मौन धारण किए हुए हैं.

**क्या है मामला**

24 अक्टूबर की देर शाम विसर्जन के दौरान बिष्टुपुर थाना अंतर्गत बेली बोधन घाट में जुगसलाई नया बाजार पूजा कमेटी की प्रतिमा लेकर आया ट्रक अनियंत्रित होकर पीछे की तरफ ढलान पर लुढ़क गया. इससे विसर्जन घाट पर मौजूद आधा दर्जन लोग ट्रक की चपेट में आ गए, इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. वहीं तीन लोग जख्मी हो गए हैं. इनमें एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है और दो फिलहाल खतरे से बाहर हैं. सभी का टीएमएच में इलाज चल रहा है. मृतकों में कीताडीह दुर्गा पूजा कमिटी के वीरेंद्र शर्मा और पश्चिमी मिदनापुर से ढाकी बजाने आई टीम का एक सदस्य शामिल हैं.

### आपदा प्रबंधन के लिए पार्षद ने दिए अपने नौ महीने का वेतन

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 16 की पार्षद रश्मि सिंह ने अपने 9 महीने की वेतन की राशि 54 हजार रूपए आपदा प्रबंधन के लिए दान में दे दिया. बता दें कि फुसरो नगर परिषद क्षेत्र की पार्षद रश्मि सिंह ने कोरोना काल में अपने वेतन को कल्याणार्थ दान दे दिया था. जिसकी लिखित सूचना उन्होंने अध्यक्ष और कार्यपालक पदाधिकारी फुसरो को दी थी. अब जबकि दुर्गा पूजा से पहले उनको 9 महीने का वेतन मिला है तो उन्होंने एक बार भी फुसरो नगर परिषद क्षेत्र को आपदा प्रबंधन के लिए दान दे दिया है. उनकी इस कार्यशीलता का सर्वत्र सराहना हो रही है. उनसे अन्य वार्ड पार्षद, अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष को प्रेरणा लेने की दरकार है.



## दुर्गा पूजा सफलतापूर्वक संपन्न पदाधिकारियों ने ली राहत की सांस

**संवाददाता। धनबाद**

जिले में छिट-फूट वारदातों को छोड़ दुर्गोत्सव मंगलवार को संपन्न हुआ. मंदिरों और पंडाल में स्थापित ज्यादातर प्रतिमाओं का विसर्जन भी देर रात तक कर दिया गया. वहीं, कई प्रतिमाओं का विसर्जन आज भी किया जाएगा. इस बार सड़क और पूजा पंडालों के आसपास प्रशासनिक व्यवस्था अच्छी रही. रावण दहन का कार्यक्रम भी शांतिपूर्ण तरीके से पूरा किया गया.

जिले के किसी भी स्थान से इस दौरान अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली. दोनों कार्यक्रम संपन्न होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस जवानों ने राहत की सांस ली है. बुधवार को सरकारी और गैर सरकारी संस्थान अपने समय से खुला, लेकिन कार्यालय की व्यवस्था काफी धीमी रही.

**खास बातें**

- रावण दहन कार्यक्रम भी शांतिपूर्ण तरीके से हुआ पूरा
- डीसी के सफल प्रयास की जिले में दिनभर हुई चर्चा

**डीसी के कार्यों की हुई सराहनाः** जिले में शांतिपूर्ण पूजा संपन्न कराने को लेकर डीसी वरुण रंजन के चर्चे भी खूब हुए. लोगों ने उनके काम की सराहना की. ज्ञात हो कि पूजा के दौरान डीसी काफी सक्रिय रहे. पूजा पंडालों का औचक निरीक्षण करने के साथ साथ कंट्रोल रूम में भी डटे रहे. रावण दहन तथा मूर्ति विसर्जन को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे.

## डीजे सेट जब्त करने पर मचा बवाल

**संवाददाता। घाटशिला**

प्रतिमा विसर्जन के बाद मंगलवार की देर रात पुलिस द्वारा डीजे जब्त किए जाने पर कमेटी के लोगों ने जमकर बवाल काटा. रात लगभग 2 बजे के बाद किसी तरह मामला सुलझाया गया. प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बताया जा रहा है कि अचानक विसर्जन कर लौट रही कमेटियों का डीजे मऊभंडार ओपी प्रभारी द्वारा जब्त करने का प्रयास किया गया. इससे नाराज कमेटी वालों ने मऊभंडार चौक की सड़क पर बैठ गए. काफी हो हंगामा के बाद घाटशिला थाना प्रभारी विमल किंडो तथा पुलिस फोर्स पहुंची.

मऊभंडार से वाहन पर लदा डीजे घाटशिला थाना लेकर आ रही थी कि अस्वस्थ कुंज दुर्गा मंडप के समीप महिलाओं ने पुलिस को रोक लिया. पूजा कमेटियों का कहना था कि विसर्जन से पहले ही पुलिस को यह कार्रवाई करनी चाहिए थी. विसर्जन के बाद इस तरह से करने का कोई मतलब नहीं होता. जबकि पुलिस वाले का कहना है कि पर वरीय पदाधिकारी का निर्देश मिलने के बाद इस तरह की कार्रवाई की गई. इस संबंध में पुलिस पदाधिकारी से पूछे जाने पर बताया कि अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है आगे निर्देश मिलने पर देखा जाएगा.



कमिटि के लोगों को समझाते पुलिस पदाधिकारी.

---

## थर्ड लाइन जोड़ने के लिए 14 दिन का लाइन ब्लॉक शुरू

**संवाददाता। जमशेदपुर**

टाटानगर की सलगाजुड़ी केबिन से घाटशिला तक थर्ड लाइन को जोड़ने का काम बुधवार को शुरू हो गया. थर्ड लाइन परियोजना को पूर्ण करने के लिए 25 अक्टूबर से लेकर 7 नवंबर तक घाटशिला, गालुडीह, राखामाइंस, आसनबोनी और सालगाझोरी स्टेशनों पर प्री-नॉन इंटरलॉकिंग और इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा. इसे लेकर हावड़ा-टाटानगर मार्ग के हजारों यात्रियों को आवागमन में दिक्कत होगी, क्योंकि 14 दिवसीय लाइन ब्लॉक से 36 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा.

बता दें की रेल जीएम और सीआरएस निरीक्षण के बाद लाइन ब्लॉक का प्रस्ताव बोर्ड में भेजा गया था, जिसे मंजूर कर 25 अक्टूबर से काम शुरू करने का आदेश हुआ था. ब्लॉक को लेकर रेल अधिकारियों को विभिन्न स्टेशनों पर ड्यूटी में लगाया गया है ताकि निर्धारित समय पर थर्ड लाइन को जोड़ने का काम पूरा किया जा सके. इस ब्लॉक के कारण इस्पात, जनशताब्दी एक्सप्रेस समेत 18 ट्रेनों का परिचालन रद्द हो गया है, जबकि राजधानी, नीलांचल व हमसफर एक्सप्रेस समेत 12 ट्रेनों को बदले मार्ग से ही चलाने का आदेश हुआ है.

**खास बातें**

- हजारों यात्रियों को आवागमन में होगी परेशानी
- रेल अधिकारियों को स्टेशनों पर ड्यूटी में लगाया गया

### समझौता के आधार पर खत्म कर सकते है बैंक ऋण, लगेगा शिविर

**चांडिल।** बकाया ऋण समझौता के आधार पर एकमुश्त चुकता करने के लिए बैंक ऑफ इंडिया घोड़ालिंग शाखा शिविर का आयोजन कर रही है. शिविर का आयोजन शाखा परिसर में गुरुवार को सुबह दस से शाम चार बजे तक किया जाएगा. इसकी जानकारी देते हुए बैंक के शाखा प्रबंधक नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर के माध्यम से लाभुकों के पुराना से पुराना बकाया ऋण की वसूली की जाएगी. इसके साथ ही लाभुक समझौता के आधार पर पुराना बकाया ऋण का एकमुश्त चुकता भी कर सकते हैं. उन्होंने लाभुकों से ऋण चुकता करने के लिए बैंक द्वारा लगाए जाने वाले शिविर का लाभ उठाने की अपील की है. उन्होंने बताया कि वैसे ऋणधारक जो ऋण का भुगतान पूरी नहीं कर सकते हैं, वे समझौता के आधार पर ऋण का एकमुश्त भुगतान कर ऋण से मुक्ति पा सकते हैं.

निरसा पुलिस की कार्यशैली पर राजद ने उठाया प्रश्न चिन्ह

## पुलिस की कार्यशैली से नाराज ग्रामीण

**संवाददाता। निरसा**

निरसा पुलिस ने चापापुर में हुई केबल लूट एवं बमबाजी की घटना में एक और सफलता प्राप्त कर जहां अपना पीठ थपथपा रही है. वहीं, राजद के वरीय नेता तारापदो धीवर ने इसे एक सिरे से नकारते हुए सभी 50 आरोपी को पकड़ने तथा उनको सजा दिलाने की बात कही.

धीवर ने कहा कि आज भी हमलोगों के जेहन से 14 अक्टूबर की वह भयानक रात नहीं हट रही है, जब केबल लुटेरों ने बमबाजी कर मेरे परम मित्र के पुत्र की जान ले ली थी. इसमें निरसा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन अपराधियों को पकड़ने में सफल हुई परंतु सवाल अब भी बना हुआ है कि 50 की संख्या में आये अपराधियों में से मात्र तीन अपराधी को पकड़ने में सफलता मिलना इसको उद्भेदन नही कहा जा सकता. जब तक पुलिस उन सारे अपराधियों को पकड़ नही लेती, हमलोग इसे उद्भेदन नही मानते.



**पत्रकारों को सीआईएसएफ द्वारा रोका गया :** धीवर ने सीआईएसएफ पर सवाल उठाते हुए कहा कि इधर, केबल पाए जाने पर जब संवाददाता खबर संकलन करने गए तो उन्हें सीआईएसएफ द्वारा रोका गया आखिर क्यों ? ईसीएल मुगमा एरिया की सीआईएसएफ टीम एक पत्रकार को खबर संकलन करने से रोकने का प्रयास क्यों किया यह गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है. हालांकि इस पूरे मामले को लेकर चापापुर के ग्रामीण आज भी सीआईएसएफ, ईसीएल की सुरक्षा टीम एवं पुलिस प्रशासन की कार्यशैली से नाखुश है.

**खास बातें**

- घटना में संलिप्त सभी अपराधियों को पकड़ने की मांग
- चापापुर स्थित जंगल के तालाब से बरामद किया गया केबल

### डीडीसी ने वनाधिकार अधिनियम के अनुपालन की समीक्षा की

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप ने वनाधिकार अधिनियम-2006 के तहत वनाधिकार समिति के गठन अथवा पुनर्गठन की ऑनलाइन समीक्षा की. बैठक में ग्राम वन अधिकार समिति, जिला स्तरीय वन अधिकार समिति और प्रखंड, अनुमंडल व जिला स्तरीय एफआरसी के गठन अथवा पुनर्गठन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई. डीडीसी ने कहा कि ऐसे प्रखंड व अंचल, जहां ग्राम स्तर पर वन अधिकार समिति का गठन अब तक नहीं किया गया हो या समिति निष्क्रिय स्थिति में हो, वंहा ग्राम सभा का आयोजन कर पुनः समिति गठित किया जायेगा. उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर लोगों को सामुदायिक वन पट्टा और प्रावधान का अनुपालन सुनिश्चित कर योग्य लाभुकों को वनपट्टा दिया जायेगा.

---

**उपलब्धि** हमारे प्रयासों के लिए वर्ल्ड स्टील द्वारा मान्यता मिलने पर खुशी हो रही है : राजीव

# टाटा स्टील को मिली सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की मान्यता

**धर्मेंद्र कुमार। जमशेदपुर**

टाटा स्टील के हाल ही में लागू प्रक्रिया सुरक्षा प्रबंधन के तहत जोखिम को वास्तविक समय में पहचानने को वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए उत्कृष्ट कंपनी की मान्यता 2023 की दी गई है.

उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा स्टील उद्योग में सबसे नवीन और प्रभावशाली सुरक्षा प्रथाओं की पहचान करने के लिए दुनिया भर में अपनी सदस्य स्टील कंपनियों के बीच सालाना सुरक्षा और स्वास्थ्य उत्कृष्टता मान्यता कार्यक्रम आयोजित किया जाता है. इस अवसर पर टाटा स्टील उपाध्यक्ष राजीव मंगल ने कहा कि एक उद्योग के नेता के रूप में टाटा स्टील अपने कर्मचारियों और जोखिमों के प्रति संवेदनशील है. कर्मचारियों और परिसंपत्तियों दोनों की सुरक्षा के बारे में सक्रिय होने की आवश्यकता को पहचानता है. उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सुरक्षा प्रबंधन में हम सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपकरणों के समय पर रखरखाव को प्रेरित करने के लिए डिजिटल तकनीक का प्रयोग कर रहे है, जिससे महत्वपूर्ण उपकरणों की रखरखाव में काफी सुधार हुआ है और दुर्घटनाओं में काफी कमी आई है. सुरक्षा नीति के तहत सेफ्टी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस द्वारा त्रिस्तरीय क्षमता विकास प्रणाली कर्मचारियों की सुरक्षा क्षमता को बढ़ाने के लिए भी विकसित की गई है, जिसे हम सभी स्थानों पर विस्तारित करने की उम्मीद करते हैं. यह हमारे कर्मचारियों की क्षमताओं को और मजबूत करेगा, जिन्होंने पिछले एक दशक में हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक विश्व स्तरीय डिजिटल ढांचा बनाया है. हमें इस्पात निर्माण के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में हमारे प्रयासों के लिए वर्ल्डस्टील द्वारा मान्यता मिलने पर खुशी हो रही है.




**उत्कृष्ट कंपनी**

- महत्वपूर्ण उपकरणों की रखरखाव में हुआ काफी सुधार
- टाटा स्टील अपने कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील है : राजीव

**क्या है टाटा स्टील का सेफ्टी मैनेजमेंट?**

टाटा स्टील का सेफ्टी मैनेजमेंट उन घटनाओं को खत्म करने पर ध्यान केंद्रित करता है, जिनके परिणामस्वरूप कई चोटें/मृत्यु होने की संभावना होती है. कंपनी ने सुरक्षा को अच्छी तरह से परिभाषित ढांचे के माध्यम से सुरक्षा जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए एक अग्रणी दृष्टिकोण अपनाया है और कई पहल कर रही है. वर्ल्डस्टील ने जोखिम आंदोलन के वास्तविक समय के दृश्य के लिए टाटा स्टील के अभिनव दृष्टिकोण को मान्यता दी है जिसका उद्देश्य जोखिम के स्तर पर वास्तविक समय की अंतर्दृष्टि और अलर्ट प्रदान करना है. यह पहल शून्य हानि के लक्ष्य के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है.

## उपायुक्त ने तालाबों और जलाशयों का किया निरीक्षण



**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने बुधवार को चास एवं बोकारो स्टील सिटी क्षेत्र के विभिन्न तालाबों व जलाशयों का निरीक्षण किया. इस दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित थे. इस दौरान उपायुक्त ने क्रमवार सेक्टर नौ स्थित कुलिंग पांड, सेक्टर-4 एफ स्थित सूर्य मंदिर तालाब, सोलागीडहीड, गरगा नदी आदि का निरीक्षण किया. उन्होंने मां दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं के मूर्ति विसर्जन को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी ली.

उन्होंने सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार एवं चास बीडीओ मिथिलेश कुमार से बुधवार से लेकर आगामी दिनों में होने वाले मूर्ति विसर्जनों की जानकारी ली.

# असुरक्षित होती जा रही राजधानी रांची, 30 दिन में 11 बड़ी घटनाएं

- पुलिस की मुस्तैदी फेल, अपराधी के खिलाफ कर पाती

सौरभ सिंह। रांची

आज हर कोई यह जानना चाहता है, कि रांची शहर को हो क्या गया है. कहने को पुलिस मुस्तैद है, इसके बाद भी भीड़ में अपराधी गोलीबारी, छिनतई, लूट, चोरी, दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम देकर निकल जा रहे हैं. पुलिस कुछ नहीं कर पाती. ऐसी घटनाएं लगभग हर रोज हो रही हैं. राजधानी रांची की बात की जाए तो यहां हर महीने 12 हत्या, 19 दुष्कर्म और 213 चोरी की घटनाएं हो रही है. पिछले एक महीने की बात की जाए, तो राजधानी रांची में हत्या, दुष्कर्म, लूट,चोरी की 11 बड़ी घटनाएं हो चुकी है.

**ग्रामीण क्षेत्रों में उग्रवादी संगठन हो रहे सक्रिय :** रांची के ग्रामीण इलाकों की बात करें, तो यहां उग्रवादी संगठन टीपीसी और पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन एक बार फिर से सक्रिय हो रहे हैं. रांची के रातू, बुढ़मू, खलारी, पिठौरिया, कांके, ठाकुर गांव, ओरमांझी, चान्हो, मैक्लुस्कीगंज, नगड़ी और मांडर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में टीपीसी संगठन सक्रिय हुआ है. इन इलाकों में काम करने वाले कारोबारी इस संगठन के निशाने पर हैं.

## राजधानी में बढ़ा अपराध, पुलिस-प्रशासन पर उठ रहे सवाल

**24 अक्टूबर 2023 :** कड़ी सुरक्षा के बीच अपराधियों ने कोतवाली थाना क्षेत्र के किशोरगंज चौक दिनेश सिंह उर्फ बिक्की नाम के युवक को गोली मार दी थी. इस मामले में किसी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

**20 अक्टूबर 2023 :** रांची के कांके में कृषि वैज्ञानिक के घर का ताला तोड़ कर 20 लाख के संपत्ति की चोरी.

**19 अक्टूबर 2023 :** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा की सुरक्षा को धत्ता बताते हुए अपराधियों ने इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव में तीन युवकों दीपक सिंह, भोमा सिंह और नरेश नाम के युवकों को गोली मारी थी. इस मामले में किसी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हुई हैं.

**18 अक्टूबर 2023 :** सदर थाना क्षेत्र के बूटी मोड़ स्थित रांची नर्सिंग होम के पास अपराधियों ने महिला से ढाई लाख रुपया लूट कर फरार हो गए. इस मामले में किसी की अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हुई हैं.

**06 अक्टूबर 2023 :** राजधानी के धुर्वा थाना क्षेत्र की रहने वाली छठी कक्षा की नाबालिग छात्रा के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था.

**05 अक्टूबर 2023 :** अरगोड़ा और लोअर बाजार थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग महिलाओं से चेन की छिनतई हुई थी. इस घटना को लेकर थाने में केस दर्ज किया था.

**05 अक्टूबर 2023 :** रांची में धुर्वा डैम घूमने गई नाबालिग लड़की से गैंगरेप की घटना की अंजाम दिया था. पुलिस ने सभी आरोपी को गिरफ्तार किया था.

**01 अक्टूबर 2023 :** रांची के लापुंग थाना क्षेत्र के हुलसू गांव में अपराधियों ने एके -47 से फायरिंग कर बालू कारोबारी राजेश साहू की हत्या कर दी थी, जबकि इस घटना सहयोगी संदीप घायल हो गए थे. इस मामले में किसी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

**28 सितंबर 2023 :** रांची के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के उर्गुटू की घटना में अज्ञात अपराधियों ने वहां के पूर्व मुखिया पर हमला किया. हत्या के इरादे से किये हमले में अपराधियों को कामयाबी नहीं मिली.मिस फायर होनें से पूर्व मुखिया की जान बाल-बाल बची. मौके से पुलिस को एक जिंदा गोली मिली थी.

**27 सितंबर 2023 :** रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र के एलएन मिश्रा कॉलोनी के अपराधियों ने मनीष कुमार नाम के युवक को गोली मार दी थी.

**14 सितंबर 2023 :** कांके इलाके में अपराधियों ने जमीन कारोबारी अवधेश कुमार पर फायरिंग की थी.

### आओ जानें

**झारखंड में पिछले साढ़े चार साल में साइबर अपराध 5350 के मामले आए सामने**

| जिला | मामला | | |
|---|---|---|---|
| धनबाद | 406 | सरायकेला | 154 |
| गिरिडीह | 224 | सिमडेगा | 44 |
| हजारीबाग | 348 | देवघर | 405 |
| जमशेदपुर | 384 | गोड्डा | 115 |
| पलामू | 170 | गुमला | 92 |
| रांची | 1432 | लोहरदगा | 45 |
| साहिबगंज | 91 | चतरा | 105 |
| दुमका | 120 | गढ़वा | 80 |
| चाईबासा | 90 | कोडरमा | 72 |
| बोकारो | 150 | खूंटी | 48 |
| लातेहार | 161 | रामगढ़ | 177 |
| जामताड़ा | 345 | पाकुड़ | 83 |
| | | कुल : | 5350 |

## ब्रीफ खबरें

### भरनो में कुएं से महिला का शव हुआ बरामद

**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के खरवागढ़ा के पास बुधवार को कुएं से एक महिला का शव बरामद हुआ है. महिला की पहचान निवासी स्व.महाबल तुरी की पत्नी मुनि देवी के रूप में हुई है. आशंका जतायी जा रही है कि महिला की हत्या कर शव कुएं में फेंक दिया गया. बताया जाता है कि जदू महली नाम की महिला ने बुधवार सुबह कुएं में एक महिला शव उपला देखा. इसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी.

### स्कॉर्पियो-बाइक में टक्कर, एक गंभीर

**कोडरमा ।** सदर थाना क्षेत्र स्थित सलईडीह पेट्रोल पंप के पास स्कॉर्पियो और बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी. इस हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल की पहचान डोमचांच निवासी सुनील मेहता (38 वर्षीय) के रूप में हुई है. मिली जानकारी के अनुसार, सुनील मेहता बाइक से कोडरमा से अपने घर जा रहे थे. इसी क्रम में सलईडीह पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो से बाइक की सीधी टक्कर हो गयी.

### महिला से चेन छिनतई का प्रयास

**धनबाद ।** धनबाद शहर के हीरापुर स्थित हरि मंदिर में विजयादशमी के दिन सिंदूर खेला के दौरान भीड़ में एक महिला ने एक बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन छीनने की कोशिश की. भुक्तभोगी महिला ने शोर मचाते हुए चेन छिनतई कर रही महिला को पकड़ लिया. लेकिन आरोपी महिला भीड़ का फायदा उठाते हुए झटका देकर भाग निकली. कुछ महिलाओं ने उसे पकड़ने की कोशिश की, तब तक वह आंखों से ओझल हो चुकी थी.

### शराब की दुकान से शराब व नकदी चोरी

**जमशेदपुर ।** बागबेड़ा थाना अंतर्गत काली मंदिर के पास स्थित एक सरकारी शराब दुकान का वेंटिलेटर तोड़ कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है. घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब शराब की दुकान पर काम करने वाले सेल्समैन दुकान खोलने के लिए बुधवार की सुबह पहुंचे और दुकान का वेंटिलेटर टूटा देखा. तुरंत ही इसकी सूचना आबकारी विभाग को दी गई. मिली जानकारी के अनुसार चोर गल्ले में रखे 25 हजार नकद और तीन पेटी शराब अपने साथ ले गए

### जमीन विवाद में महिला की हत्या, 3 अन्य घायल

**गढ़वा ।** जिले के रंका थाना स्थित चुतरू पंचायत के बरदरी गांव में मंगलवार की देर जमीन विवाद को लेकर मालती देवी की हत्या कर दी गयी. वहीं जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में तीन लोगों के घायल होने की खबर है. घायलों में मनोज बैठा, विकास बैठा और विकास बैठा की पत्नी शामिल है. तीनों को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सक इश्तियाक ने प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर कर दिया.

### बाइक ने साइकिल सवार को ठोका, तीन घायल

**चाकुलिया ।** चाकुलिया थाना क्षेत्र स्थित चाकुलिया-धालभूमगढ़ मुख्य सड़क पर गोविंदपुर स्थित मुख्य कैनाल के पास चाकुलिया से आ रहे बाइक सवार ने साइकिल सवार को पीछे से टक्कर मार दिया. इससे साइकिल सवार और बाइक सवार घायल हो गये. घटना मंगलवार रात्रि की है. भातकुंडा निवासी साइकिल सवार श्रीकांत नायक ने बताया कि वे रंजीत नायक के साथ साइकिल से चाकुलिया के कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी की गौशाला से काम कर घर लौट रहे थे.

सड़क पर शराब पी रहे थे कई युवक, बाइक को पंपू तालाब में फेंका

# बाइक सवार ने हटने को कहा तो पीट-पीट कर मार डाला



संवाददाता । धनबाद

धनबाद थाना क्षेत्र की डीएस कॉलोनी पंपू तालाब के पास महाअष्टमी की रात लगभग नौ बजे भिस्तीपाड़ा के आठ-दस युवक अपनी बाइक खड़ी कर बीच सड़क पर शराब पी रहे थे. इसके चलते वहां जाम लग गया था. उधर से गुजर रहा एक बाइक सवार युवक बरमसिया निवासी मुन्ना शर्मा (20 वर्ष) जाम में फंस गया. उसने शराब पी रहे युवकों को रास्ते से हटने को कहा, तो वे लोग गाली-गलौज करने लगे. विरोध करने पर मुन्ना और बाइक पर पीछे बैठा उसके साथी सूरज यादव के साथ युवकों ने मारपीट शुरू कर दी. किसी तरह सूरज वहां से जान बचाकर भाग निकला और बरमसिया पहुंच कर मुन्ना के घरवालों व उसके दोस्तों को जानकारी दी.

इधर, शराब पी रहे युवकों ने डंडे व लात-घूंसों से से मुन्ना की इतनी पिटाई कर दी कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना के बाद युवकों ने मुन्ना के शव व उसकी बाइक को तालाब में फेंक दिया और भाग निकले. इस दौरान वहां खड़ी भीड़ मूकदर्शक बनी रही. इस दौरान वहां पुलिस कहीं नजर नहीं आई.

**पिता ने 8 लोगों के खिलाफ दर्ज कराया मामला :** घटना की खबर पाकर पहले मुन्ना के घरवाले और उसके कई दोस्त तालाब के पास पहुंचे और मुन्ना का नाम लेकर जोर-जोर से आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. कुछ देर बाद उनकी नजर तालाब में फेंके मुन्ना के शव व बाइक पर पड़ी. इसी बीच सूचना पाकर धनबाद थाना पुलिस भी पहुंची. मुन्ना के जीवित होने की आस में घरवाले पुलिस की मदद से उसे तलाब से निकालकर एसएनएमएमसीएच ले गए. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. धनसार थाना क्षेत्र के बरमसिया शक्तिनगर निवासी मुन्नरा के पिता योगेंद्र शर्मा ने धनबाद थाना में भिस्तीपाड़ा के रहनेवाले राहुल यादव, रोहित यादव, चुन्नी यादव समेत अन्य आठ-दस युवकों पर मारपीट कर उसके बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मुन्ना के साथी बाइक पर पीदे बैठे सूरज से पूछताछ की.

इधर, घटना का विरोध करते हुए रात ही बरमसिया के कई लोगों ने थाना का घेराव कर दिया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. पुलिस टीम ने छापामारी कर चार युवकों को गिरफ्तार किया है.

## बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**चांडिल।** चांडिल-कांड्रा सड़क पर कटिया के सामने मंगलवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई. मृतक की पहचान चांडिल थाना क्षेत्र के बामुनडीह निवासी 44 वर्षीय देवव्रत लाहा के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि वह अपनी पत्नी, बेटी और भांजी के साथ विजयादशमी की शुभकामना देने निकट स्थित अपने भाई के घर गया था. वहां से लौटने के दौरान मोटरसाइकिल सवार ने उसे जोरदार धक्का मार दिया. बाइक के धक्के से देवव्रत सड़क पर ही गिर गया. इसके बाद तत्काल इलाज के लिए उसे चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के



बाद उसे मृत घोषित कर दिया. उसके माथे और पैर पर गंभीर चोट लगी थी. जानकारी के अनुसार दुर्घटना में उसकी भांजी को भी हल्की चोट लगी है.

**धक्का मारने वाला गंभीर :** विजयादशमी की शुभकामना देने कर वापस लौट रहे देवव्रत लाहा को धक्का मारने वाले बाइक चालक की स्थिति भी गंभीर है. बाइक चालक चांडिल थाना क्षेत्र के दालग्राम निवासी तिलोचन कुंभकार हैं, जो अपने अन्य साथियों के साथ रावण दहन देखने कांड्रा गया था. वापसी के दौरान हुई दुर्घटना में उसे भी गंभीर चोट लगी है. दुर्घटना के बाद बाइक चालक को इलाज के लिए चांडिल अस्पताल पहुंचाया गया था. जहां से बेहतर इलाज के लिए टीएमएच जमशेदपुर रेफर कर दिया गया.

परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है

# सड़क हादसे में चौकीदार के बेटे की मौत

संवाददाता । बेंगाबाद (गिरिडीह)

बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बिशनपुर के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी. घटना सोमवार देर शाम की बतायी जा रही है. राजकुमार सिंह उर्फ रंजीत सिंह चपुआडीह पंचायत के लालीगढ़ा का रहने वाला था. राजकुमार सिंह के पिता चांदो सिंह बेंगाबाद थाना में चौकीदार के रूप में कार्यरत हैं. बताया जाता है कि राजकुमार सिंह बाइक से बेंगाबाद बाजार से घर लौट रहा था. इसी दौरान चपुआडीह बाजार से पहले बिशनपुर के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोक दिया. जिससे बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया. स्थानीय लोगों और बेंगाबाद पुलिस के सहयोग से उसे इलाज के लिए बेंगाबाद सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया.



**शव गांव पहुंचते ही पसरा मातम :** इधर, राजकुमार सिंह का शव मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा. इसके बाद परिजनों के चीख पुकार से पूरा माहौल गमगीन हो उठा. सूचना पाकर मुखिया मो शमीम मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया. उन्होंने परिजनों को सरकारी स्तर पर लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया. बताया जाता है कि मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं.

### डैम से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**जमशेदपुर ।** एमजीएम थाना अंतर्गत बड़ाबांकी डैम से मंगलवार को पुलिस ने एक शव बरामद किया था. हालांकि उक्त शव की पहचान बुधवार को बिरसानगर जोन नंबर 6 निवासी 26 वर्षीय जुलियस बिरूली के रूप में हुई. जुलियस रविवार से ही लापता था. परिजनों को इसकी जानकारी बुधवार को तब हुई जब जुलियस के साथियों ने जुलियस का मोबाइल और अन्य सामान उसके परिजनों को सौंपा. परिजनों ने जुलियस के साथियों पर हत्या कर शव को डैम में फेंकने की आशंका जताई है. जुलियस के शरीर पर चोट के भी निशान पाए गए है. इधर, जानकारी मिलते ही पुलिस ने उसके तीन साथियों को हिरासत में भी लिया है. मिली जानकारी के अनुसार जुलियस रविवार को ही अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था.

## चाकू गोदकर युवक की निर्मम हत्या, इलाके में पसरा मातम

संवाददाता । बेंगाबाद (गिरिडीह)

बेंगाबाद थाना क्षेत्र के तेलोनारी पंचायत स्थित बेलडीह गांव में चाकू से गोदकर एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गयी. युवक की पहचान उपेंद्र गोस्वामी के रूप में हुई है. घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुटी गयी. इस संबंध में एसडीपीओ अनिल सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है. आरोपियों की पहचान कर ली गयी है. जल्द सभी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा.



**उपेंद्र गोस्वामी पर चाकू से वार किया :** बताया जाता है कि मंगलवार रात उपेंद्र गोस्वामी अपने घर के सामने बैठा हुआ था. तभी कुछ युवक वहां पहुंचे और चाकू से उस पर हमला कर दिया. घटना को अंजाम देने के बाद सभी वहां से फरार हो गये. खून से लथपथ उपेंद्र गोस्वामी को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी, परिजनों ने गांव के ही पांच युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है.

### पूजा पंडाल में गोली चलने से युवक जख्मी रिम्स रेफर किया गया

**मेदिनीनगर ।** चैनपुर थाना क्षेत्र के पतरिया खुर्द पूजा पंडाल में मंगलवार की रात गोली चलने से गांगी गांव निवासी 18 वर्षीय शीतल कुमार चौधरी जख्मी हो गया है. गंभीर स्थिति में उसे एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया. युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया है. हालांकि अब वह खतरे से बाहर है. जख्मी युवक के फर्द बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. युवक ने बताया कि पतरिया खुर्द गांव में श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ में महायज्ञ के मौके पर प्रतिदिन दिन में रामायण और रात्रि में प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था. अंतिम दिन भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. रात 9:30 बजे भक्ति जागरण की तैयारी चल ही रहा थी इसी क्रम में पीछे कुर्सी पर बैठे युवक चैनपुर थाना क्षेत्र के पतरिया कला गांव निवासी वीरेंद्र कुमार चौधरी ने फायरिंग की, जो उसके पैर में लगी.

## अपराधी बिट्टू पांडे समेत 3 को पुलिस ने सड़क पर घुमाया

संवाददाता ।रांची

पंडरा ओपी क्षेत्र के एलएन मिश्रा कॉलोनी के पास बीते 28 सितंबर को वर्चस्व और दहशत फैलाने के उद्देश्य से मनीष कुमार को गोली मारी गई थी. कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस घटना के मुख्य आरोपी बिट्टू पांडे, अतुल चंद्र और विवेक को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, सात जिंदा गोली और मोबाइल फोन बरामद किया है.

पुलिस ने बुधवार को तीनों आरोपियों को मेन रोड में सड़क पर पैदल घुमाया. इससे पहले पुलिस 30 सितंबर को इस घटना में शामिल छह आरोपियों की गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है. इनमें आकाश कुमार सोनी, कुमार अनुराग, मनीष कुमार झा, विपिन कुमार सिंह, वरुण देव और आशीष आनंद शामिल थे.

**खास बातें**

- दहशत फैलाने के लिए मनीष को मारी थी गोली
- अपराधियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद

**तीनों अपराधी पंडरा ओपी क्षेत्र के रहने वाले :** पुलिस ने गिरफ्तार अपराधी बिट्टू पांडे, अतुल चंद्र और विवेक को बुधवार को मेन रोड में पैदल घुमाया. आरोप है कि बिट्टू पांडे उर्फ सुजीत उपाध्याय ने अपना वर्चस्व और क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए मनीष नाम के युवक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था. जिसके बाद से वह फरार चल रहा था. पुलिस बिट्टू को पकड़ने को लगातार छापेमारी कर रही थी. गिरफ्तार हुए तीनों अपराधी पंडरा ओपी क्षेत्र के रहने वाले हैं.

### सड़क हादसे में बाइक सवार की हुई मौत

**सिमडेगा ।** सिमडेगा-रांची मुख्य सड़क के कोलेबिरा थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गयी. जबकि बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतक की पहचान कोलेबिरा निवासी भोला बड़ाइक के पुत्र योगेश बड़ाइक (गोलू) के रूप में हुई है.

### सांप का खेल दिखाने वाला युवक गिरफ्तार

**धनबाद ।** बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के डायमंड क्रॉसिंग के पास वन विभाग की टीम ने प्रतिबंधित नेवला और सांप का खेल दिखानेवाले युवक को गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गए युवक गोविंदपुर निवासी सलामत शाह के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया. वन अधिकारियों ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सलामत शाह नेवला व सांप को डिब्बे में बंद कर बैंकमोड़ समेत कई इलाकों में खेल दिखाता है. यह गैरकानूनी है.

## एनआईए कर रही चार बड़े नक्सलियों से कड़ी पूछताछ

संवाददाता। रांची

भाकपा माओवादी संगठन को पुनर्जीवित करने के मामले में एनआईए चार बड़े नक्सलियों से पूछताछ कर रही है. इनमें भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा, अनिल यादव, प्रमोद यादव और रोहित राय शामिल हैं. एनआईए जांच से संकेत मिले हैं कि कई फ्रंटल संगठनों और छात्र विंगों को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से कैडरों को प्रेरित करने, भर्ती करने और माओवादी की विचारधारा का प्रचार करने का काम सौंपा गया था.

वे इस एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आतंक और हिंसा की साजिश रच रहे थे. जांच से यह भी पता चला है कि प्रमोद मिश्रा भाकपा माओवादी संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों में माओवादी के कैडरों और समर्थकों, ओवर ग्राउंड वर्कर्स का नेतृत्व कर रहे थे.

**झारखंड-बिहार बॉर्डर पर माओवादियों को कर रहा था मजबूत :** प्रमोद मिश्रा मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के कासमा गांव का रहने वाला है. उसका लंबे समय तक सारंडा में कार्यक्षेत्र रहा है. गिरफ्तारी से पहले वह झारखंड-बिहार सीमा पर छकरबंधा में माओवादियों को मजबूत करने में जुटा था. प्रमोद मिश्रा को नक्सली संगठन में वर्ष 2004 में केंद्रीय समिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया था. वर्ष 2007 में पोलित ब्यूरो सदस्य बनाया गया था. वह 11 मई, 2008 को धनबाद जिला के विनोद नगर से गिरफ्तार हुआ था. उसे न्यायालय ने सबूत के अभाव में वर्ष 2017 में रिहा कर दिया था. इसके बाद से ही वह क्षेत्र में फिर सक्रिय हो गया था. उस पर पुलिस पर हमले व कई नरसंहार का मास्टरमाइंड माना जाता है.

### घायल युवक की विधायक ने की मदद, भूषण बाड़ा ने अस्पताल में कराया भर्ती

**सिमडेगा ।** क्षेत्र भ्रमण पर केरसई निकले विधायक भूषण बाड़ा ने सड़क किनारे घायल अवस्था मे पड़े एक युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया. विधायक ने बताया कि वे क्षेत्र भ्रमण पर केरसई निकले थे. तभी देखा कि केरसई थाना क्षेत्र के बाघडेगा मीचुटली में सड़क किनारे एक युवक घायल अवस्था मे पड़ा हुआ है. उन्होंने अपने चालक से तुरंत गाड़ी रूकवाई. घायल अवस्था मे पड़े युवक की पहचान रोशन किस्पोट्टा के रूप में हुई है. विधायक ने घायल रोशन को सदर अस्पताल में भर्ती कराया. साथ ही चिकित्सको को घायल युवक का बेहतर इलाज कराने का निर्देश दिया. घायल युवक को अस्पताल भिजवाने में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने भी योगदान दिया. मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप बालमुचू, जिप सदस्य जोसिमा खाखा,प्र खंड अध्यक्ष तुलसी खलखो, पूर्व मुखिया फ्रांसिस खलखो, कल्लू मिया, तैरश एक्का आदि उपस्थित थे.

**हादसा** सांसद प्रतिनिधि छक्कन महतो पीड़ित परिवार के पास पहुंचे, दी सांत्वना

# गिरिडीह में अलग-अलग सड़क हादसे में चार की मौत

संवाददाता । गिरिडीह

जिले में गुरुवार को हादसों का दिन रहा. यहां अलग-अलग सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई. वहीं पांच से अधिक लोग घायल हो गए. पहली घटना डुमरी थाना क्षेत्र की है. यहां शव ले जा रहे एंबुलेंस की ट्रक से टक्कर हो गई. घटना में दो लोगों की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार सभी लोग धनबाद से बिहार के गया जा रहे थे. मृतकों की पहचान मो. नदीम और मो. शमीम के रूप में की गई है. दूसरी घटना गांडेय थाना क्षेत्र की है. यहां दंपती अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए. दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. इलाज के लिए धनबाद भेजा गया लेकिन रास्ते में महिला की



मौत हो गई. वहीं पुरुष की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है. उसका इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है.

तीसरी घटना डुमरी के बरहमसिया से जुड़ी हुई है. यहां के मनोज कुमार नामक अप्रवासी मजदूर की गुजरात में सड़क हादसे में मौत हो गई. जानकारी पाकर अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि छक्कन महतो आजसू डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी पीड़ित परिवार के घर पहुंच शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी. दिवंगत मनोज कमार (मिस्त्री) को एक ठेकेदार गुजरात में ले जाकर अपने अधीन फेब्रिकेशन लाइन में फीटर हेल्पर के पद पर काम करवा रहा था.

## बच्चों के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, 12 से अधिक हुए घायल

संवाददाता । बेंगाबाद (गिरिडीह)

बेंगाबाद थाना क्षेत्र के फिटकोरिया पंचायत स्थित धोबन्नी गांव में सोमवार की रात बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद के बाद दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया. दोनों पक्ष लाठी-डंडा, रड टांगी तलवार आदि लेकर एक दूसरे पर टूट पड़े और जमकर मारपीट हुई. घटना में दोनों पक्षों से महिलाओं समेत दर्जनाधिक लोग घायल हुए हैं. घायलों का इलाज स्थानीय स्तर पर कराया गया. जबकि गंभीर रूप से घायल मितन दास को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है. वहीं दूसरे पक्ष से गंभीर रूप से घायल बाबूलाल दास को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है. घटना को लेकर दोनों पक्षों ने बेंगाबाद थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई में जुटी हुई है. मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पक्ष के अशोक दास को गिरफ्तार किया है. दरअसल, सोमवार की रात गांव में बच्चे किसी बात को लेकर उलझ गए थे.

## मेघाहातुबुरु खदान से रोलर चोरी मामले में हुआ केस दर्ज

संवाददाता । किरीबुरु

सेल की मेघाहातुबुरु खदान से चोरी गई सैकड़ों रोलर चोरी किये जाने के मामले में सीआईएसएफ ने किरीबुरु थाना में मामला दर्ज कराया है. रोलर लदे दो कैम्फर वाहनों को भी जब्त कर लिया गया था. किरीबुरु पुलिस को रोलर लदे दोनों वाहनों को सौंपा दिया गया है. एफआईआर के अनुसार एक वाहन पर 147 पीस और दूसरे वाहन पर 142 पीस चोरी का रोलर लदा हुआ था. सीआईएसएफ ने घटनास्थल स्थल से एक ड्राइविंग लाइसेंस व एक मोबाइल फोन भी बरामद किया था, जिसे अपनी शिकायत पत्र में उल्लेख करते हुये पुलिस को सौंपा है.



सूत्रों के अनुसार सेल की मेघाहातुबुरु प्रबंधन ने एचएससीएल नामक कंपनी को पूर्व में अपने खदान क्षेत्र के 204 नम्बर कन्वेयर लाइन बनाने का ठेका दिया था. इस दौरान उक्त रोलर को सेल प्रबंधन के प्रोजेक्ट विभाग ने सैकड़ों रोलर एचएससीएल को कन्वेयर लाइन में लगाने हेतु उपलब्ध कराया था. एचएससीएल की मेघाहातुबुरु खदान के 204 कन्वेयर लाइन साईट से सैकड़ों रोलर की चोरी हो गई थी. इसकी पूर्व में शिकायत एचएससीएल द्वारा किरीबुरु थाना में दर्ज कराने की बात कही जा रही है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय अनुकूल है. कोई बड़ा कार्य होगा. नौकरी में पदोन्नति होगी. बेरोजगारी दूर होकर प्रसन्नता बनी रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. बाहरी सहयोग से कार्य होगा. नए कार्य की शुरुआत हो सकती है. यात्रा लाभदायक रहेगी.

**वृषभ** किमूमतूम सरकारी संस्थान से लाभ का योग है. पिता के स्वास्थ पर ध्यान दे. किसी संत से शुभ ज्ञान प्राप्त होगा. पुराने भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी. आत्मविश्वास बढ़ता है. व्यवसाय ठीक है. चिंता और तनाव रहेगा.

**मिथुन** ससुराल से लाभ संभव है. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. अप्रत्याशित लाभ होगा बेरोजगारी दूर होगी. कार्य और समय को ले कर सक्रिय रहना होगा. परिवार की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी.

**कर्क** बिना वजह विवाद हो सकता है. इससे बचना होगा.अप्रत्याशित खर्च सामने आयेंगे. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. कार्य में बाधा होगी. धन और कीर्ति की हानि हो सकती है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें.

**सिंह** जीवनसाथी के साथ कोई यात्रा का योग बन सकता है. काम में मन लगेगा. वरिष्ठजनों का सहयोग प्राप्त होगा. कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी. यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेगी. फालतू बातों पर ध्यान न दें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी.

**कन्या** मान-सम्मान में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर होगी. नेत्र व मस्तिष्क दर्द हो सकता है. व्यावसायिक कठिनाई दूर होगी. चिंता कम रहेगी. प्रसन्नता बनी रहेगी. कार्य में लगन बढ़ेगी. गणेश जी पर दुब हल्दी अर्पण करें.

**तुला** विवाद को तूल न दें. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपनों से सहयोग नहीं मिलेगा. चिंता रहेगी. विस्तार कार्यों में देरी हो सकती है. हिम्मत रखें. नकारात्मकता बढ़ेगी. आपके कार्य और प्रभाव से व्यवसाय ठीक है.

**वृश्चिक** किसी से विवाद और उससे मानहानि की आशंका है. कोर्ट के कार्यों में सफलता हासिल होगी. परिवार में आनंदोत्सव हो सकता है. कुछ दिक्कतों के साथ लाभ में वृद्धि होगी. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. निवेश शुभ रहेगा.

**धनु** उन्नति के प्रयास कोमल रहेंगे. रोजगार में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. भूमि और भवन संबंधी बाधा दूर होगी. यात्रा, निवेश और नौकरी मनोनुकूल लाभ होगा. विरोधी अनुकूल रहते हैं.

**मकर** मित्र व संबंधियों से लाभ होगा. कोर्ट कचहरी के काम निबटाएंगे. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा से लाभ होगा. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. थकान रहेगी.

**कुंभ** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा अनुकाल रहेगी. बेचैनी रहेगी. अपनों से संबंध बिगड़ सकते हैं. वाणी पर नियंत्रण रखें. कोई नया कार्य होगा जिसका लाभ होगा.

**मीन** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरी में काम का दबाव अधिक हो सकता है. आय में वृद्धि होगी. परहित के काम करने का मौका मिल सकता है. मंदिर में अन्न का दान करें.

## ओसीसी क्लब एंड पूजा कमेटी की प्रतियोगिता आयोजित की गई

**रांची।** ओसीसी क्लब एंड पूजा कमेटी के तत्वावधान में बांग्ला स्कूल लेन ओल्ड कमीशनर्स कंपाउंड में मंगलवार को प्रतियोगिता आयोजित की गई. क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं लॉटरी इंचार्ज आलोक कुमार की अध्यक्षता में वहां आये श्रद्धालुओं ने लॉटरी ड्रॉ निकाला. बताया गया कि जिन श्रद्धालु की लॉटरी निकली है, वे 15 दिनों के अंदर लॉटरी टिकट साथ आयें और अपना उपहार ले जाएं.

**विजयी प्रतिभागी :** प्रथम पुरस्कार डी 18019, द्वितीय डी 19067, तृतीय ए 19159, चतुर्थ पुरस्कार पैशन साइकिल 1 डी 17003, 2 सी 18312, 3 डी 10439, 4 ए 16570, 5 बी 18025, कंसोलेशन प्राइज 20 -3 पीसीएस (कोटलो) 1 ए 12047, 2 ए 11105, 3 बी 13605, कंसोलेशन पुरस्कार 3 पीसेज (मिक्सर ग्राइंडर) 1 सी 15541, 2 सी 15034, 3 बी 17602, कंसोलेशन पुरस्कार 3 पीस (पंखा) 1 सी 1 4928, 2 डी 14066, 3 सी 14331 हैं.

## नवरात्र के समाप्त होते ही लक्ष्मी पूजा उत्सव की तैयारी शुरू हुई

**बहरागोड़ा :** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के नवरात्र के समाप्त हुआ और लक्ष्मी पूजा की तैयारी शुरू हो गई है. बाजार क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं. वहीं पश्चिम बंगाल से आए हुए कलाकार सुंदर प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में दिन-रात एक किए हुए हैं. लक्ष्मी उत्सव को यादगार बनाने को लेकर अपने-अपने स्तर से तैयारी चल रही है. बहरागोड़ा प्रखण्ड के गोहालडीहि, चड़कमारा, बामडोल, मधुआबेड़ा, बेंदा, मौदा, पाथरी, मालूहा, खण्डमौदा, कुम्हारडुबी,बेनाशोली की लक्ष्मी पूजन कमिटियां पूजा के साथ-साथ कई सारे सांस्कृतिक कार्यक्रम करने की भी तैयारी शुरू कर दी है.



# विजयादशमी पर सुहागिन महिलाओं ने जमकर खेली सिंदूर की होली

## मां दुर्गा को अर्पित करने के बाद एक-दूसरे को लगाया सिंदूर, नम आंखों से दी विदाई

संवाददाता । चांडिल

शारदीय दुर्गोत्सव के अंतिम दिन विजयादशमी पर अपराजिता पूजा के बाद सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर की होली खेली. चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में विजयादशमी पर सुहागिन महिलाएं जमकर सिंदूर खेलती हैं. बंगाली समाज माता को घर की बेटी मानता है, जो दुर्गा पूजा में मायके आती है. मायके से ससुराल जाते समय एक मां जैसे अपनी बेटी को विदा करती है, ठीक उसी प्रकार का रिवाज चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में भी देखने को मिला. महिलाओं ने माता को श्रृंगार का सामान अर्पित किया. हाथ में पान का पत्ता, मिठाई, सिंदूर आदि लेकर माता की परिक्रमा की. ढोल-नगाड़ों की थाप और खिलखिलाहट के बीच सिंदूर खेला. महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी.



**सुहागिनों ने खेला सिंदूर खेल, पति के दीर्घायु की कामना की**

**घाटशिला ।** शारदीय नवरात्र पर क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के पूर्व महिलाओं ने अखंड सौभाग्य के लिए मंगलवार की दोपहर सिंदूर खेल का आयोजन किया. सुहागन महिलाओं में मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ-साथ लक्ष्मी सरस्वती तथा गणेश एवं कार्तिकेय की मूर्ति की पूजा अर्चना कर मिष्ठान पान आदि खिलाकर मां की प्रतिमा पर सिंदूर लगाया साथ ही पुत्र-पौत्र आदि संतान परंपरा की दीर्घायु एवं सुख समृद्धि बनी रहेगी. इसकी कामना मां दुर्गा से की गई.

## गाजे-बाजे के साथ मेन रोड के बड़ा तालाब में किया गया विसर्जन

# विसर्जन के साथ 50वां श्रीरामचरित मानस पाठ व महायज्ञ का समापन

संवाददाता । लातेहार

शारदीय नवरात्र की दशमी तिथि को श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ लातेहार में आयोजित 50वां श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ संपन्न हुआ. गाजे-बाजे के साथ श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं का विसर्जन शहर के मेन रोड में बड़ा तालाब में किया गया. महायज्ञ समिति के सदस्यों ने प्रतिमाओं के साथ रेलवे स्टेशन क्षेत्र व लातेहार नगर में भ्रमण किया. इससे पहले हवन व भंडारा का आयोजन किया गया. नवमी तिथि को भी मानस कथानुसार भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया.

इसके बाद सबी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी. मूर्ति विसर्जन में महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक सह विधायक बैद्यनाथ राम, अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, विनोद कुमार महलका, डा विशाल शर्मा, राजू सिंह, सुनील शौंडिक, संतोष अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, आनंद पासवान, मदन प्रसाद, सुरेश प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, प्रकाश मोहन अग्रवाल व अनिल प्रसाद समेत कई लोग शामिल हुए.



नगर भ्रमण के दौरान विधायक व समिति के सदस्यगण.

**बैद्यनाथ राम ने आभार प्रकट किया** : 50वां श्रीरामचरित मानस पाठ महायज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न होने पर महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक सह विधायक बैद्यनाथ राम ने नगर वासियों के प्रति आभार प्रकट किया. उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही कोई बड़ा अनुष्ठान संपन्न होता है. इस महायज्ञ में शहर के हर वर्ग के लोगों की सामुहिक भागीदारी होती है. लोग महासमिति को स्वेच्छा से आर्थिक व शारीरिक सहयोग करते हैं. विधायक ने कहा कि अगले वर्ष भी दोगुने उत्साह के साथ आयोजन किया जायेगा.

## विहिप ने लगाया सेवा शिविर व लोगों को किया सम्मानित

**जमशेदपुर ।** विश्व हिंदू परिषद् (विहिप) द्वारा कदमा स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप चौक पर मंगलवार को सेवा शिविर लगाया गया. इस दौरान कदमा मे संपन्न सभी पूजा पंडाल के समितियों के सदस्यों को सम्मानित किया गया. वहीं विसर्जन जुलूस देखने आए श्रद्धालुओं के बीच पेयजल, शर्बत और प्रसाद वितरण का कार्य किया गया. मौके पर विहिप महानगर प्रचार प्रसार प्रमुख उत्तम कुमार दास ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी कदमा में सेवा शिविर लगाया गया, जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं के बीच पेयजल, शर्बत और प्रसाद का वितरण किया गया. वहीं पूजा समिति के सदस्यों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से विहिप झारखंड प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, जिला मंत्री चंद्रिका भगत, आकाश राज, सूरज छत्री, शंभू प्रमाणिक, सुधा जौहरी, प्रदीप सिंह, बजरंग, राजीव, लक्की उपस्थित थे. इस आयोजन को सफल बनाने में विहिप कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा.



## आओ जानें

### हिन्दू धर्म का इतिहास जानें

1. दुनिया में हिन्दू धर्म का अनुसरण करने वालों की संख्या क्या है : 1 अरब लगभग
2. अनुयायियों के आधार पर हिन्दू धर्म का विश्व में कौन सा स्थान है : हिन्दू धर्म विश्व का तीसरा सबसे बड़ा धर्म है.
3. हिन्दू धर्म कितने साल पुराना है : लगभग 3000 साल पुराना
4. नेपाल में कितने प्रतिशत हिन्दू रहते हैं : नेपाल की जनसंख्या का 86.5% जो कि भारत की जनसंख्या के 82% से अधिक हैं
5. चार वेद कौन कौन से हैं : 1. ऋग्वेद 2. सामवेद 3. अथर्ववेद 4. यजुर्वेद
6. आर्यों की भाषा क्या थी : संस्कृत
7. आर्यों की प्रशासनिक व्यवस्था में परिवार को क्या कहा जाता था : कुल (कई कुल मिलकर एक ग्राम का निर्माण करते थे)
8. आर्यों की प्रशासनिक व्यवस्था में कई ग्रामों का संगठन क्या कहलाता था : विश

## केबुल टाउन मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य 'कार सेवा' के साथ आरंभ

संवाददाता । जमशेदपुर

विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को गोलमुरी केबुल टाउन स्थित अर्द्धनिर्मित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य कार सेवा के साथ आरम्भ हुआ. विधायक सरयू राय के नेतृत्व में काफी संख्या लोगों ने यहां श्रमदान दिया. इसके पूर्वसंध्या पर विजयादशमी मुहूर्त में मंदिर जीर्णोद्धार का भूमि पूजन सामूहिक संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ. कार सेवा कार्यक्रम में मंदिर परिसर की सफाई की गई तथा मंदिर के भूमिगत तल में, जहां वर्षा का पानी जमा था वहां ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया. कार सेवा के पूर्व मंदिर परिसर के समीप स्थित श्री हनुमान मंदिर में महावीर ध्वज पूजन के उपरांत ध्वज को मंदिर प्रांगण में स्थापित किया गया. इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कार सेवा कार्यक्रम में शिरकत करने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया.



**मंदिर जीर्णोद्धार समिति का होगा विस्तार**

मंदिर जीर्णोद्धार समिति के संयोजक विधायक सरयू राय के अनुसार मंदिर समिति का विस्तार होगा. मंदिर जीर्णोद्धार कार्य में स्वेच्छा से योगदान करने वाले श्रद्धालु समिति में शामिल किए जाएंगे. 29 अक्टूबर को मंदिर परिसर के निकटस्थ एक भवन में मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अस्थायी कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा. तत्काल मंदिर परिसर की सफाई की जाएगी और मंदिर के गृह गर्भ का जीर्णोद्धार कार्य आरम्भ किया जाएगा.

## विहिप की दुर्गा वाहिनी ने किया शस्त्र पूजन

संवाददाता । जमशेदपुर

विश्व हिन्दू परिषद की दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति की ओर से गोलपहाड़ी काली मंदिर के पास स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर संगठन की महिला सदस्यों ने मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष पारंपरिक तलवार तथा अन्य शस्त्र को अर्पित किया. वहां मौजूद पुरोहित ने मंत्रोच्चार के बीच शस्त्रों की पूजा की. इसके बाद भगवा अंगवस्त्र धारण की महिलाओं व बच्चों ने मां दुर्गा के जयकारे लगाए. इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने संकल्प लिया कि महिला कमजोर नहीं है. वे समाज में छुपे महिषासुर रूपी राक्षस का संहार करेंगी, ताकि समाज में महिलाओं को अधिकार के साथ सच्चा मान-सम्मान मिल सके. वीएचपी की रितिका श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजित हुआ. मौके पर काफी संख्या में काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थीं.



## प्रतिमा विसर्जन के दौरान खेला सिंदूर होली, मां की हुई विदाई



संवाददाता । लातेहार

विजयदशमी के संपन्न होने के बाद बुधवार को प्रतिमा विसर्जन के पूर्व रेलवे क्लब, बरवाडीह में सिंदूर खेला का आयोजन किया गया. इसमें माता दुर्गा के अलावा माता सरस्वती व माता लक्ष्मी खोइचा भरने की रस्म पुजारी गिरिधारी मिश्रा ने महिलाओं से संपन्न करायी. इसके बाद महिलाओं ने बंगाली परंपरा के अनुसार सिंदूर खेला की रस्म को निभाया. माता की चरणों से ली गई सिंदूर को सुहागिन महिलाओं द्वारा एक दूसरे को लगाकर सिंदूर खेला की रस्म अदा की गयी. महिलाओं में सिंदूर खेला को ले कर खासा उत्साह देखा गया. जिप सदस्य सन्तोषी शेखर, रेलवे क्लब महिला समिति की अध्यक्ष रेखा पाठक, उपाध्यक्ष सुधा दुबे, अर्पिता बासु, रोशनी कुमारी सिंह, सुनीता पाल, अनामिका सुंडी, मंजू मरांडी, शबनम, प्रियंका गिरि, गीता, शशि बाला, उपासना सिंह, मिशु सिंह, अमृता रश्मि, वंदना कुमारी, गायत्री, स्मृति व रिक्की समेत काफी संख्या में महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगा कर शुभकामनाएं दी.

## 3 से 5 नवंबर तक ऑड्रे हाउस में राज्यस्तरीय कला व शिल्प प्रदर्शनी



**रांची।** राजधानी के ऑड्रे हाउस में 3 से 5 नवंबर तक राज्यस्तरीय कला एवं शिल्प प्रदर्शनी और बिक्री कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा. इसमें 24 जिलों के सरकारी स्कूलों के बच्चों द्वारा तैयार शिल्प कला और रचनात्मक सामग्रियों की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी. कार्यक्रम में राज्यभर के 150 बच्चे हिस्सा लेंगे. स्कूली छात्र-छात्राओं के हुनर और कला को मंच देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम में अपनी कलात्मक सामग्रियों का प्रदर्शन करने के लिए बच्चे जुलाई महीने से ही तैयारी कर रहे थे. उन्हें प्रोजेक्ट निर्माण के लिए सामग्री विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी. इस कार्यक्रम में बिकने वाली सामग्रियों का पैसा डीबीटी के जरिये बच्चों के खाते में सीधा भेजा जायगा, जिससे बच्चों के अंदर व्यावसायिक हुनर भी विकसित होगा. इसमें भाग लेने वाले हुनरमंद प्रतिभागियों को शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन ट्रेडिंग के स्किल भी सिखाये जाएंगे,

## त्रिभुवन पांडेय को चुनरी और स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित



संवाददाता । लातेहार

श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में दुर्गा पूजा सफलतापूर्वक संपन्न होने पर मंदिर समिति के द्वारा पंडित त्रिभुवन पांडेय को चुनरी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया. मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने श्री पांडेय को चुनरी व स्मृति चिन्ह भेंट किया. बता दें कि त्रिभुवन पांडेय के पिता रामअवतार पांडेय वर्ष 1948 में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति दुर्गाबाड़ी में दुर्गा पूजा समिति के मुख्य पुरोहित थे. उसके बाद वे लगतार यहां मुख्य पुरोहित के रूप में रहे. उनके निधन के बाद त्रिभुवन पांडेय यहां दुर्गा पूजा में बतौर मुख्य पुरोहित कार्यभार संभाला.

बता दें कि दुर्गाबाड़ी आज श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का स्वरूप ले लिया है. मौके पर संरक्षक विनोद कुमार साहु, उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह के अलावा पंकज गुप्ता, दीपक विश्वकर्मा, संजय प्रसाद, राजेश पाठक व परितोष ठाकुर आदि मौजूद थे.

## बालूमाथ में शांतिपूर्ण संपन्न हुई दुर्गा पूजा

संवाददाता । बालूमाथ (लातेहार)

बालूमाथ प्रखंड में शारदीय नवरात्र की दशमी तिथि को प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हो गई. नम आंखों से श्रद्धालुओं ने माता को अगले साल फिर आने का न्योता देकर विदा किया. बालूमाथ सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अलावा दिवाकर नगर, प्रखंड के ग्राम आरा शेरेगड़ा, मुरपा, पिंडारकोम, बालू व मकईयाटांड़ स्थित दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन नजदीकी जलाशयों में किया गया.

विसर्जन के पूर्व महिलाओं ने सिंदूर खेला की रस्म अदा की और एक- दूसरे को सिंदूर लगाकर विजयदशमी की बधाई दी. इस दौरान बालूमाथ अंचल अधिकारी आफताब आलम, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो समेत पूरा पुलिस-प्रशासन काफी सक्रिय नजर आया.

**प्रदर्शनी** महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से महिलाएं समूह बनाकर कर रहीं काम

# गुरुद्वारा में सिख विरसा प्रदर्शनी 27 से 29 अक्टूबर तक

संवाददाता । जमशेदपुर

महिला सशक्तीकरण बढ़ावा देने तथा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से महिलाओं का एक समूह संदीप कौर और चरणजीत कौर के नेतृत्व में तीन-दिवसीय 'सिख विरसा प्रदर्शनी' 27 से 29 अक्टूबर तक साकची गुरुद्वारा परिसर में आयोजित की जाएगी. प्रदर्शनी के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को महिलाओं के समूह व साकची गुरुद्वारा के पदाधिकारियों के बीच बैठक आयोजित हुई. बैठक के बाद प्रधान निशान सिंह और महासचिव परमजीत सिंह काले ने बताया कि महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और उनके द्वारा निर्मित उपयोगी वस्तुओं को जनता के बीच प्रदर्शनी के रूप में उचित स्थान देने के लिए महिलाओं को यह प्लेटफॉर्म दिया जा रहा है. वहीं सिख विरसा प्रदर्शनी'' की मुख्य आयोजनकर्ता संदीप कौर और चरणजीत कौर ने कहा कि साकची गुरुद्वारा साहिब साकची परिसर स्थित गोविंद भवन में प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा. प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य महिलाओं विशेषकर सिख महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के साथ ही महिलाएं जो अपने घर में सजावट आदि की वस्तुएं और अन्य कई प्रकार की वस्तुओं का निर्माण करती हैं उनको एक उचित प्लेटफॉर्म मिल सके एवं महिलाओं को अपने कला का प्रदर्शन करने व उनके द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित वस्तुओं को प्रदर्शनी सह विक्रय का लाभ मिल सके. आयोजनकर्ता ने कहा कि महिलाओं को इस प्रदर्शनी के माध्यम से शिक्षित करना भी उनका उद्देश्य है, ताकि वे घरेलू कार्यों के अलावा भी वस्तुएं बनाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर सके.



बैठक में महिला समूह के सदस्य, ट्रस्टी सरदार सतनाम सिंह सिद्धू, कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह गांधी, वरीय उपाध्यक्ष सरदार सतनाम सिंह घुम्मन, सरदार दलजीत सिंह, सरदार मनोहर सिंह मित्ते, सरदार त्रिलोचन सिंह तोची समेत साकची सिख नौजवान सभा के चेयरमैन सरदार प्रितपाल सिंह उपाध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह आदि उपस्थित थे.

## 150 तीर्थयात्री हजूर साहिब के लिए रवाना

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कुल 150 तीर्थयात्रियों का जत्था तख्त श्री हजूर साहिब के दर्शन के लिए टाटानगर रेलवे स्टेशन से बुधवार को रवाना हुआ. सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारयों ने स्टेशन पहुंचकर तीर्थयात्रियों को सुखद एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी. मौके पर सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह ने कहा कि जमशेदपुर से सिख समाज के 150 लोग तख्त श्री हजूर साहिब के दर्शन के लिए रेलमार्ग से गए है.

## फैंटेसी कल्चरल एकेडमी में कंतारा के नृत्य पर थिरके बच्चे

**रांची।** सांस्कृतिक कार्यक्रम दुर्गा पूजा का एक अभिन्न अंग है, जहां बच्चे और अन्य कलाकार उत्सव के दौरान मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करते हैं. इस दुर्गा पूजा में फैंटेसी कल्चरल एकेडमी सेक्टर 3, बिरसा चौक के छात्रों ने रांची में दुर्गा पूजा के दौरान विभिन्न मंचों पर प्रसिद्ध कंतारा फिल्म के मनमोहक नृत्य के शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित, मंत्रमुग्ध और प्रभावित किया. फैंटेसी कल्चरल एकेडमी की केया घोष और जिनिया घोष ने कहा कि हमने प्रसिद्ध फिल्म कंतारा से प्रेरणा ली, जहां इस नृत्य शैली को प्रदर्शित किया गया था. हमारे नृत्य प्रशिक्षक राहुल नायक ने इस नृत्य के लिए छात्रों को खूबसूरती से प्रशिक्षित किया. हमारी पूरी टीम तैयारियों में शामिल थी, जिसमें पोशाक, मेकअप, प्रॉप्स आदि शामिल थे.

## पांडू में श्रद्धालुओं ने दी नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई



संवाददाता । पांडू (पलामू)

पांडू प्रखंड मुख्यालय सहित दर्जनाधिक गांवों के पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को कर दिया गया. इस दौरान नम आंखों से श्रद्धालुओं ने मां को अगले साल फिर आने का न्योता देते हुए विदाई दी. पांडू मुख्यालय के दुर्गाबाड़ी मंदिर पूजा पंडाल, महूंगावा दुर्गा मंडप पूजा पंडाल, मुसिखाप दुर्गा मंडप, कुलिया देवी मंडप, लोटरा पूजा पंडाल, रतनाग दुर्गा मंडप, कुटमु दुर्गा मंडप, डाला कला, तीसीबार पूजा पंडाल आदि दुर्गा पूजा समितियों ने मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन बुधवार को किया. वहीं पूजा के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय सहित कई जगहों पर भक्ति जागरण, नाटक मंचन, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसके अलावे इस दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर स्थानीय प्रशासन लगातार सक्रिय रहा.

## पलामू

### नम आंखों से श्रद्धालुओं ने दी मां दुर्गा को विदाई



जिला में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही मंगलवार को विजयादशमी धूमधाम मनाई गई. श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता को विदाई दी. विसर्जन से पहले शहर के पूजा पंडालों व दुर्गा मंडपों में महिलाओं ने माता की खोईछा भरते हुए सिंदूर खेला के रस्मों को पूरा किया. जिलाभर में विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों से मां दुर्गा की प्रतिमा लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ विसर्जन के लिए निकली. सभी श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घाटों पर मां दुर्गा की प्रतिमा सहित अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन किया. इस दौरान विसर्जन यात्रा में श्रद्धालु ढोल नगाड़ा पर जमकर थिरकते नजर आए. विसर्जन को लेकर नदी किनारे बने घाटों पर जिला प्रशासन की ओर से लाइट की व्यवस्था के साथ सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए थे. पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने खुद बुलेट पर सवार होकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया.

## आदित्यपुर

### देर रात तक हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन



आदित्यपुर में देर रात तक मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन होता रहा. बांग्ला समुदाय की सुहागिन महिलाओं ने आपस में सिंदूर खेला कर आबार एसो मां के नारों के साथ मां दुर्गा को अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई दी. जबकि कांड्रा में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 72 फीट के रावण का पुतला जलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण को समाज से मिटाने का संकल्प लिया. मालूम हो कि कांड्रा में रावण दहन कमेटी ने 72 फीट के रावण का पुतला पुरुलिया के कारीगरों द्वारा बनवाया था. कमेटी ने अध्यक्ष रामबाबू महतो और कोषाध्यक्ष दिलीप डे ने संयुक्त रूप से बताया कि यह कमेटी 1951 से हर वर्ष दशहरा के मौके पर रावण दहन का आयोजन करते आ रहा है. रावण दहन देखने आसपास के करीब एक लाख लोग इस कार्यक्रम में पहुंचे थे.

## घाटशिला

### भक्ति भाव से प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन



प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों में धूमधाम से पूजा-अर्चना के बाद मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन भक्ति भाव से कर दिया गया. सर्वप्रथम रामकृष्ण मठ दहीगोड़ा की प्रतिमा का विसर्जन पूरे विधि-विधान के साथ दोपहर के पहले ही कर दी गई. शाम के समय विभिन्न पूजा पंडालों द्वारा प्रतिमा विसर्जन को लेकर पूरे सजा सज्जा के साथ विसर्जन जुलूस निकाली गई. विसर्जन जुलूस में महिला-पुरुष, बच्चे पूरे उत्साह के साथ नृत्य करते हुए विसर्जन जुलूस में शामिल हुए. मऊभंडार स्वर्णरेखा नदी तट पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन देर रात तक हुआ. विसर्जन को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे. जगह-जगह दंडाधिकारी एवं पुलिस बल को तैनात किया गया था. स्वर्णरेखा नदी तट पर एसडीएम सतवीर रजक, सीडीपीओ कुलदीप टोप्पो, सीओ राजीव कुमार सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे.

## बेरमो

### एनओसी नहीं मिलने से जलने से बचा रावण



बोकारो शहर के सेक्टर 5 स्थित पुस्तकालय मैदान में रावण जलने से बच गया. बीएसएल प्रबंधन ने कार्यक्रम स्थल की जमीन की एनओसी नहीं दी, जिससे जिला प्रशासन ने कार्यक्रम रद्द कर दिया. हालांकि इससे आयोजक एवं बोकारो शहर वासियों को बीएसएल प्रबंधन के इस निर्णय से काफी दुःख पहुंचा है. मालूम हो कि 24 अक्टूबर को विजयादशमी के मौके पर बोकारो शहर के सेक्टर 5 स्थित पुस्तकालय मैदान में लगभग डेढ़ दशक बाद रावण दहन कार्यक्रम करने का आयोजन का निर्णय भारतीय संस्कृति विहार ने लिया था. बोकारो जिले के चार अन्य स्थानों में रावण दहन का कार्यक्रम हुआ. जिसमें सेरसा स्टेडियम, पेटरवार, आईईल एवं करगली शामिल है.

## चंदवा

### खेल मैदान में हुआ रावण दहण, उमड़ी भीड़



असत्य पर सत्य की जीत का त्योहार दशहरा चंदवा में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया. मंगलवार की शाम खेल स्टेडियम में रावण दहन किया गया. हजारों की भीड़ रावण दहन कार्यक्रम का गवाह बनी. लोग सपरिवार हाईस्कूल के खेल मैदान में रावण दहन देखने पहुंचे थे. दुर्गा मंडल चंदवा और रावण दहन समिति की ओर से आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे रंजीत कुमार गुप्ता और इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने पुतले को अग्नि वाण से अग्नि दी.इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई.




रांची के मोरहाबादी में धू-धू कर जलता रावण.

# श्रद्धालुओं ने नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई




छिटपुट घटनाओं के बीच मां दुर्गा के विसर्जन के साथ झारखंड में दुर्गोत्सव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया. भक्तों ने नम आंखों से ' आबार एशो मां ' कहकर मां को विदाई दी. विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए और जलाशयों में भारी भीड़ उमड़ी. दूसरी ओर राज्य के अलग अलग हिस्सों में समारोह पूर्वक रावण,मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया. इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई. हजारीबाग के मटवारी गांधी मैदान में विजयदशमी की शाम रावण दहन के दौरान बड़ी दुर्घटना टल गयी. इसमें हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा पूरे परिवार समेत बाल-बाल बच गये. दरअसल जयंत सिन्हा को धनुष चलाने के लिए दिया गया था. जैसे ही उन्होंने धनुष से तीर छोड़ा, वैसे ही तीन रॉकेट एक के बाद एक मंच की तरफ आकर फटे. इसके बाद वहां भगदड़ मच गयी. हालांकि थोड़े देर में स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया. उधर जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के बेली बोधनवाला घाट में विसर्जन जुलूस के दौरान बेकाबू ट्रक ने लोगों को रौंद दिया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई. वहीं कोयलांचल में दुर्गोत्सव की धूम रही. बड़ी संख्या में दुर्गा विसर्जन जुलूस में लोग शामिल हुए और मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी. इस बार दशहरे में राज्य के विभिन्न हिस्सों में लुभावने पंडालों के बीच मां दुर्गा के कई रंग देखने को मिले. कोराना काल की पाबंदियों के बाद पहली बार पूजा पंडालों में काफी भीड़ उमड़ी. मौसम साफ रहने की वजह से भी भक्तों को मां के दर्शन में काफी सहूलियत हुई. राजधानी रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद सहित अन्य हिस्सों में दुर्गोत्सव की धूम रही और सभी जगह हर्ष और उल्लास का वातावरण रहा. शुभम संदेश की टीम ने इससे जुड़ी खबरों को कवर किया है. पेश है रिपोर्ट.

## लातेहार

### राजा दुर्गा बाड़ी पंडाल की मूर्तियों का विसर्जन



शहर के वैष्णव दुर्गा मंदिर व राजा दुर्गा बाड़ी अंबाकोठी पंडाल के माता दुर्गा व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन शहर के बड़ा तालाब में मंगलवार को किया गया. श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष फिर आने का न्यौता देकर नम आंखों से मां को विदाई दी. वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर की प्रतिमा शहर के थाना चौक होते हुए मेन रोड से बड़ा तालाब पहुंची. मौके पर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य एवं नगर वासियों को बधाई दी. मौके पर वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद प्रसाद, सुभाष प्रसाद, भोला प्रसाद, विंदेश्वर प्रसाद के अलावा अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, उमेश प्रसाद गुप्ता, प्रदीप कुमार, उज्जल साहु, बिट्टू दास आदि शामिल रहे.

## रावण दहन के दौरान तीन रॉकेट मंच की तरफ फटे, बाल-बाल बचे सांसद जयंत सिन्हा

हजारीबाग के मटवारी गांधी मैदान में विजयदशमी की शाम रावण दहन के दौरान बड़ी दुर्घटना टल गयी. इसमें हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा पूरे परिवार समेत बाल-बाल बच गये. दरअसल जयंत सिन्हा को धनुष चलाने के लिए दिया गया था. जैसे ही उन्होंने धनुष से तीर छोड़ा, वैसे ही तीन रॉकेट एक के बाद एक मंच की तरफ आकर फट गया. इसके बाद वहां भगदड़ भी मच गयी. हालांकि थोड़े देर में स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया.

**दूर-दराज से लोग पहुंचे :** अटल सांस्कृतिक मंच ने मटवारी गांधी मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया था. इसको लेकर सैकड़ों की संख्या में लोग गांधी मैदान पहुंचे थे. रावण दहन देखने के लिए दूर-दराज से भी लोग पहुंचे थे. गांधी मैदान में विशालकाय रावण का पुतला दहन किया गया. रावण दहन के पहले आतिशबाजी भी की गयी. आतिशबाजी ने सभी के मन को मोह लिया. उसके बाद रावण दहन किया गया.

**राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू :** हजारीबाग सांसद ने समस्त क्षेत्र वासियों को विजयदशमी की ढेर सारी शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि हमें अपने अंदर के अहंकार-द्वेष को मारना होगा, तभी हम विकसित होंगे और क्षेत्र विकासित होगा. उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि हजारीबाग में बहुत जल्द आम लोगों के सहयोग से राम मंदिर का निर्माण कराया जायेगा. ईंट दान कर राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ.



रिवर्स होकर मंच की ओर आया रॉकेट और धू-धू कर जलता रावण.

**हजारीबाग**

- मटवारी गांधी मैदान में अटल सांस्कृतिक मंच की ओर से कराया जा रहा था कार्यक्रम
- ईंट दान कर हजारीबाग में बननेवाले राम मंदिर का शुभारंभ



हजारीबाग के मटवारी गांधी मैदान में रावण दहन के दौरान सांसद जयंत सिन्हा एवं अन्य.

## धनबाद

# माहौल हुआ भावुक, सुहागिन महिलाओं ने लिया मां का आशीर्वाद





धनबाद शहर सहित पूरे कोयलांचल में विजयादशमी के दिन ज्यादातर पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया. श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी. इससे पहले सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा का खोंइछा भरकर सुख, समृद्धि का आशीर्वाद लिया. सिदूर खेला के समय माहौल भावुक हो गया. ज्यादातर महिलाओं की आंखें नम हो गईं. प्रतिमा विसर्जन से पूर्व सुबह में पूजा पंडालों व मंदिरों में स्थापित कलश का क्षेत्र के नदी, तालाब व सरोवरों में श्रद्धा के साथ विसर्जन किया गया.

**इन इलाकों में हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन :** दोपहर बाद शहर और आसपास के इलाकों में विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में शामिल युवा, बच्चे व बुजुर्ग रंग-अबीर उड़ाते हुए और डीजे की धुन पर थिरते चल रहे थे. अगले साल फिर आना मां की कामना के साथ समीप के तालाबों में प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया. इस दौरान धनबाद के हीरापुर हरि मंदिर, दुर्गा मंदिर, नेपाली काली मंदिर, सरायढेला दुर्गा मंडप, बंगाली वेलफेयर सोसायटी पार्क मार्केट, बंगाली कल्याण समिति जिला परिषद, डिगवाडीह 12 नंबर, 10 नंबर, जियलगोड़ा, सुंदरनगर, फुसबंगला, भागा, जामाडोबा, जीतपुर आदि जगहों पर स्थापित मां दुर्गा व अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं विधिवत पूजा-अर्चना के बाद विसर्जित कर दी गईं.

**शोभायात्रा में सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम :** विसर्जन शोभायात्रा में विधि-व्यवस्था बनाए रखने और तय रूट चार्ट के अनुसार प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित तालाब में सुनिश्चित कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ जुलूस में मौजूद रहे. दंडाधिकारी व शांति समिति के सदस्य भी मुस्तैद दिखे.

**निरसा इलाके में निकाला गया जुलूस, दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन :** निरसा क्षेत्र की दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही दुर्गापूजा का त्योहार संपन्न हो गया. श्रद्धालाओं ने गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकालकर विभिन्न तालाबों में प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया. इससे पहले पंडालों व मदिरों में सिंदूर खेला का आयोजन हुआ. सुहागिन महिलाओं ने मां का खोंइछा भरा और एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर मां आस्ते बोछोर आबार होबे कर विदाई दी.

**कतरास-बाघमारा में सिंदूर खेला के साथ माता रानी को दी गई विदाई :** कतरास व बाघमारा क्षेत्र में विजयादशमी के दिन मंगलवार को विभिन्न पूजा पंडालों व मंदिरों में महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को विदायी दी. मां का खोंइछा भरकर आशीर्वाद लिया. इसके बाद शोभायात्रा निकालकर विभिन्न तालाबों में प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया. इस दौरान कतरास में नदी किनारे, रेलवे इंस्टीट्यूट, रानी बाजार, बंगाली पाड़ा, जीएनएम हाई स्कूल, बाघमारा के बरोरा दुर्गा मंदिर, हरिना कॉलोनी दुर्गा मंदिर, माटीगढ़, रथटांड़ पोस्ट ऑफिस, स्टेशन रोड के पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा व अन्य देवी-देवाताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया.

**तोपचांची में महिलाओं ने मां का भरा खोंइछा, सिंदूर खेला कर दी विदाई :** तोपचांची : तोपचांची व आसपास के क्षेत्रों के पंडालों व मंदिरों में स्थापित दर्गा प्रतिमाओं का विजयादशमी के दिन पूरे विधि-विधान के साथ विसर्जन कर दिया गया. महिलाओं ने मां दुर्गा का खोंइछा भरा और सिंदूर खेला कर खुशहाली का आशार्वाद मांगार. सिंदूर खेला बंगाली रीति रिवाज का अभिन्न हिस्सा है. कहा जाता है कि सिन्दूर खेला में भाग लेने से पति की दीर्घायु व घर में सुख शांति की प्राप्ति होती है. तोपचांची में 8 जगहों पर स्थापित प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया.

## जमशेदपुर

# विसर्जन के दौरान बेकाबू ट्रक ने लोगों को रौंदा, दो की मौत, तीन घायल



बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के बेली बोधनवाला घाट में मंगलवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया. मूर्ति विसर्जन करने घाट पहुंचे श्रद्धालुओं को एक अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया. इस दुर्घटना में दो की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए, वहीं कुछ अन्य लोगों को भी हल्की चोट आई है. दरअसल मूर्ति विसर्जन करने पहुंचा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पीछे की तरफ ढलान पर लुढ़क गया, जिससे दूसरे कमेटी का प्रतिमा विसर्जन कर रहे श्रद्धालु और ढाकी बजाने वाले इसकी चपेट में आ गए. घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई. जैसे ही दुर्घटना हुई ट्रक छोड़कर चालक वहां से फरार हो गया. काफी देर तक कई लोग ट्रक के नीचे फंसे रहे. सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची. गुस्साए लोगों ने पुलिस के सामने जमकर हंगामा किया. काफी मशक्कत के बाद आखिरकार ट्रक में फंसे लोगों को खुद वहां मौजूद लोगों ने बाहर निकाला और पुलिस की गाड़ी से तत्काल टीएमएच अस्पताल भेजा. हालांकि इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई. इस हादसे की सूचना मिलते ही उपयुक्त मंजूनाथ भजंत्री और पुलिस अधीक्षक अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और जो गंभीर रूप से घायल हैं उसे बेहतर इलाज करने का आदेश दिए. मृतकों में किताडीह पूजा समिति के सदस्य वीरेंद्र शर्मा, पश्चिमी मिदनापुर निवासी (ढाकी वादक) अभिमन्यु गोराई और घायलों में पश्चिमी मिदनापुर का ही गोपाल गोराई (45), विजय गोराई (40) और हुगरा मुखी (40) शामिल है.

**मंत्री व सांसद पहुंचे अस्पताल :** जानकारी मिलने पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय भी घटना स्थल पर पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली.

**मुख्यमंत्री ने जताया दुःख :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया (ट्विटर) पोस्ट में कहा कि जमशेदपुर में विसर्जन के दौरान हुए ट्रक हादसे में दो लोगों के निधन की दुःखद खबर मिली. परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे. जिला प्रशासन द्वारा हादसे में घायल लोगों को चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है. सभी घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं.

### घाघीडीह में माता को दी गई भावभीनी विदाई



घाघीडीह सेंट्रल जेल में विजयादशमी के दिन जेल कर्मियों और बंदियों ने मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी. इस मौके पर ढाकी की धून पर जेल के सभी कर्मचारी थिरकते दिखाई दिए. इससे पूर्व जेल परिसर में बने पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की मूर्ति को वाहन में सजाकर जेल के अंदर ले जाया गया, जहां सबसे पहले महिला बंदियों ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर उन्हें भावभीनी विदाई दी. उसके बाद प्रतिमा को जेल के सभी वार्ड में घुमाया गया, जहां पुरुष बंदियों ने मां के दर्शन किए और मां को विदाई दी. जेल अधीक्षक नागेंद्र सिंह ने बताया कि विजयादशमी के दिन मां को विदाई देने पहले बंदियों ने मां के दर्शन किए, फिर प्रतिमा को बिष्टुपुर स्थित खरकई नदी में विसर्जित कर दिया गया.

### स्वर्णरेखा नदी घाट पर प्रतिमाओं का विसर्जन



कुछ एक घटनाओं के बीच जमशेदुपर में मां दुर्गा का विसर्जन मंगलवार की देर रात संपन्न हो गया. इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जा रही थी. शहर के विभिन्न नदी घाटों पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन हुआ. इसमें सबसे ज्यादा स्वर्णरेखा नदी घाट पर 120 प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया. विसर्जन की निगरानी के लिए घाट पर जिला प्रशासन द्वारा मंच बनाया गया था. जहां जिला प्रशासन के आला अधिकारी उपस्थित थे. वहीं जिला प्रशासन द्वारा घाट पर गोताखोरों की टीम को भी तैनात किया गया था. इस दौरान विसर्जन घाट एवं चौराहों पर आपातकालीन सेवा के लिए डॉक्टर्स की टीम एंबुलेंस के साथ उपस्थित थी.

## रांची



### मां को दी गई विदाई, जलाशयों में थे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

राजधानी में रांची में बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया. इसे लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये थे. विसर्जन की शोभायात्रा में भड़काऊ गाने नहीं बजे. पूजा समितियों ने रुट लाइन का पालन किया. विसर्जन जुलूस को लेकर रांची के सभी तालाबों में भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी थी. इसके अलावा एनडीआरएफ टीम भी तैनाती की गई थी. तालाबों में मजिस्ट्रेट भी तैनात थे. सभी विसर्जन स्थलों पर नाव, नाविक और गोताखोरों की व्यवस्था की भी गयी थी.



## हजारीबाग

### बंगाली दुर्गा स्थान में अनोखा मूर्ति विसर्जन



- स्वच्छ भारत की परिकल्पना मूर्ति विसर्जन का उद्देश्य
- पेड़-पौधे की जड़ों में डाल दी जाती है मूर्ति की मिट्टी

हजारीबाग बंगाली दुर्गा स्थान में मूर्ति विसर्जन करने का तरीका बेहद खास है. मंडप प्रांगण में कृत्रिम जलाशय बनाकर मां की मूर्ति का विसर्जन किया गया. इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत की परिकल्पना है. पूजा समिति के सदस्यों का कहना है कि मूर्ति निर्माण में रंग के साथ-साथ कई तरह के केमिकल का उपयोग किया जाता है. इस कारण छठ तालाब में प्रतिमा का विसर्जन करने से पानी गंदा हो जाता है. पूजा समिति ने स्वच्छता को ध्यान में रखकर प्रतिमा का विसर्जन कृत्रिम तालाब में किया. वहीं मूर्ति की मिट्टी को पेड़-पौधे की जड़ों में डाल दिया जाता है. इससे पेड़ पौधों को भी खाद के रूप में मिट्टी मिल जाती है.

**सदस्यों का भावनात्मक लगाव :** प्रांगण परिसर में मूर्ति विसर्जन करने के पीछे कमिटी के सदस्यों का भावनात्मक लगाव भी है.

## चाकुलिया

### आस्छे बोछर आबार होबे, तुमरा सोबाइ देखते पाबे'



चाकुलिया प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से दुर्गा पूजा सम्पन्न हो गई. कहीं से किसी प्रकार की अप्रिय घटना के समाचार नहीं हैं. महादशमी के दिन 'आस्छे बोछर आबार होबे,तुमरा सोबाइ देखते पाबे'के नारा के साथ नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी गयी. सुबह में यहां के विभिन्न पंडालों में महिलाओं ने सिंदूर खेला खेला. शाम को गाजे बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया. विसर्जन जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होकर गुजरा. विसर्जन जुलूस के साथ थाना प्रभारी वरुण कुमार यादव पुलिस बल के साथ सतर्क रहे. शांति समिति के सदस्य और पूजा कमेटियों के सदस्य भी सजग और सतर्क रहे. शिल्पी महल सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के विसर्जन जुलूस में विधायक समीर कुमार मोहंती शामिल रहे. देर रात को नगर पंचायत क्षेत्र की मूर्तियों का कमारीगोड़ा स्थित पक्का घाट तालाब में विसर्जन किया गया.

## गिरिडीह

### पूजा संपन्न , मां को दी गई विदाई



जिले के पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया. मंगलवार को कुडंको, हरलाडीह एवं बिशनपुर में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया. जबकि बुधवार को पलागंज, चिकरी, मधुबन एवं खुखरा में प्रतिमा विसर्जित कर नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी गई. एक ओर जहां पालगंज में भगवती को श्रद्धालुओं ने अपने कंधे पर गांव का भ्रमण करते हुए राज सरोवर तक लाया जहां महा आरती उतारने की बोली लगाई गई. अधिकतम बोली लगाने वाले श्रद्धालु ने पंडितों के बेद मंत्रों के उच्चारण के बीच आरती उतारी. वहीं चिरकी में मां को ट्रेक्टर पर लेकर चिरकी नदी तट पर लाया गया जहां प्रतिमा का विसर्जन किया गया.

## चाईबासा

### दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन,रावण दहन भी किया

चाईबासा में शांतिपूर्ण तरीके से मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार को किया गया. साथ विजयदशमी भी धूमधाम से मनाया गया. पिल्लाई हॉल पूजा समिति की ओर से पहली बार रावण दहन भी किया गया. इसके अलावा चाईबासा में विसर्जन के दौरान मशाल जुलूस निकाला गया. पहली बार प्रतिमा विसर्जन के दौरान मशाल जुलूस का उपयोग किया गया. पोस्ट ऑफिस चौक होते हुये कचहरी तालाब व रोरो नदी में विजर्सन किया गया. मां दुर्गा का जयकारा लगाते हुए भक्त विसर्जन जुलूस में शामिल हुए. पुलिस प्रशासन की ओर से शांति व्यवस्था के लिए चौकस रही. **तांतनगर में दशहरा पर्व पर रावण दहन :** तांतनगर प्रखंड क्षेत्र में खेड़िया टांगर में दशहरा पर्व पर रावण दहन किया गया. रावण दहन देखने के लिए काफी भीड़ उमड़ पड़ी.

## डुमरिया

### रावण दहन कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

डुमरिया प्रखंड में मंगलवार को विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया. डुमरिया, कुमड़ाशोल और भालुकपतड़ा पूजा कमेटी ने भव्य विसर्जन जुलूस निकाला. इस दौरान शांतिपूर्ण तरीके से मूर्तियों का विसर्जन किया गया. इससे पहले विभिन्न पूजा पंडालों में महिलाओं ने सिंदूर खेला कार्यक्रम में भाग लिया. इस मौके पर डुमरिया में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसे देखने के लिए हजारों ग्रामीण पहुंचे. आतिशबाजी देखकर लोगों ने खूब तालियां बजाई. तीस फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया. इस दौरान डुमरिया प्रखंड की अंचलाधिकारी चंचला कुमारी, बीडीओ साधुचरण देवगम सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे.

## देवघर

### विधायक रणधीर ने चलाया बाण



परपरा से हटकर इस बार देवघर जिले में दशहारा मनाया गया. देवघर जिले के पालजोरी प्रखंड में इस बार न केवल रावण दहन आयोजित की गयी. बल्कि राम के रुप में स्थानिय विधायक रणधीर सिंह ने शोभा यात्रा में शामिल हुये. हालांकि अब तक देवघर जिला में पुरोहित समाज की ओर से कभी रावण दहन जैसे कार्यक्रम को प्रोत्साहन नहीं दिया गया, लेकिन इससे इतर सारठ विधान सभा क्षेत्र के पालाजोरी हटिया पूजा समिति की ओर शोक्षा यात्रा निकाली गयी.

## चक्रधरपुर

### कंधों पर प्रतिमा, मशालों के बीच निकाला विसर्जन जुलूस



पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर में कंधों पर आदि शक्ति मां दुर्गा की प्रतिमा उठाकर पुरानी परंपरा के तहत विसर्जन जुलूस निकाला गया. विसर्जन जुलूस में लोगों की अपार भीड़ उमड़ी. मंगलवार शाम पुरानी बस्ती से जय दुर्गे के नारों के बीच श्रद्धालुओं ने माता दुर्गा की प्रतिमा को अपने कंधों पर रखकर मशालों के बीच जुलूस निकाला. इस दौरान श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए जगह-जगह प्रतिमा को रखा गया. जहां माता की अगुवाई में खड़े श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर माता को अगले बरस आने का न्यौता दिया. शंख, ढोल, तासे की धुन से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा. जगह-जगह लोगों ने माता के ऊपर फूल बरसाये.

▼ ब्रीफ खबरें

## ससुर को कुदाल से काट डाला, दामाद गया जेल

**गुमला।** चैनपुर स्थित नतापोल ग्राम निवासी बसंत लकड़ा ने अपने ससुराल बिंदोरा ग्राम में अपने ससुर लसन खलखो की कुदाल से काट कर हत्या कर दी. बताया गया कि बसंत और उसकी पत्नी के बीच तीन-चार माह से विवाद चल रहा था. युवती के पिता लसन खलखो अपनी बेटी को दामाद के साथ ससुराल नहीं भेजना चाहते थे. इसी बात को लेकर बसंत ने पास पड़े कुदाली से अपने ससुर पर लगातार कई वार किया, जिससे ससुर की मृत्यु घटनास्थल पर ही हो गई.

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**बालूमाथ (लातेहार)।** राष्ट्रीय उच्च पथ- 22 के रांची- चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित बरियातू के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के समीप बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी. उसकी पहचान थाना क्षेत्र बरछिया निवासी जागेश्वर उरांव के रूप में की गयी है. परिजनों के अनुसार वह बरियातू से वापस अपने घर लौट रहा था. इसी क्रम में प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के समीप वह अनियंत्रित होकर बाइक समेत गिर गया. उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां डॉ. ध्रुव कुमार ने जांच के पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया.

## चिरकुंडा में लोहा चोरी मामले में 7 गिरफ्तार

**मैथन/निरसा।** चिरकुंडा थाना पुलिस ने बीसीसीएल सीवी एरिया नंबर 12 की वाशरी से लोहा चोरी मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया. उनके पास से वाशरी से चोरी गया करीब 60 किलो लोहा बरामद किया है. थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में चांच निवासी अभिषेक सिंह, रोहित कुमार सिंह, शिवम सिंह व सागर मल्लाह तथा डुमरकुंडा का राणा बाउरी और सोनारडंगाल के नीतीश साव व मिन्हास अंसारी शामिल हैं.

## दो मोटरसाइकिल की टक्कर, एक घायल

**किरीबुरु।** मोटरसाइकिल व स्कूटी के बीच हुई टक्कर में मोटरसाइकिल सवार सुदीप दास, पिता गोपाल दास, नाल्दा (बड़बिल, ओडिशा) गंभीर रुप से घायल हुआ. घायल सुदीप को स्थानीय लोगों ने वाहन के सहारे इलाज हेतु सेल अस्पताल किरीबुरु पहुंचाया, जहां इलाज जारी है.यह घटना 25 अक्टूबर की शाम लगभग 7 बजे मेन मार्केट किरीबुरु स्थित शराब दुकान के नजदीक घटी.

### वकीलों के बीच मारपीट मामले में झारखंड बार काउंसिल ने मांगी रिपोर्ट, कड़ी कार्रवाई की तैयारी

# स्टेट बार काउंसिंग से आरोपी वकीलों पर कार्रवाई की मांग

**संवाददाता। रांची/हजारीबाग**





हजारीबाग बार एसोसिएशन के चुनाव के बाद मतगणना के दौरान दो गुटों के वकीलों में जमकर मारपीट हुई थी. इस मामले में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य मनोज कुमार ने काउंसिल को पत्र लिखा है. उन्होंने झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष से इस घटना की विस्तृत जांच करने और मारपीट में शामिल वकीलों पर कार्रवाई की मांग की है.

उन्होंने पत्र में लिखा है कि चुनाव के दौरान जिला बार एसोसिएशन के वकीलों का आचरण बिगड़ता जा रहा है. इससे वकालत के पेशे को भारी नुकसान हो रहा है. वहीं, स्टेट बार काउंसिंल अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा ने बताया कि हजारीबाग सिविल कोर्ट परिसर में मतगणना के दौरान वकीलों के बीच मारपीट की घटना की जानकारी उन्हें मिली है. जिसके बाद उन्होंने इलेक्शन ऑब्जर्वर से पूरी घटना की विस्तृत रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज के वीडियो की मांग की है. काउंसिल अध्यक्ष ने मारपीट की घटना में शामिल वकीलों के नाम भी मांगे हैं. वहीं, ऑब्जर्वर की रिपोर्ट आने के बाद मारपीट करने वाले वकीलों के खिलाफ काउंसिल कड़ी कार्रवाई कर सकता है.

**गंभीर मामला**

- बार अध्यक्ष ने घटना में शामिल वकीलों के नाम मांगे
- बीती शुक्रवार शाम मतगणना के दौरान हुई थी झड़प

**क्या है पूरा मामला**

दरअसल, हजारीबाग जिले में काउंसिल के निर्देश के बाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत अन्य पदों के लिए वकीलों ने मतदान किया. मतदान के बाद बीती शुक्रवार शाम वोटों की गिनती के दौरान जैसे ही जिला बार काउंसिल के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिवक्ता राजकुमार उर्फ राजू को 12 मतों से विजयी घोषित किया गया, वैसे ही कुद अधिवक्ता उत्तेजित हो गए और आपस में बहस के बाद झड़प ने हिंसक रूप ले लिया. इस घटना में कई वकीलों को चोट भी लगी थी. मामूली अंतर से अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज करने वाले अधिवक्ता राजकुमार उर्फ राजू के निकटतम प्रतिद्वंदी जवाहर प्रसाद थे. घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है. वहीं, मतगणना की प्रक्रिया अब तक रूकी हुई है.

**आओ जानें**

## झारखंड : सामान्य ज्ञान

झारखंड राज्य का कौन सा जिला साइंस सिटी के नाम से जाना जाता है ? – रांची
झारखंड के किस जिले में कीनन स्टेडियम अवस्थित है ? – जमशेदपुर
भारत में कोयले का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य में होता है ? – झारखंड
झारखंड का सबसे बड़ा खनन क्षेत्र कौन सा है ? – धनबाद
झारखंड में कितने जनजातीय समूह निवास करते हैं ? – 32
झारखंड राज्य का सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग कौनसा है ? – राष्ट्रीय राजमार्ग – 33
झारखंड राज्य जल नीति किस वर्ष लागू की गई ? – 2011
झारखंड का सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला कौन सा है ? – पश्चिमी सिंहभूम
जनसंख्या की दृष्टि से झारखंड राज्य का देश में कौन सा स्थान है ? – 14 वां
झारखंड राज्य की उपराजधानी है ? – दुमका

### सेविका नरगिस केराई समेत कई लोग मृतका के घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

# प्रसव के दौरान रक्तस्राव से प्रसूता व शिशु की मौत

**संवाददाता। चाईबासा/चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर थाना क्षेत्र की गुलकेड़ा पंचायत के बुरुसाई गांव में प्रसव के दौरान अधिक रक्त बहाव के कारण आंगनबाड़ी के रुप में कार्यरत एक



प्रसूता व शिशु की मौत हो गई. बताया जाता है कि गुलकेड़ा पंचायत की बुरुसाई गांव निवासी 30 वर्षीय आंगनबाड़ी सेविका सुनिता बांकिरा सात माह की गर्भवती थी. पिछले 15 अक्टूबर को उन्हें अचानक रक्तबहाव होने लगा. इसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए चक्रधरपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे. वहां महिला का इलाज कर रक्तबहाव की परेशानी को ठीक कर दिया गया. इसके बाद परिजन सुनीता बांकिरा को लेकर घर चले गये. इसके बाद वह ठीक थी. 23 अक्टूबर की रात लगभग 11.30 बजे बजे फिर से सुनीता बांकिरा को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई.

इस बीच प्रसूता ने घर में ही एक शिशु को जन्म दिया, लेकिन शिशु का जन्म समय से पहले होने के कारण अत्यधिक कमजोर था. इससे उसकी मौत हो गई. वहीं प्रसूता का रक्तबहाव जारी रहा. परिजन रातभर प्रसूता को घर में रखे रहे. सुबह प्रसूता को एक निजी अस्पताल ले गये. वहां अस्पताल के डॉक्टरों ने जल्द से जल्द रक्त चढ़ाने को कहा. लेकिन परिजन दोपहर में रक्त लेकर पहुंचे. इस बीच प्रसूता की मौत हो गई. इसके बाद परिजन प्रसूता को अपने घर ले गये.

इधर इसकी सूचना मिलने पर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं में शोक की लहर दौड़ गई. बुधवार को आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मार्टिन मुर्मू, महिला पर्यवेक्षिका संगीता कुमारी, सेविका नरगिस केराई समेत अन्य मृतका सुनीता बांकिरा के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी. साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाया.

आंगनबाड़ी संघ के जिलाध्यक्ष मार्टिन मुर्मू ने कहा कि नियमावली के तहत मृतका के परिजनों को हरसंभव मदद करायी जाएगी. इस मौके पर प्रखंड के अन्य आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेविका-सहायिका मौजूद थीं.



मृतका को श्रद्धांजलि देते आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष व अन्य.

**खास बातें**

- आंगनबाड़ी सेविका सुनिता सात माह की गर्भवती थी
- 15 अक्टूबर को उन्हें अचानक रक्तस्राव होने लगा था

## सड़क किनारे खड़ा ट्रक उड़ा ले गये चोर

**बालूमाथ ।** बालूमाथ में चोरों का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है. सोमवार देर रात चोर सड़क किनारे खड़ा एक ट्रक (जेएच19बी-5514) उड़ा ले गये. ट्रक मालिक मो इरशाद आलम ने मंगलवार को बालूमाथ थाना में इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज करवायी है. बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार ने बताया कि ट्रक मालिक ने आवेदन दिया है. पुलिस जांच कर रही है. मामले का शीघ्र ही उद्भेदन कर लिया जायेगा. मो इरशाद आलम ने शिकायत में बताया कि 23 अक्टूबर को कुरैशी मोहल्ला के अल्पसंख्यक छात्रावास के समीप ट्रक खड़ा था. ट्रक में सहचालक सो रहा था. रात करीब 10:30 बजे वह आर्केस्ट्रा देखने पिनडारकूम गांव चला गया. सुबह जब वो वापस आया तो देखा कि ट्रक वहां से गायब है.

## उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण में अनियमितता, जांच की मांग

**सुकेश कुमार। चाईबासा**



हाटगमहरिया प्रखंड की कुसमुंडा पंचायत अंतर्गत तिरिलपी में बन रही उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है. यह आरोप मंझारी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य माधव चंद्र कुंकल ने निरीक्षण के बाद लगाया है. यह भवन ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल से बन रही है. उन्होंने बताया कि कार्य स्थल पर निर्माण से संबंधित साइन बोर्ड को नहीं लगाया गया. निर्माण में उपयोग किए जा रहे फ्लाई ऐश ईंट गुणवता के अनुरूप नहीं है. ईंट काफी कमजोर है. ईंट को गिराने पर वे आसानी से टूट जाती हैं. भवन निर्माण में कार्यरत मजदूरों को संवेदक द्वारा मात्र 240 रुपये न्यूनतम मजदूरी भुगतान किया जा रहा है. जबकि झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी 346 रुपये से काफी कम है. उन्होंने भवन निर्माण में बनाए गए फिलर में लगे रिंग के बीच का गैपिंग एस्टीमेट के अनुसार 4 इंच कम से कम होना चाहिए था, लेकिन दोनों रिंग के बीच का गैपिंग 8 इंच है, जो एस्टीमेट के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है. कुंकल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा उपस्वास्थ्य केंद्र का निर्माण पंचायत के स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए बनाया जा रहा है.

## चैतन्य देवियों की झांकी और नौ कन्या पूजन का आयोजन



**संवाददाता ।लातेहार**

शहर के बाइपास रोड के प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा में चैतन्य देवियों की झांकियां निकाली गयी. मौके पर शाखा संचालिका बीके अमृता ने कहा कि हमें अपने जीवन से मोह, लोभ व अन्य बुराइयों का त्याग एवं सत्य व अहिंसा का धारण करना है. उन्होंने कहा कि सभी देवी व देवताओं का अवतरण एक उद्देश्य के लिए हुआ था. मां दुर्गा व मां काली ने कई असुरों का नाश किया. भगवान श्री कृष्ण ने कंस का और भगवान राम ने रावण का अंत किया था. चैतन्य देवियों की झांकियां देखकर लोग भाव विह्वल हो गये.

## जेलगोड़ा स्टेडियम में भव्य रामकथा शुरू

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर के जेलगोड़ा स्टेडियम में तीन दिवसीय रामकथा आश्विन शुक्ल पक्ष एकादशी के दिन बुधवार को शुरू हुई. जाने-माने कथा वाचक राजन जी महाराज ने अपने प्रवचन में समाज में सामंजस्य कायम करने का तरीका समझाया. महाराज जी ने पहले दिन शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया. उन्होंने कहा कि रामकथा सुनने मात्र से जीवन की सारी व्यथा दूर हो जाती हैं. इसलिए हर कियी को कथा जरूर सुननी चाहिए. कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भगवान शंकर व मर्यादा पुरुषोत्तम राम की की शादी धूमधाम से संपनन हो गई. दोनों शादियां युगों तक याद की जाती रहेंगी. इससे पूर्व झरिया के राजा तालाब से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई.

## 30 अक्टूबर तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय तक जाएंगी कई ट्रेनें

**संवाददाता। धनबाद**

आसनसोल-वाराणसी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें 30 अक्टूबर तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) तक जाएगी. इसके अलावा सीआईसी सेक्शन की कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है. इससे कुछ दिनों तक हजारों यात्रियों को परेशानी होगी.

रेलवे सूत्रों के अनुसार वाराणसी के यार्ड में ट्रेनों के हैवी कंजेशन के मद्देनजर ट्रेनों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तक चलाया जाएगा. जिसके कारण 24 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आसनसोल से खुलने वाली 13553 आसनसोल-वाराणसी एक्सप्रेस पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, 24 से 31 अक्टूबर तक वाराणसी से खुलने वाली 13554 वाराणसी-आसनसोल एक्सप्रेस पंडित दीनदयाल उपाध्याय से चलेगी, 24 से 30 अक्टूबर तक बरकाकाना से खुलने वाली 03359 बरकाकाना-



वाराणसी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तक चलेगी, 24 से 31 अक्टूबर तक वाराणसी से खुलने वाली 03360 वाराणसी-बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल ट्रेन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से चलेगी.

**ये ट्रेनें 30 अक्टूबर तक रहेंगी रद्द :** 13343 वाराणसी शक्तिनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस 24 से 30 अक्टूबर, 13344 शक्तिनगर-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस 24 से 30 अक्टूबर, 13345 वाराणसी-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस 24 से 30 अक्टूबर और सिंगरौली-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस 24 से 30 अक्टूबर तक रद्द.

### लोगों को जनजातीय खेल महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया

# खेल महोत्सव के लिए अभियान तेज

**संवाददाता। किरीबुरु**

एक, दो और तीन दिसंबर को नोवामुंडी में षिरजोन 'हो' जनजातीय खेल महोत्सव एवं 25 व 26 नवम्बर को चाईबासा में आदिवासी 'हो' समाज महासभा का महाधिवेशन (आम सभा) कार्यक्रम को लेकर आदिवासी 'हो' समाज युवा महासभा तथा आयोजन कमिटी के पदाधिकारियों ने गांव-गांव में तैयारी बैठक की. जगह- जगह पर गांव के लोगों को जनजातीय खेल महोत्सव तथा आदिवासी 'हो' समाज महासभा का महाधिवेशन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया. आदिवासी 'हो' समाज युवा महासभा तथा आयोजन कमिटी के पदाधिकारियों ने हो समाज के प्रमुख संस्कृति, परम्परा, भाषा, धर्म एवं रीति-रिवाज के विशेषताओं के बारे में आदिवासी कल्याण केंद्र, नेपेल उपरूम किरीबुरु की टीम ने टाटीबा ग्राम के टोला सासंगदा में ग्रामीणों के साथ चर्चा किया एवं इस आयोजन में सहयोग के लिए अपील किया. इस अवसर पर आदिवासी 'हो' समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गब्बर सिंह हेम्ब्रम, प्रदेश सचिव शंकर चातोम्बा, प्रदेश कोषाध्यक्ष शंकर सिद्धू, नोवामुंडी प्रखंड कोषाध्यक्ष भीमसिंह चातोम्बा, आयोजन कमिटी के उपाध्यक्ष गोपी लागुरी, मीडिया प्रभारी तरुण लामाय, तकनीकी प्रभारी अमरजीत लागुरी, सतीश बोयपाई, होनहागा, दिशु सिंकू, प्रदीप सहित अन्य लोग मौजूद रहे.



बैठक में शामिल आदिवासी हो समाज के पदाधिकारी.

## 22 साल की अनीशा बनी डॉक्टर, एमबीबीएस डिग्री लेकर लौटी

**डोमचांच(कोडरमा) ।** डोमचांच प्रखंड के नवलशाही निवासी अनिल कुमार और अनीता देवी की 22 वर्षीय पुत्री अनीशा रानी एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी. एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर पहली बार गांव लौटने पर परिवार के लोगों ने उनका स्वागत किया. वहीं यह बात गांव में खुशी और चर्चा की विषय बनी हुई है. अनीशा और उनके परिवार के लोगों को बधाइयां मिल रही है. अनीशा रानी के पिता अनिल कुमार पेशे से ट्रांसपोर्ट लाइन से जुड़े हुए हैं. वह लगभग 13 वर्ष से झुमरी तिलैया में किराए के मकान में रहकर बच्चों को शिक्षा दिलाने का कार्य कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि कभी भी मैं बेटा और बेटी में फर्क नहीं समझा.

## कैट ने की शैक्षिक पात्रता अनिवार्य करने की मांग

**जमशेदपुर।** चुनाव सुधारों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए एक देश -एक चुनाव विज़न में एक नई कड़ी जोड़ते हुए कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ज्ञापन भेजकर आग्रह किया कि देश में लोकतंत्र को बेहतर एवं सक्षम बनाने की दृष्टि से चुनावों में खड़े होने वाले प्रत्याशियों की कम से कम शैक्षिक पात्रता को भी अनिवार्य बनाया जाये. इस मुद्दे पर कैट ने इसी प्रकार के पत्र देश के सभी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय दलों को भी भेजे है. इस विषय पर कैट द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिन 31 अक्टूबर से देश भर के व्यापारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य संगठनों तथा देश के प्रबुद्ध वर्ग के बीच रायशुमारी का अभियान शुरू करेगा.

**पेज एक का शेष**

## अब नहीं आयेगी मोदी की सरकार...

सत्यपाल मलिक ने कहा, पीएम को श्रीनगर जाना चाहिए था. राजनाथ सिंह वहां आए थे. मैं वहां था. हमने श्रद्धांजलि दी. उन्होंने कहा, जिस दिन ये हुआ, ये (पीएम मोदी) नेशनल कार्बेट में शूटिंग कर रहे थे. तो मैंने इनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हुई. 5-6 बजे उनका कॉल आया, क्या हुआ? मैंने घटना के बारे में बताया. मैंने कहा, हमारी गलती से इतने लोग मर गए हैं. तब उन्होंने (पीएम मोदी) ने मुझसे कहा कि आपको कुछ नहीं बोलना है. इसके बाद मेरे पास डोभाल का फोन आया, उन्होंने कहा, आपको कुछ नहीं बोलना है. मैंने कहा ठीक है... जांच करानी होगी, शायद उसपर असर होगा. उसमें कुछ नहीं हुआ, न ही होना है.

सत्यपाल मलिक ने कहा, सीआरपीएफ ने गृह मंत्रालय से 5 एयरक्राफ्ट मांगे थे. चार महीने तक आवेदन गृह मंत्रालय के पास रहा. बाद में उन्होंने खारिज कर दिया. ये चार महीने तक लटकाए रहे. अगर मेरे पास आता, तो मैं कुछ करता. ये इनपुट था कि अटैक हो सकता है. जो गाड़ी टकराई थी, वह विस्फोटक से भरी हुई 10 दिन से पूरे में घूम रही थी.

**आरएसएस की विचारधारा पर क्या बोले मलिक :** राहुल ने बातचीत में कहा कि मुझे लगता है कि भारत की राजनीति में दो विचारधारा की लड़ाई है, एक गांधीवादी और दूसरी आरएसएएस की. दोनों हिंदुत्व के विजन हैं. एक अहिंसा और भाईचारे की विचारधारा है. दूसरी नफरत और अहिंसा की...इस बारे में आपका क्या कहना है? इस सवाल के जवाब में सत्यपाल मलिक ने कहा, मेरा ये सोचना है कि हिंदुस्तान देश के तौर पर तभी सर्वाइव करेगा, जब लिबरल हिंदुज्म के रास्ते पर चलेगा. ये गांधी का विजन था. वे गांव-गांव गए थे. तब इस विजन पर पहुंचे थे. अगर इसी विचारधारा पर देश चलेगा, तभी चल पाएगा, नहीं तो टुकड़े हो जाएगा. हमें मिल-जुल कर बिना लड़ाई झगड़े के रहना होगा.

सत्यपाल मलिक ने कहा, मेरी राय ये है कि अपने लोगों में गांधी और कांग्रेस का विजन प्रसारित हो. लोगों को पता चले कि हम उनसे कितना अलग हैं. भारत में कोई भी व्यक्ति राजनीति में एक्टिव है, वह अपने तक एक्टिव है, वह देश के बारे में नहीं सोचता. देश के बारे में राय नहीं बनाता. उसको प्रसारित नहीं करता. मलिक ने कहा, एक अच्छी बात ये है कि लोगों ने टीवी देखना बंद कर दिया है. हमारे पास अब सोशल मीडिया का माध्यम है. लेकिन ये लोग उस पर भी लगाम लगाने की कोशिश कर रहे हैं. इस पर राहुल गांधी ने कहा, मेरे यूट्यूब अकाउंट को दबा रखा है.

**ये मुद्दों का इवेंट बनाना जानते हैं : मलिक**

राहुल ने कहा, जब भी सरकार पर कोई प्रेशर आता है, ये कुछ न कुछ निकाल देते हैं. जब मैंने गौतम अडाणी पर चर्चा की, तो पहले टीवी बंद कर दी, फिर मुझे संसद से निकाल दिया. फिर स्पेशल सेशन की बात हुई, तो उसमें भारत और इंडिया पर चर्चा की बात हुई. लास्ट में ये लोग महिला आरक्षण बिल लाए, वह भी अभी नहीं 10 साल बाद आएगा. चाहे पुलवामा हो, महिलाओं का मुद्दा हो, इनके पास चर्चा को भटकाने का अच्छा तरीका है.

इस पर सत्यपाल मलिक ने कहा, ये किसी भी चीज का इवेंट बना देते हैं. फिर अपने पक्ष में फायदा उठाते हैं. महिला आरक्षण बिल का भी यही किया. महिलाओं को कुछ मिलना नहीं है, लेकिन इस तरह से दिखा दिया कि न जाने कितना बड़ा काम करा दिया. मलिक ने कहा, नई इमारत की कोई जरूरत नहीं थी. लेकिन इन्हें (पीएम मोदी) को अपना पत्थर लगाना था कि इन्होंने बनवाई है. वो पुरानी इमारत तो अभी भी कई साल तक चलती.

राहुल ने कहा कि जब आपने पुलवामा और किसान आंदोलन का मुद्दा उठाया, तो आपको धमकाया गया, सीबीआई आदि से. इस पर मलिक ने कहा, ''कानून ये है कि जो शिकायतकर्ता होता है, उसे सजा नहीं दी जा सकती. मैंने शिकायत की जिनकी, उनकी पूछताछ नहीं हुई, जांच नहीं हुई, मुझसे पूछताछ के लिए तीन तीन बार आ गए. मैंने कहा, तुम कुछ भी कर लो, मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे. मैं फकीर हूं, मेरे पास कुछ नहीं है. बात में तंग आकर कहा कि साहब हम तो नौकरी कर रहे हैं. उनकी भी मजबूरी है.''

राहुल ने कहा, हमने आपसे बात की, तो आप पर भी आक्रमण होगा. इस पर सत्यपाल मलिक ने कहा, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता.

**लगे आरोप** बीडर्स को अपनी शिकायत दर्ज कराने का पूरा हक है: राजीव लोचन

# कमिशन लेकर आवंटित किया जा रहा है काम

**संवाददाता। किरीबुरु**

ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता राजीव लोचन का भव्य आलीशान मकान आदिवासी जमीन पर बने होने की चर्चा इन दिनों जोरों पर है. राजनीतिज्ञ और अभियंताओं के बीच चर्चा यह भी हो रही है कि वह कार्यपालक अभियंता रहते हुए करोड़ों की चल-अचल संपत्ति अर्जित किए हैं. इस संबन्ध में एसीबी में भी केस दर्ज है, जिसे अपने पैसे और पैरवी के बल पर ठंडे बस्ते में डलवा दिया है. सूत्रों से यह भी जानकारी मिल रही है कि राजीव लोचन की आय से अधिक संपत्ति की जांच के लिए एक आदिवासी संगठन उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेगा. राजीव लोचन इसी महिना सेवानिवृत हो रहें हैं. चर्चा यह भी है कि राजीव लोचन अपने अंतिम माह में सीएस अनुमोदन करने का रिकॉर्ड बना रहें हैं.



**10 फीसदी कमिशन लेकर कार्य आवंटित :** जानकारी के अनुसार राजीव लोचन के द्वारा फेल संवेदक को पास, आरोपित एवं कार्य को लम्बित रखने वाले संवेदकों को 10 फीसदी कमिशन लेकर कार्य आवंटित किया जा रहा है. चकरधरपुर प्रमण्डल के कार्यपालक अभियंता चंदन कुमार के द्वारा अभिनव इन्फ्रा को प्राक्कलन के विपरित फर्जी विपत्र को पास कर भुगतान किया गया है. झारखंड भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के अध्यक्ष गणेश प्रसाद के लिखित शिकायत को नजर अंदाज कर राजीव लोचन द्वारा अभिनव इन्फ्रा को कार्य आवंटित करने की पृष्टभूमि तैयार की गई है. चंदन कुमार के खिलाफ भी भ्रष्टाचार का एक मामला एसीबी में दर्ज है. गौरतलब है कि इससे पूर्व जगन्नाथपुर के पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा राज्यपाल से राजीव लोचन की सम्पत्ति की जांच केन्द्रीय एजेंसी से कराने की मांग कर चुके हैं.

**खास बातें**

- राजीव लोचन के पास आय से अधिक संपत्ति
- राजीव सीएस अनुमोदन करने का रिकॉर्ड बना रहें हैं

**क्या कहना है मुख्य अभियंता का**

इन आरोपों पर मुख्य अभियंता राजीव लोचन ने कहा कि बीडर्स को अपनी शिकायत दर्ज कराने का पूरा मौका दिया जाता है. उनकी शिकायते सुनी जाती है और नियम अनुसार समाधान भी किया जाता है. कार्य लंबित रखने वाले संवेदक को टेक्निकल बीड कैपेसिटी के आधार पर कार्य दिया जा रहा है. उनका कोई मकान किसी आदिवासी की जमीन पर नहीं बना है. यह आरोप बिल्कुल गलत है.

# बेटी की विदाई के बाद पिता को पीट-पीट कर मार डाला

संवाददाता । नवादा

जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के चंद्रशेखर नगर में मंगलवार को बेटी की विदाई के बाद पिता की पीट-पीट कर हत्या कर देने का मामला सामने आया है जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया. घटना की सूचना पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. मृतक की पहचान बेलारू गांव निवासी इतवारी मांझी के 48 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र मांझी के रूप में हुई है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी गई है. मृतक पिता धर्मेंद्र का पुत्र नंदू मांझी ने बताया कि घर में बहन खुशबू कुमारी का सेकेंड मैरिज कार्यक्रम चल रहा था. अगुआ बने



विनोद मांझी रात में ही बहन की विदाई कराना चाहता था. मेरे पिता बोले कि सुबह में बेटी की विदाई कर देंगे. इसी को लेकर विवाद हो गया. उस समय तो मामला किसी तरह से शांत कर दिया गया और फिर सुबह में मेरी बहन की विदाई हो गई.

**लाठी डंडे से हमला कर पिता की हत्या :** पुत्र नंदू मांझी ने बताया कि मेरे पिता विदाई के बाद अपने रिश्तेदार को छोड़ने के लिए चंद्रशेखर नगर जा रहे थे. तभी अगुआ विनोद मांझी मेरे पिता के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडे से हमला कर दिया. जिससे उनकी मौत हो गई. 4 से 5 की संख्या में आए लोगों ने मेरे पिता के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है. जैसे ही घटना की जानकारी मिली तो हमलोगों ने अपने पिता को उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. इस पूरे मामले में प्रभारी मोहन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर शव को बरामद कर लिया गया है. पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है. लिखित आवेदन के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

**मचा कोहराम**

- मृतक की पहचान धर्मेंद्र मांझी के रूप में हुई है
- चार-पांच लोगों ने दिया घटना को अंजाम

## आओ जानें

### जानें बिहार के बारे में

**बिहार का मतलब क्या है और यह नाम क्यों पड़ा? :** प्राचीन काल में बिहार को मगध के नाम से जाना जाता था और इसकी राजधानी पाटलिपुत्र हुआ करती थी. बाद में इसका नाम बिहार कर दिया गया.

**बिहार की खोज कब हुई थी? :** बिहार किसी खोज का नतीजा नहीं है, बल्कि यह बंगाल विभाजन के बाद अस्तित्व में आया था. 22 मार्च 1912 में बिहार अस्तित्व में आया था और 26 जनवरी 1950 को इसे राज्य का दर्जा दिया गया.

**बिहार का अंतिम राजा कौन था? :** बिहार का अंतिम शासक घनानंद था. इस वंश के अधीन नंद और उसके 8 वंशजों ने बिहार पर शासन किया था. महापद्मनंद और घनानंद इस वंश के सबसे अच्छे शासकों में से थे.

**प्रतीक चिन्ह क्या है? :** राजकीय प्रतीक चिन्ह बोधि वृक्ष है.

**बिहार का सबसे सुंदर शहर कौन है? :** मिथिलांचल का मधुबनी बिहार का सबसे खूबसूरत शहर है.

## ब्रीफ खबरें

### बिहार में डेंगू के 250 मामले सामने आए

**पटना ।** बिहार में डेंगू का डंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है. बीते 2 महीने से पूरा बिहार डेंगू के चपेट में है और राजधानी पटना हॉटस्पॉट बना हुआ है. बीते 24 घंटे में पूरे प्रदेश में डेंगू के 250 नए मामले मिले हैं. इसमें पटना में सर्वाधिक 155 नए मामले मिले हैं. प्रदेश में पटना के अलावा भागलपुर, सारण, मुजफ्फरपुर, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, मुंगेर, वैशाली जैसे प्रदेश के सभी जिले डेंगू से प्रभावित हैं. प्रदेश में डेंगू के कुल ज्ञात मामलों की संख्या 13481 हो चुकी है. इसमें पटना में ही डेंगू मरीजों की संख्या 6099 हो गई है.

### बक्सर में पूजा पंडाल के पास फायरिंग

**बक्सर ।** बक्सर जिले में दशहरा की देर रात एक के बाद एक कई गोलियां चलने से अफरातफरी का माहौल कायम हो गया. घटना नगर थाना क्षेत्र के समाहरणालय के समीप पूजा पंडाल के बाहर की बताई जा रही है. बताया जा रहा है कि पूजा पंडाल के बाहर युवकों के दो गुटों के बीच झड़प हो गई, जिसमें दोनों पक्षों की ओर से खूब गोलियां चली. घटना के बाद पुलिस असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया, वहीं स्थानीय लोग भी दहशत में हैं.

### सड़क हादसे में राजद नेता समेत 3 की मौत

**अरवल ।** सड़क दुर्घटना में राजद नेता समेत तीन लोगों की मौत हो गई है. हादसा मंगलवार शाम को करपी-इमामगंज रोड पर हुआ है. जहां दो बाइक की भीषण टक्कर में राजद के किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष समेत तीन लोगों की मौत हो गई. इस दुर्घटना में करपी थाना क्षेत्र के बैरबिघा निवासी राजद नेता लालबहादुर शास्त्री, उनका भतीजा उदय कुमार और भुआपुर निवासी नीरज बिंद की मौत हुई है. बताया जा रहा है कि जिलाध्यक्ष और उनका भतीजा बाइक से रावन दहन देखने अरवल गए थे. मेला देखने के बाद लौटते समय तेज रफ्तार बाइक से टक्कर हो गई.

## कटिहार में छह लोगों की हत्या का है आरोपी

# 50 हजार का इनामी अपराधी मोहन ठाकुर जसीडीह से हुआ गिरफ्तार

संवाददाता । कटिहार

कटिहार में छह लोगों की हत्या करने वाले ठाकुर को आखिर बिहार पुलिस ने दबोच ही लिया. पुलिस ने उसे झारखंड के देवघर स्थित जसीडीह से गिरफ्तार किया है. वह अपराधी 50 हजार का इनामी और एक दो हत्या नहीं बल्कि नरसंहार करने वाला कुख्यात अपराधी मोहन ठाकुर उर्फ मोहना ठाकुर है. उसकी गिरफ्तारी भागलपुर और कटिहार पुलिस की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी में कर की है.

इस बात की जानकारी भागलपुर एसएसपी आनंद कुमार ने दी. पुलिस का कहना है कि बिहार से लेकर बंगाल तक उसके आपराधिक कारनामें हैं जिसमें लगभग ढाई दर्जन से अधिक मामले सरकारी फाइलों में दर्ज हैं वहीं लोगों का कहना है कि ऐसे अनगिनत मामले भी हैं जो थानों में दर्ज नहीं हो सके. बता दें कि दो दिसंबर को कटिहार जिला के बकिया दियारा में दो गुटों के बीच वर्चस्व के लिए फायरिंग हुई थी जिसमें करीब आधा दर्जन मौत की आशंका की गई थी. पुलिस ने





एक शव बरामद होने पर एक ही मौत की पुष्टि की थी लेकिन फिर मनिहारी थाना क्षेत्र के कमालपुर दियारा में नदी में बहती हुई कई लाशें बरामद की गई. फिर चार जनवरी की शाम को कटिहार के कुरसेला में दो पक्षों में गोलीबारी हुई जिसमें खेत में काम कर रहे किसान की जान चली गई थी.

**पहले भी कई अपराधी हो चुके हैं गिरफ्तार :** घटना के बाद कटिहार पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स ने गुजरात के सूरत से मोहन ठाकुर गिरोह के मुख्य शूटर सुमन कुंवर, धीरज सिंह, अमन तिवारी और अभिषेक उर्फ टाइगर को गिरफ्तार किया. एफआईआर में नामजद 23 आरोपियों में से इन चारों को मिलाकर तबतक 12 अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी लेकिन, मोस्ट वांटेड आरोपी गिरोह का सरगना मोहन ठाकुर अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर था.

**मां है मोहना, चांदपुर की मुखिया :** कटिहार में मोहना चांदपुर एक जगह है, जिसकी मुखिया हैं मोस्ट वांटेड मोहन ठाकुर उर्फ मोहना की मां. मोहन ठाकुर नाम है, लेकिन यह जाति से भूमिहार है. इसके गैंग में अन्य जातियों के भी लोग हैं, लेकिन कुछ लोगों ने मोहन ठाकुर की जाति के कारण इसे भूमिहारों का गैंग प्रचारित कर दिया है. इस प्रचार को सहारा इसलिए मिला, क्योंकि सामने सुनील यादव का गैंग है. इसमें यादव जाति के ही ज्यादा लोग हैं. इन दोनों के बीच दियारा की जमीन और उसकी फसल को लेकर गैंगवार चलता रहता है. कई बार राजनीतिक और जातिगत कारणों से भी गैंगवार हुआ है, क्योंकि पंचायत सरकार में भी वर्चस्व की लड़ाई चल रही है.

बता दें कि पुलिस का कहना है कि जसीडीह में वह छुपकर रहता था. पत्नी से बातचीत करने के दौरान पुलिस ने उसके मोबाइल नंबर को सर्विलेंस में रखकर उसे गिरफ्तार किया है.

# एमपी चुनाव में जदयू ने उतारे 5 कैंडिडेट

संवाददाता । पटना

मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में जदयू ने भी चुनाव लड़ने का फैसला किया है. जनता दल यूनाइटेड ने इस संबंध में अपने उम्मीदवारों की प्रथम सूची को जारी की है. जदयू के महासचिव और बिहार विधान परिषद के सदस्य आफाक अहमद खान की तरफ से मंगलवार को जारी की गई सूची के अनुसार मध्य प्रदेश में जदयू पिछोर, राजनगर, विजय राघवगढ़, थांदला और पेटलावद विधानसभा सीट पर अपने उम्मीदवारों को उतारेगी. वहीं, इस घोषणा के बाद 'इंडिया' गठबंधन के एकजुटता पर सवाल उठने लगे हैं. बता दें कि कुछ दिन पहले सपा प्रमुख की कांग्रेस से नाराजगी सभी के सामने आ गई थी. जदयू ने पिछोर सीट से चंद्रपाल यादव, राजनगर से रामकुंवर (रानी) रैकवार, विजय राघवगढ़ से शिवनारायण सोनी, थांदला से तोल सिंह भूरिया और पेटलावद सीट से रामेश्वर सिंघार को टिकट दिया है. वहीं, इस घोषणा के बाद 'इंडिया' गठबंधन को लेकर चर्चा तेज हो गई है.

वहीं, 'इंडिया' गठबंधन में उठ रही नाराजगी को लेकर एलजेपी आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि लोकसभा चुनाव आते-आते गठबंधन बिखर जाएगा. बता दें कि एमपी में सीट शेयरिंग को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की कांग्रेस से नाराजगी सामने आई है. समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने एमपी में सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस पर धोखेबाज का आरोप लगाया था. मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा था कि-हमें बुलाया ही क्यों था जब गठबंधन नहीं करना था. हमें बता देते कि प्रदेश स्तर पर नहीं लोकसभा चुनाव के समय गठबंधन होगा. इसके साथ ही सपा मुखिया ने कहा कि मुझे कांग्रेस के लोग बोल दें कि सपा के साथ उन्हें गठबंधन नहीं करना है, हमसे साजिश और षड्यंत्र न करें.

# मुजफ्फरपुर में एक कमरे से मिला लड़का-लड़की का शव

**मुजफ्फरपुर ।** जिले के पारू थाना क्षेत्र के कसवा गांव में मंगलवार (24 अक्टूबर) को एक कमरे से किशोर-युवती का शव बरामद किया गया है. पुलिस इसे प्रेम प्रसंग का मामला बता रही है. पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है. वही ग्रामीणों के अनुसार दोनों की हत्या की गई है. दरअसल, एक घर से 18 वर्षीय युवती और 17 वर्षीय किशोर का शव बरामद हुआ है. दोनों मृतक की शिनाख्त भी कर ली गई है. किशोर पारू कसवा के मो नरूला के पुत्र मो. आशिक और युवती नवल राय की पुत्री गौरी कुमारी बताई जा रही है. दोनों शव युवती के घर के कमरे से बरामद किया गया है. पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया है. परिजनों ने बताया कि दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर उनकी बेटी और गांव के ही एक किशोर का शव पड़ा हुआ था. इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई.

### लालू प्रसाद पहुंचे छपरा, कार्यकर्ता बेकाबू

**पटना ।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद बुधवार को एक बजे छपरा पहुंचे. छपरा सर्किट हाउस पहुंचते ही कार्यकर्ता बेकाबू हो गए और धक्का-मुक्की में सर्किट हाउस के गेट का शीशा टूट गया. मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया. लोकसभा चुनाव को लेकर लालू पूरी तरह से एक्टिव हो गए हैं और लगातार पार्टी की गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं. छपरा सर्किट हाउस में लालू के पहुंचते ही कार्यकर्ता बेकाबू हो गए और लालू की एक झलक पाने के लिए एक दूसरे के साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी.

## कारोबार

### होनासा कंज्यूमर का आईपीओ 31 को खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** होनासा कंज्यूमर लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 31 अक्टूबर को खुलेगा और दो नवंबर को बंद होगा. होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के पास मामाअर्थ और द डर्मा कंपनी जैसे एफएमसीजी ब्रांड का स्वामित्व है. रेड हेरिंग दस्तावेजों के अनुसार, एंकर निवेशक 30 अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे. आईपीओ में 365 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर और प्रवर्तकों तथा अन्य बिक्री शेयरधारकों के 4.12 करोड़ इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है.

### तस्करी किए सोने की जब्ती 43 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** अप्रैल-सितंबर के दौरान तस्करी किए गए सोने की जब्ती करीब 43 प्रतिशत बढ़कर 2,000 किलोग्राम हो गई. इसमें से अधिकतर सोना म्यांमा, नेपाल और बांग्लादेश की सीमाओं के जरिए भारत में लाया गया. केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि पिछले साल अप्रैल-सितंबर में 1,400 किलोग्राम सोना जब्त किया गया था, जबकि पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में करीब 3,800 किलोग्राम सोना जब्त किया गया. अग्रवाल ने पत्रकारों से कहा, पिछले साल की तुलना में सोने की शुल्क संरचना में कोई बदलाव नहीं हुआ है.

### 328 किलोग्राम मादक पदार्थ का किया निपटान

**नयी दिल्ली ।** दिल्ली सीमा शुल्क विभाग ने जब्त किए गए करीब 294 करोड़ रुपये मूल्य के 328 किलोग्राम मादक पदार्थों और विदेशी मूल की सिगरेट का बुधवार को निपटान किया. एक विशेष अभियान 3.0 के तहत दिल्ली सीमा शुल्क निवारक क्षेत्र ने 80 लाख सिगरेट, 286 किलोग्राम खट पत्तियां, 29 किलोग्राम हेरोइन, छह किलोग्राम कोकीन और सात किलोग्राम एम्फेटामाइन का निपटान किया. चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि आज 328 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट किया जा रहा है. इसकी कीमत 284 करोड़ रुपये है.

## डब्ल्यूटीओ बैठक में अधिकारियों ने विवाद निपटाने को सुधार, कृषि, ई-वाणिज्य पर की चर्चा

# जिनेवा में विवाद निपटाने पर मिला समर्थन

एजेंसी । नयी दिल्ली

जिनेवा में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्य देशों के वरिष्ठ अधिकारियों की दो दिवसीय बैठक में विवाद निपटान सुधार, कृषि, मत्स्य पालन सब्सिडी और ई-वाणिज्य व्यापार पर सीमा शुल्क पर रोक जैसे मुद्दे उठाए गए. यह बैठक 24 अक्टूबर को सम्पन्न हुई. भारत से वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव पीयूष कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया. बैठक के सारांश के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों द्वारा जिनेवा में विवाद निपटान (डीएस) सुधार पर जारी अनौपचारिक प्रक्रिया का पुरजोर समर्थन किया.

यह सारांश डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक न्गोजी ओकोन्जो-इवेला और बोत्सवाना से जनरल काउंसिल की वर्तमान प्रमुख अथालिया लेसिबा मोलोकोम्मे द्वारा तैयार किया गया. सारांश के अनुसार, विवाद निपटान सुधार के लिए अपना राजनीतिक समर्थन व्यक्त करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए तत्काल कुछ करने की आवश्यकता और विश्व व्यापार



संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सभी सदस्य देशों के विवाद निपटान हितों को ध्यान में रखने पर जोर दिया. वैश्विक निर्यात तथा आयात के लिए मानदंड तैयार करने के अलावा जिनेवा स्थित 164 सदस्यीय बहुपक्षीय निकाय सदस्य देशों के बीच व्यापार विवादों का निपटारा करता है.

कृषि व खाद्य सुरक्षा पर सारांश में कहा गया कि कई अधिकारियों ने कृषि वार्ता में प्रगति करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसमें खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण, घरेलू समर्थन, बाजार पहुंच और विशेष सुरक्षा तंत्र शामिल हैं. भारत सार्वजनिक भंडारण के मुद्दे के स्थायी समाधान तलाशने पर जोर दे रहा है क्योंकि यह विकासशील देशों में लोगों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है.

मत्स्य पालन सब्सिडी पर सारांश में कहा गया कि अधिकारियों ने वार्ता के दूसरे चरण को सम्पन्न करने और मत्स्य पालन सब्सिडी पर समझौते के पहले चरण को लागू करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की. साथ ही सारांश में कहा गया, सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए राजनीतिक मार्गदर्शन के अनुरूप एमसी13 में ठोस परिणाम हासिल करने के मकसद से विवाद निपटान सुधार पर जारी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. यह 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी13) 26 से 29 फरवरी को अबू धाबी में आयोजित किया जाएगा. मंत्रिस्तरीय सम्मेलन विश्व व्यापार संगठन का सर्वोच्च फैसले करने वाला निकाय है.



**नई दिल्ली ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा सचिव गिरिधर अरामाने के साथ भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भानु प्रकाश श्रीवास्तव से वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 224.27 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश चेक प्राप्त किया.

# शाह बीबीएसएसएल की वेबसाइट की करेंगे शुरुआत

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह कुछ समय पहले गठित भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) के प्रतीक चिह्न (लोगो) एवं वेबसाइट की बृहस्पतिवार को शुरुआत करेंगे. एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई. इसके मुताबिक, शाह 'सहकारी क्षेत्र के माध्यम से उन्नत एवं पारंपरिक बीजों के उत्पादन पर आयोजित एक संगोष्ठी में बीबीएसएसएल के सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे.

इस संगोष्ठी में बीबीएसएसएल के उद्देश्यों, प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों (पैक्स) के माध्यम से बीज उत्पादन के महत्व और फसलों की उत्पादकता एवं पोषण में बीजों की भूमिका पर चर्चा की जाएगी. इसके अलावा छोटे एवं सीमांत किसानों के उत्थान में सहकारी समितियों की भूमिका पर भी गौर किया जाएगा. सहकारी क्षेत्र के माध्यम से बीजों के प्रसंस्करण और विपणन के साथ उन्नत एवं पारंपरिक बीजों के अनुसंधान और उत्पादन के लिए एक प्रमुख संगठन के रूप में कार्य करेगा.

## विस्तार | जियो हर 10 सेकंड में कर सकता है एक 5जी सेल तैनात

# देशभर में 85 प्रतिशत 5जी नेटवर्क स्थापित : अंबानी

एजेंसी । नयी दिल्ली

दूरसंचार प्रमुख कंपनी रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि कंपनी ने भारत में 85 प्रतिशत 5जी नेटवर्क तैनात कर दिया गया है और वह हर 10 सेकंड में एक 5जी सेल तैनात करने की क्षमता रखती है. ब्रॉडबैंड स्पीड व क्वालिटी मापने वाली कंपनी ओकला द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, रिलायंस जियो के चेयरमैन ने कहा कि कंपनी ने दिसंबर 2023 की तय समय सीमा से पहले पूरे देश में 5जी नेटवर्क का विस्तार कर दिया है.

आकाश अंबानी ने कहा, मुझे ट्रू 5जी रोल-आउट की हमारी गति पर काफी गर्व है. आज हमने दिसंबर 2023 की अपनी तय समय सीमा से




पहले पूरे देश में मजबूत ट्रू 5जी नेटवर्क का विस्तार किया है. भारत में संपूर्ण 5जी तैनाती का 85 प्रतिशत जियो द्वारा किया गया है. हर 10 सेकंड में एक 5जी सेल तैनात किया जा रहा है. दूरसंचार विभाग के अनुसार, देश भर में 5जी के लिए 3.38 लाख से अधिक बेस स्टेशन तैनात किए गए हैं. ओकला ने रविवार को कहा कि जियो भारत में नंबर एक नेटवर्क के रूप में उभरा है. उसने बाजार में मोबाइल नेटवर्क के लिए ओकला द्वारा दिए जाने वाले सभी नौ स्पीडटेस्ट पुरस्कार जीते हैं. इसमें 5जी नेटवर्क के लिए सभी पुरस्कार भी शामिल हैं.

### होंडा ने सेल्फ ड्राइविंग, एआई पर लगाया दांव

**तोक्यो ।** जापानी वाहन कंपनी होंडा मोटर के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तोशीहिरो मिबे ने बुधवार को कहा कि कंपनी सेल्फ ड्राइविंग और जेनरेटिव एआई जैसी नई प्रौद्योगिकियों पर बड़ा दांव लगा रही है. उन्होंने कहा कि कंपनी का मकसद लोगों को भविष्य में समग्र गतिशीलता समाधान प्रदान करते हुए समय तथा स्थान जैसी विभिन्न बाधाओं को पार करने में सक्षम बनाना है. मिबे ने यहां जापान मोबिलिटी शो में सेल्फ ड्राइविंग वाहन क्रूज ओरिजिन का अनावरण किया. जीएम और क्रूज़ के साथ होंडा ने 2026 की शुरुआत में होंडा सीआई-एमईवी सेल्फ-ड्राइविंग माइक्रो के साथ जापान में ड्राइवर के बिना चलने वाले वाहन पेश करने की योजना बनाई है. इसके अलावा कंपनी ने इलेक्ट्रिक स्पोर्ट कार प्रील्यूड कॉन्सेप्ट का भी अनावरण किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह स्पोर्ट मॉडल के हमारे भविष्य के मॉडल के लिए एक शुरुआती कदम होगा. साथ ही मिबे ने बताया कि होंडा एक जेनेरिक एआई-संचालित अनुभव के जरिए अपनी 'ड्रीम मोबिलिटी' भी तैयार कर रही है. उन्होंने कहा, होंडा में हमने अपने डिजाइनर की रचनात्मकता को प्रदर्शित करने की क्षमता का समर्थन करने के लिए जेनरेटिव एआई (कृत्रिम मेधा) का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है.

# ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को नोटिस जारी किया गया

एजेंसी । नयी दिल्ली

जीएसटी अधिकारियों ने कर चोरी के मामले में ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अभी तक एक लाख करोड़ रुपये के कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. हालांकि, अधिकारी ने कहा कि एक अक्टूबर के बाद से भारत में पंजीकृत की गई विदेशी गेमिंग कंपनियों का कोई डाटा अभी तक उपलब्ध नहीं है. सरकार ने जीएसटी कानून में संशोधन किया है, जिससे एक अक्टूबर से विदेशी ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए भारत में पंजीकरण कराना अनिवार्य हो गया.

जीएसटी परिषद ने अगस्त में स्पष्ट किया था कि ऑनलाइन गेमिंग मंच पर लगाए गए दांव के पूर्ण मूल्य पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाया जाएगा. अधिकारी ने कहा, ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अब तक जीएसटी अधिकारियों द्वारा करीब एक लाख करोड़ रुपये के नोटिस भेजे गए हैं. ड्रीम11 जैसे कई ऑनलाइन गेमिंग मंच और डेल्टा कॉर्प जैसे कैसीनो संचालकों को करों के कथित पूर्ण भुगतान न करने के लिए कारण बताओ नोटिस मिले हैं. गेमिंग मंच गेम्सक्राफ्ट को 21,000 करोड़ रुपये की कथित जीएसटी चोरी के लिए पिछले साल सितंबर में कारण बताओ नोटिस भेजा गया था. कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाया था. हालांकि केंद्र सरकार ने फैसले के खिलाफ जुलाई में उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की है.

# विश्व जनमत का संदेश

**क्या** फिलिस्तीनियों के साथ इंसाफ होगा ? दो राष्ट्र के मान्य विचार को अमल में लाया जा सकेगा या फिर एक नए तरह का होलोकास्ट अंजाम दे ही दिया जाएगा. ये कुछ ऐसे सवाल हैं, जो विश्व के नागरिक समाजों के लिए चिंता के सबब बने हुए है. इसी चिंता का प्रतिफलन दुनिया के अनेक देशों में हुए बड़े बड़े प्रदर्शनों में व्यक्त हुए हैं. लंदन में तो इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ, जिसमें फिलिस्तीनियों के जनसंहार को रोकने के लिए आवाज बुलंद की गयी. यही नहीं, पश्चिम और अमेरिका के तमाम मित्र देशों की सड़कों पर तत्काल युद्धविराम लागू करने की मांग की गयी. इससे एक बात तो जाहिर हो रही है कि सरकारों की सोच और आम जनता की सोच बंटी हुई है. यूक्रेन और रूस के युद्ध में पुतिन को जिन कारणों से युद्ध अपराधी बताया गया, वैसी ही हालत में पश्चिमी देशों की सरकारें इजराइल को ले कर चुप्पी साधी हुई हैं.

> 21वीं सदी के दौर में जिस तरह के होलोकास्ट का नया तरीका देखने को मिल रहा है, वह रोंगटे खड़े कर देने के लिए काफी है. इतिहास के अन्यायों को केवल तात्कालिकता में नहीं देखा जा सकता.

21वीं सदी के दौर में जिस तरह के होलोकास्ट का नया तरीका देखने को मिल रहा है, वह रोंगटे खड़े कर देने के लिए काफी है. इतिहास के अन्यायों को केवल तात्कालिकता में नहीं देखा जा सकता. ओस्लो के समझौते के बाद जब यह सर्वसम्मति बन गयी थी कि फिलिस्तिनियों का अपना देश बनेगा और इजराइल के साथ सहअस्तित्व का संबंध भी. तो उस समझौते को अब तक क्यों नहीं लागू किया गया. हमास जैसे संगठन विश्व की इन्हीं नाकामियों की उपज होते हैं. युद्ध से न तो अफगानिस्तान में हालात बेहतर हुए और न ही इराक में. सीरिया एक लंबे आंतरिक युद्ध का शिकार बना हुआ है. पश्चिम एशिया पर वर्चस्व की लड़ाई प्रभावी देशों का शगल हो सकता है, लेकिन वहां की जनता की बेबसी और पिछड़ेपन का कारण क्या है, यह तो तय करना ही होगा. काहिरा में आयोजित शांति सम्मेलन पश्चिमी देशों के कारण विफल हो गया है, यह दुनिया भर के अखबार ही बता रहे है. तत्काल युद्ध विराम ही वह तरीका है, जिसके बाद आगे की राह निकल सकती है. इसके साथ ही गाजा में मारे गए अब तक लगभग पांच हजार नागरिकों, बर्बाद संचनाएं, अस्पताल और हजारो घायलों के लिए फौरी राहत की जरूरत है. गाजा को तत्काल कम से कम 2000 ट्रक राहत सामग्री की जरूरत है, लेकिन अब तक कुछ सौ ही ट्रकों के गाजा प्रवेश की छूट दी गयी है. इस शताब्दी का यह सबसे बड़ा हादसा है. निर्दोष इजराइली नागरिकों की हत्या जितना गंभीर और निंदनीय है, उससे कम गाजा के लोगों की नहीं. दुनिया की बड़ी ताकतें आखिर फिलिस्तीन के इंसाफ के लिए कब आवाज उठाएंगीं. विश्व समुदाय का दायित्व है कि संहारक हथियारों के इस दौर में युद्धों के विस्तार को रोके.

## सुभाषित

**कुलस्यार्थे त्यजेदेकम् ग्राम्स्यार्थे कुलंज्येत्।**
**ग्रामं जनपदस्यार्थे आत्मार्थे पृथिवीं त्यजेत्॥**

कुटुम्ब के लिए स्वयं के स्वार्थ का त्याग करना चाहिए, गांव के लिए कुटुम्ब का त्याग करना चाहिए. देश के लिए गांव का त्याग करना चाहिए और आत्मा के लिए समस्त वस्तुओं का त्याग करना चाहिए. अर्थात त्याग ही महिमावान है, जो आत्मोन्नति के लिए आवश्यक है.

# निठारी नृशंसता और जांच की लापरवाही

**बात 2005 से शुरू होती है. बच्चे कोठी नंबर डी-5 के पास क्रिकेट खेल रहे थे. एक बच्चे ने नाले में एक हाथ देखा. हल्ला हुआ, निठारी पुलिस ने उसकी जांच की और उसने इस बात को झुठला दिया कि वह किसी मानव का हाथ था. पुलिस ने उसे जानवर का हाथ करार दिया. दूसरी घटना यह हुई कि 7 मई, 2006 को पायल नामक एक लड़की रिक्शा से काम करने डी-5 पहुंची और यह कहकर अंदर गई कि अंदर से पैसे लाकर देती हू, लेकिन वह बाहर नहीं निकली.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

**उ**त्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा सेक्टर—31 स्थित डी-5 के बगल में स्थायी लैंडमार्क पानी की टंकी आज भी वैसा की वैसी ही है. उसी स्थान पर निठारी गांव भी गवाह स्वरूप मौजूद है. इसी जगह पर वर्ष 2006 में हुए निठारी कांड में 19 लोगों की हत्या का पता चला था. इसमें पुलिस की छानबीन से पता चला था कि इस हत्याकांड में मोहिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली नामक कोठी के मालिक और नौकर दोषी हैं. पुलिस ने अपनी जांच में पाया था कि काम के बहाने नबालिग लड़कियों को कोठी में बुलाया जाता था और उनके साथ सुरेंद्र कोली और मोहिंदर सिंह पंढेर पहले दुष्कर्म करता था, फिर उसकी हत्या करके नरभक्षी सुरेंद्र कोली उसका मांस खाता था. उसके बाद बच्चियों के शरीर को खंड—खंड में काटकर बगल में बहते गंदे नाले में फेंक देता था. ऐसा एक दो के साथ नहीं, कई लड़कियों के साथ हुआ और जिसने प्रदेश ही नहीं, देश में तहलका मचा दिया. अंत में तथाकथित अपराधियों को अदालत में पेश करके पुलिस ने अपनी पीठ थपथपाते हुए हत्या और दुष्कर्म के 14 मामले में सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा तथा पंढेर को दो बच्चियों की हत्या के मामले में फांसी की सजा सुनाई गई. रहस्यमय ढंग से की गई इस हत्याकांड का जब 2006 में खुलासा हुआ था, तो पूरा देश स्तब्ध रह गया था. जोर-शोर से सरकार ने इसकी जांच के आदेश दिए थे. आज भी जब इस रास्ते से आप गुजरेंगे, तो आपके शरीर में झुरझुरी सी महसूस होगी और अचानक आपकी नजर पानी की उस टंकी पर चली जाएगी जिसके नीचे वह कोठी है जहां झाड़-झंखाड़ ने उस कोठी को जकड़ लिया है और जिसे लोग अब भुतहा कोठी के नाम से जानने लगे हैं.

बात 2005 से शुरू होती है. बच्चे कोठी नंबर डी-5 के पास क्रिकेट खेल रहे थे. एक बच्चे ने नाले में एक हाथ देखा. हल्ला हुआ, निठारी पुलिस ने उसकी जांच की और उसने इस बात को झुठला दिया कि वह किसी मानव का हाथ था. पुलिस ने उसे जानवर का हाथ करार दिया. दूसरी घटना यह हुई कि 7 मई, 2006 को पायल नामक एक लड़की रिक्शा से काम करने डी-5 पहुंची और यह कहकर अंदर गई कि अंदर से पैसे लाकर देती हूं, लेकिन वह बाहर नहीं निकली. रिक्शा वाले ने घंटी बजाकर पूछा तो अंदर से नौकर (सुरेंद्र कोली) ने बाहर आकर बताया कि वह तो बहुत पहले बाहर चली गई. रहस्य गहराता गया और स्वजन ने उसकी तलाश की, लेकिन बेटी नहीं मिली, तो पुलिस से शिकायत की गई, पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी. इसके बाद मनिंदर सिंह पंढेर के घर के पीछे नाले में कई शव मिलने के बाद मामला सामने आया. इस मामले में 19 केस दर्ज किए गए थे, जिनमें से 17 केस अभी पंजीकृत हैं. इनमें से 14 मामलों में अदालत पहले ही फैसला सुना चुकी है.

बता दें कि सुरेंद्र कोली को 12 मामलों से बरी किया गया है. इन मामलों में उसे ट्रायल कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी. वहीं, मोनिंदर सिंह पंढेर को जिन दो मामलों में फांसी की सजा मिली थी, उसे भी रद्द कर दिया गया है. दोनों आरोपियों ने सीबीआई कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी. दरअसल, निठारी कांड में सीबीआई ने 16 मामले दर्ज किए थे. इनमें से सुरेंद्र कोली को 14 मामलों में फांसी की सजा मिल चुकी है, जबकि मनिंदर सिंह पंढेर के खिलाफ छह मामले दर्ज थे. इनमें से तीन मामलों में फांसी की सजा सुनाई गई थी. दो मामलों में वह पहले ही बरी हो गया था. हाई कोर्ट ने कोली को 12 मामलों में बरी किया है, वहीं पंढेर को दो मामलों में बरी किया गया है. हाई कोर्ट ने सीधे तौर पर कोई सबूत और गवाह न होने के आधार पर इन दोनों को बरी किया है.

जिस जुर्म ने देश ही नहीं, पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया था, उसमें अपराधी बरी हो जाएं, इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सक्तता है और इससे अधिक लचर जांच एजेंसियां और कहां हो सकती हैं. कानून तो सबूत मांगता है, फिर बच्चों की नृशंस हत्या हो और पुलिस सबूत इकट्ठा न कर पाए, फिर सबूतों के अभाव में कोर्ट द्वारा अपराधियों को बरी कर दिया जाए, इससे अधिक जांच की लचर स्थिति और किस देश की हो सकती है. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जिस तरह से जांच की गई, उससे हम निराश हैं. साक्ष्य इकठ्ठा करने में, आधारभूत मानकों का उल्लंघन किया गया. अदालत ने कहा कि हम यह नहीं कह सकते कि वास्तव में क्या हुआ? यह बात हम जांच पर छोड़ते हैं. इस मामले में निष्पक्ष ट्रायल नहीं हुआ, जिससे सुरेंद्र कोली और पंढेर के अपराध को साबित करने में अभियोजन विफल रहा. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए यह भी कहा कि अभियोजन पक्ष निम्न बिंदुओं पर विफल रहा— (1)कंकाल बरामद में निर्धारित प्रक्रिया नहीं अपनाई गई (2) गिरफ्तारी, बरामदगी व इकबालिया बयान में महत्वपूर्ण बिंदु गायब हैं (3) अभियुक्त की मेडिकल जांच नहीं कराई गई (4) 60 दिन तक पुलिस की अभिरक्षा में रखने का कोई जवाब नहीं. फैसला सुनने के बाद उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह कहते हैं कि मैं बहुत निराश हूं. इससे ज्यादा सनसनीखेज मामला नहीं हो सकता है. मेरे जीवन में यह पहला आदमखोर केस था, जिसने न जाने कितने लोगों की हत्या कर उसका मांस खाया.जो भी हो, अब इस निर्णय पर कोई कुछ भी छींटाकशी करे, कितना ही तर्क-वितर्क करे, उन्नीस बच्चों की किसने और किस प्रकार हत्या की, यह रहस्य अब और गहरा गया है.आरुषि की हत्या का रहस्य वर्षों तक नही सुलझा और आज भी हत्याकांड अनसुलझा रहस्य बना हुआ है . यह एक बहुत बड़ा प्रश्नचिह्न है जिसका उत्तर समाज को ढूंढ़ना ही होगा.

• बोधि-वृक्ष | सोनी वार्ष्णेय



## नैतिक मूल्य और मनुष्यता

**अ**संतोष, अलगाव, उपद्रव, आंदोलन, असमानता, असामंजस्य, अराजकता, आदर्श विहीनता, अन्याय, अत्याचार, अपमान, असफलता अवसाद, अस्थिरता, संघर्ष, हिंसा... यही सब घेरे हुए है आज हमारे जीवन को.व्यक्ति में एवं समाज में साम्प्रदायिकता, जातीयता, भाषावाद, क्षेत्रीयतावाद, हिंसा की संकीर्ण कुत्सित भावनाओं व समस्याओं के मूल में उत्तरदायी कारण है मनुष्य का नैतिक और चारित्रिक पतन अर्थात नैतिक मूल्यों का क्षय एवं अवमूल्यन. नैतिकता का सम्बंध मानवीय अभिवृत्ति से है, इसलिए शिक्षा से इसका महत्त्वपूर्ण अभिन्न व अटूट सम्बंध है. कौशलों व दक्षताओं की अपेक्षा अभिवृत्ति-मूलक प्रवृत्तियों के विकास में पर्यावरणीय घटकों का विशेष योगदान होता है. यदि बच्चों के परिवेश में नैतिकता के तत्त्व पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं हैं तो परिवेश में जिन तत्त्वों की प्रधानता होगी वे जीवन का अंश बन जायेंगे..देश की सबसे बड़ी शैक्षिक संस्था-राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के द्वारा उन मूल्यों की एक सूची तैयार की गयी है जो व्यक्ति में नैतिक मूल्यों के परिचायक हो सकते हैं. वास्तव में, नैतिक गुणों की कोई एक पूर्ण सूची तैयार नहीं की जा सकती, तथापि संक्षेप में हम इतना कह सकते हैं कि हम उन गुणों को नैतिक कह सकते हैं जो व्यक्ति के स्वयं के, सर्वांगीण विकास और कल्याण में योगदान देने के साथ-साथ किसी अन्य के विकास और कल्याण में किसी प्रकार की बाधा न पहुंचाए. विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि नैतिक मूल्यों की जननी नैतिकता सद्‌गुणों का समन्वय मात्र नहीं है, अपितु यह एक व्यापक गुण है जिसका प्रभाव मनुष्य के समस्त क्रिया- कलापों पर होता है और सम्पूर्ण व्यक्तित्व इससे प्रभावित होता है. वास्तव में नैतिक मूल्य/नैतिकता आचरण की संहिता है. हमें इस बात को भली भांति समझना होगा कि नैतिक मूल्य नितांत वैयक्तिक होते हैं. अपने प्रस्फुटन उन्नयन व क्रियान्वय से यह क्रमशः अंतयक्तिक/सामाजिक व सार्वभौमिक होते जाते हैं.खेद का विषय है कि हमारी शिक्षा केवल बौद्धिक विकास पर ध्यान देती है.

# वैश्विक हालात में महंगाई की आशंका

• आर्थिकी

जयंतीलाल भंडारी

> यद्यपि इसी माह अक्तूबर, 2023 में प्रकाशित केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक एवं खुदरा महंगाई के सूचकांक महंगाई में कमी का संकेत दे रहे हैं, लेकिन चुनौतीपूर्ण वैश्विक भूराजनीतिक व आर्थिक चुनौतियों के दौर में तेज महंगाई बढ़ने की आशंका बनी हुई है.

**कें**द्र सरकार ने कहा कि आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहने की उम्मीद है. सरकार ने हाल ही में मूल्य स्थिर रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं. इसके तहत सरकार ने अपने नियंत्रण वाले सभी उपायों का उपयोग किया है चाहे वह व्यापारिक नीति हो या स्टॉक सीमा मापदंड तय करने का पैमाना हो. सरकार का यह वक्तव्य ऐसे समय में आया जब इन दिनों हमास-इस्राइल युद्ध, कच्चे तेल उत्पादक देशों द्वारा तेल उत्पादन में कटौती, कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ते हुए ऊंचे स्तर पर पहुंचने तथा वैश्विक खाद्यान्न संकट से दुनियाभर में महंगाई बढ़ने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है. यद्यपि इसी माह अक्तूबर, 2023 में प्रकाशित केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक एवं खुदरा महंगाई के सूचकांक महंगाई में कमी का संकेत दे रहे हैं, लेकिन चुनौतीपूर्ण वैश्विक भूराजनीतिक व आर्थिक चुनौतियों के दौर में तेज महंगाई बढ़ने की आशंका बनी हुई है.चूंकि महंगाई शहरी मध्यम वर्ग को अधिक प्रभावित करती है, अतएव आगामी चुनावों में महंगाई के मुद्दे के मद्देनजर सरकार द्वारा महंगाई नियंत्रण सरकार की बड़ी चिंता बन गई है. यह चिंता इसलिए भी दिखाई दे रही है क्योंकि पिछले दिनों विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के साथ-साथ भारत में भी महंगाई बढ़ने की चुनौती पैदा हुई है. रिपोर्ट में वर्ष 2023-24 में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति 5.9 फीसदी रहने का अनुमान प्रस्तुत किया गया है, पूर्व में प्रस्तुत महंगाई के अनुमान से नया अनुमान अधिक बताया गया है.हाल ही में 16 अक्तूबर को प्रकाशित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़ों के अनुसार सितंबर, 2023 में थोक मुद्रास्फीति दर लगातार छठे महीने शून्य से नीचे घटकर सितंबर में -0.26 प्रतिशत दर्ज की गई. अगस्त महीने में थोक महंगाई दर पांच महीने के उच्च स्तर -0.52 फीसदी पर पहुंच गई थी. पिछले माह सितंबर में रासायनिक उत्पादों, खनिज तेल, कपड़ा, बुनियादी धातुओं और खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट थोक महंगाई के कम होना प्रमुख कारण है. ज्ञातव्य है कि थोक मूल्य सूचकांक थोक में बेचे और कारोबार किए गए सामानों की कीमतों में बदलाव का मूल्यांकन करता है. इसी तरह देश में खुदरा महंगाई में भी कमी आई है. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुसार जुलाई, 2023 में जो खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, वह अगस्त, 2023 में घटकर 6.8 फीसदी और सितंबर में 5.02 फीसदी के स्तर पर आ गई है. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में यह कमी इस बार सूचकांक से तय होने वाली इस दर में अनाज, सब्जी, परिधान, फुटवियर, आवास एवं सेवाओं की कीमतों में आई गिरावट की वजह से हुई है. दरअसल, गेहूं और चावल की बढ़ती कीमतों को काबू करने की कोशिश में सरकार जुटी हुई है. इसलिए सरकार ओपन मार्केट सेल स्कीम (ओएमएसएस) के जरिये रियायती दर पर गेहूं और चावल दोनों बेच रही है. इसी तरह सब्जियों, दालों और तिलहन के दाम काबू में रखने के लिए भी उपाय किए गए हैं. 25 सितंबर को निर्धारित हुआ है कि दाल के थोक व्यापारी या बड़ी रिटेल चेन अधिकतम 50 टन तुअर और 50 टन उड़द स्टॉक में रख सकेंगी. वहीं सभी खुदरा व्यापारियों के लिए यह सीमा पांच-पांच टन की होगी. दाल आयातक पोर्ट से दाल मिलने के बाद अधिकतम 30 दिनों तक ही दाल को अपने पास रख सकेंगे. आगामी 31 दिसंबर तक दाल के स्टॉक नियम का पालन करना होगा.यद्यपि महंगाई के नए आंकड़ों से महंगाई नियंत्रित दिखाई दे रही है. लेकिन दुनिया के चुनौतीपूर्ण भूराजनीतिक और युद्धपूर्ण परिदृश्य के मद्देनजर महंगाई बढ़ने की आशंका बनी हुई है. यह भी ध्यान में रखा जाना होगा कि इस वर्ष सरकार 341 लाख टन के मुकाबले किसानों से 262 लाख टन गेहूं ही खरीद पाई है. यह भी ध्यान रख जाना होगा कि एक अक्तूबर तक सरकारी गोदामों में गेहूं का स्टॉक करीब 240 लाख टन था जो पिछले 5 साल के औसत करीब 376 लाख टन से की कम है. देश में जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जानी होगी. अतिरिक्त नकदी की निकासी पर रिजर्व बैंक को ध्यान देना होगा. आवश्यक खाद्य पदार्थों के उपयुक्त रूप से आयात की रणनीति से मजबूत आपूर्ति से खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी को नियंत्रित किया जाना होगा.

# बेहद कम है श्रम क्षेत्र में महिला भागीदारी

• सामयिकी

अजीत रानाडे

> अमेरिकी आंकड़ों से निकाले गए उनके कई नतीजे और निष्कर्ष सांस्कृतिक और भौगोलिक मतभेदों के बावजूद भारत सहित अधिकांश अन्य देशों पर लागू होते हैं.औद्योगिकीकरण के साथ कारखानों और असेंबली लाइनों पर काम कम लचीला और अधिक कठिन है जिसके कारण महिलाओं की भागीदारी कम हो जाती है.

**इ**स साल अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर क्लाउडिया गोल्डिन को दिया गया है. वे इस पुरस्कार को जीतने वाली इतिहास की तीसरी महिला हैं और स्वतंत्र रूप से सम्मानित होने वाली पहली हैं. एकल पुरस्कार विजेता के रूप में अर्थशास्त्र का नोबेल पाने वाली पहली महिला होना बहुत खास है. नोबेल प्रशस्ति पत्र में उनके पांच दशकों के काम का वर्णन करते हुए कहा गया है कि यह पुरस्कार 'महिलाओं के श्रम बाजार के परिणामों की हमारी समझ को उन्नत करने के लिए है.' उनके कुछ व्यावहारिक और मूल योगदान अब आम ज्ञान बन गए हैं. ये याद रखने योग्य हैं और जिनकी यहां चर्चा की जा रही है. उनका सबसे महत्वपूर्ण और निश्चित अध्ययन अमेरिकी इतिहास के 200 वर्षों में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी और परिणामों का है. अमेरिकी आंकड़ों से निकाले गए उनके कई नतीजे और निष्कर्ष सांस्कृतिक और भौगोलिक मतभेदों के बावजूद भारत सहित अधिकांश अन्य देशों पर लागू होते हैं.औद्योगिकीकरण के साथ कारखानों और असेंबली लाइनों पर काम कम लचीला और अधिक कठिन है जिसके कारण महिलाओं की भागीदारी कम हो जाती है. अधिक आर्थिक प्रगति के साथ सेवा क्षेत्र हावी होता जा रहा है और जहां महिलाएं अधिक संख्या में भाग लेने में सक्षम हैं. यह यू-आकार (यू-शेप) है- प्रारंभिक चरण में उच्च भागीदारी, इसके बाद औद्योगिक चरण के दौरान कम तथा अधिक समृद्धि होने पर फिर से उच्च. अमेरिकी आर्थिक इतिहास की एक लंबी अवधि में यह क्रम देखा गया है.यह पैटर्न उन देशों में भी देखा जाता है जो इस समय विकास के विभिन्न चरणों में हैं. इस प्रकार समय के साथ-साथ दुनिया भर में यह एक पैटर्न है. आश्चर्य नहीं कि अधिकांश अमीर देश, जिनके पास बहुत बड़ा सेवा क्षेत्र है, उनमें उच्च महिला श्रम बल भागीदारी दर (फीमेल लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट-एफएलएफपीआर) भी होती है. स्वीडन जैसे देशों में यह भागीदारी 85 से 90 प्रतिशत तक हो सकती है. इसका मतलब है कि कामकाजी उम्र में उनकी 90 प्रतिशत महिलाएं या तो भुगतान वाले काम में कार्य कर रही हैं या नौकरी की तलाश में हैं. इसके विपरीत भारत में एफएलएफपीआर कम है. कुछ मामलों में यह 20 फीसदी से नीचे है और सभी जी-20 देशों में सबसे कम है. इस पर विवाद रहा है. भारत सरकार द्वारा प्रकाशित 2023 के आर्थिक सर्वेक्षण में एफएलएफपीआर को 27.7 प्रतिशत बताया गया है. लेकिन इसके बारे में अधिक जानकारी बाद में नीचे दी गई है.विभिन्न संस्कृतियों में यह धब्बा देखा गया है. इस प्रकार का सामाजिक कलंक भी विशेष रूप से मध्यम आय वाले परिवारों की महिलाओं की भागीदारी को रोक सकता है. यू-आकार को प्रदर्शित करने वाला जो एक अन्य कारक है वह है महिलाओं की शिक्षा. अनपढ़ या कम शिक्षा वाले लोगों के वर्ग में महिलाएं अधिक भागीदारी लेती हैं. अल्प शिक्षा (जैसे मिडिल स्कूल तक) के साथ उनकी भागीदारी दर गिर जाती है. उच्च शिक्षा (कॉलेज या स्नातकोत्तर) के साथ उनकी भागीदारी फिर से बढ़ जाती है. यह भी यू-शेप है. यह क्रम भारतीय आंकड़ों में भी देखा जाता है. यहां यू-आकार के लिए स्पष्टीकरण श्रम के आपूर्ति पक्ष से नहीं है या यह कि मध्यम शिक्षित महिलाएं काम नहीं करना चाहती हैं. यह वास्तव में श्रम की मांग की ओर से है. हाई स्कूल या मिडिल स्कूल तक शिक्षा प्राप्त महिलाओं के लिए पर्याप्त और उपयुक्त नौकरियां नहीं हैं. इसलिए नौकरियों के अभाव में वे श्रम बल से बाहर हो जाती हैं.भारतीय संदर्भों में इस तरह की टिप्पणी सुनना काफी आम है कि 'मेरी बेटी एक अस्थायी नौकरी कर रही है लेकिन जैसे ही उसकी शादी हो जाएगी, वह नौकरी छोड़ देगी.' ऐसा लगता है जैसे नौकरी, शादी और मातृत्व से पहले की बस एक अस्थायी व्यवस्था है. दरअसल, गोल्डिन और अन्य लोगों के काम ने प्रमाणित किया है कि पुराने समय में किस तरह एक वयस्क महिला की प्रमुख कामकाजी उम्र का लगभग 60 प्रतिशत या तो गर्भवती होने या बच्चे का पालन पोषण कराने में खर्च हो जाता था. हमारे दादा-दादी की पीढ़ी को देखें जिसमें एक दर्जन भाई-बहनों वाले परिवार थे. उनकी माताओं की दुर्दशा की कल्पना करें. परिवार नियोजन, विवाह टालने और गर्भधारण के बीच अंतर के कारण यह सब बदल गया. इसके अलावा कुल प्रजनन दर यानी प्राइम एज महिला से पैदा हुए बच्चों की औसत संख्या में तेजी से गिरावट आई है.

## मीडिया में अन्यत्र

# नौकरशाही का राजनीतिकरण

केंद्र सरकार ने सभी विभागों को 20 नवंबर से लेकर 25 जनवरी, 2024 तक चलने वाले 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' नाम के एक रोड शो के जरिए देश भर में ग्रामीण स्तर तक अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के वास्ते अधिकारियों को तैनात करने के लिए कहा है. निश्चित रूप से, यह जनसंपर्क अभियान सिर्फ पिछले नौ सालों की उपलब्धियों से संबंधित है जो 2014 में शुरू हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के दो कार्यकालों से मेल खाती है. इस अभियान का समय सुविधाजनक तरीके से आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर निर्धारित किया गया है. लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई 2024 में होने की उम्मीद है. इस रोड शो के लिए संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों को रथ प्रभारी नियुक्त किया जाएगा. उधर, रक्षा मंत्रालय अलग से 822 'सेल्फी प्वाइंट' स्थापित कर रहा है, जहां नागरिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीर के साथ अपनी फोटो क्लिक कर सकते हैं. मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में पिछले नौ सालों के कार्यों को प्रोत्साहित करने के तौर-तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है. यह निर्देश दिया गया है कि ये सेल्फी पॉइंट "ऐसे प्रमुख स्थानों पर स्थापित किए जाने चाहिए, जहां अधिकतम तादाद में लोग आते हों और जनता का ध्यान आकर्षित करने की संभावना हो". युद्ध स्मारक, रक्षा संग्रहालय, रेलवे व मेट्रो स्टेशन, बस अड्डे, हवाई अड्डे, मॉल व बाजार, स्कूल एवं कॉलेज, पर्यटन स्थल और त्योहारों से जुड़े समारोह-स्थल ऐसे स्थान हैं जहां ये सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए जायेंगे.



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने नौकरशाही और सेना के इस निर्लज्ज राजनीतिकरण के लिए सरकार की जमकर आलोचना की है.भारत की शासन की संवैधानिक व्यवस्था में राज्य की तीन शाखाओं - कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका - के बीच शक्तियों के बंटवारे की परिकल्पना की गई है और राजनीतिक कार्यपालिका से अलग रखने के लिए नौकरशाही एवं सेना के बीच भी एक विभाजक रेखा निर्धारित की गई है. हालांकि नौकरशाही और सेना दोनों ही पूरी तरह से राजनीतिक कार्यपालिका के नियंत्रण में हैं, लेकिन उन्हें पक्षपातपूर्ण राजनीति से अछूता रखा गया है. **(द हिंदू)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### राजी/राजि

**मियां** बीवी राजी तो क्या करेगा काजी. यह कहावत बचपन से ही सुनता आ रहा हूं, जो कहावत अक्सर एक युवक और एक युवती के बीच प्रेम संबंध पर होनेवाले हंगामा को देखते हुए लोग कहा करते हैं. मतलब यह कि अगर पति और पत्नी दोनों एक दूसरे से सहमत हैं तो फिर उसका फैसला कोई तीसरा व्यक्ति कैसे कर सकता है? जहां अरबी मूल से आया राजी शब्द है तो वहीं संस्कृत मूल से आया दूसरा शब्द राजि भी है. दोनों के अर्थ अलग-अलग हैं. यानी अगर आप लिखने में गलती करते हैं तो निश्चित रूप से उसका अर्थ बदल जायेगा. इसलिए कि दोनों शब्द सार्थक हैं. यानी दोनों के अपने अर्थ हैं. राजी शब्द का अर्थ विभिन्न शब्द कोशों में एक ही है. वर्धा हिंदी शब्द कोश के अनुसार राजी शब्द का अर्थ है-तैयार, सहमत, खुशी-खुशी, प्रसन्न, स्वस्थ, निरोग, सुखी. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्द कोश में इस शब्द का अर्थ बताया गया है- कोई काम कर लेने की हामी भर लेना, सहमत, सम्मत, अंगीकृत, रजामंद, किसी चीज या व्यक्ति या बात को पसंद करनेवाला या उससे खुश होनेवाला, तुष्ट, हर्षित, मुदित, प्रिय एवं अप्रिय, सुखद एवं दुखद दोनों स्थितियों या परिस्थितियों को स्वीकार करनेवाला, संतुष्ट, मुत्मइन, प्रसन्न, खुश, तैयार, तत्पर, इच्छुक, निरोग, चंगा, भला. अन्य शब्दकोशों में भी राजी शब्द का अर्थ यही है. अब अगर लिखने में गलती हो जाये तो? मतलब यह कि अगर राजी के 'ज' अक्षर में दीर्घ इकार की मात्रा के बजाय ह्रस्व इकार की मात्रा लग जाये तो क्या होगा? तब यह शब्द 'राजि' हो जायेगा. राजि शब्द का अर्थ वर्धा हिंदी शब्द कोश के अनुसार संज्ञा पुलिंग के रूप में इस प्रकार है- रेखा, लकीर, श्रेणी, पंक्ति, कतार, अवलि, राई. अब ऐसी स्थिति में शब्द का सटीक प्रयोग करने के लिए आवश्यक है कि हम थोड़ी-सी सावधानी से इस बात पर विचार कर लें कि हमें राजी शब्द का प्रयोग करना है या राजि शब्द का.

# चमचा लैंड की हसीन दुनिया की सैर

• तीर-तुक्का

उपासना बेहार

**आ**ईये हम आपको बेहद हसीन 'चम्मच वादियों' में ले चलें. जहां जाने के बाद आपका मन वापस लौटने को 'नही' करेगा. आपका मन इतना ज्यादा मुतासिर हो जायेगा कि आपके होंठ खुदबखुद ये गुनगुनाने लगेंगे-'' गर फिरदौस जमी अस्त हमी (चम्मचलैंड) अस्त हमी अस्त.'' वैसे तो चमचों के बारे में ऐसी कोई बात नही होगी, जिसके बारे में आप न जानते हो, पर यदि चमचा शब्द पर गौर फरमाया जाए तो लगेगा कि ये जीव तो हमेशा आसपास ही साक्षात 'चलता-फिरता', 'उठता-बैठता'', दौड़ता-भागता'', खाता-पीता'' दृष्टिगोचर हो जाता है.वैसे हम आपके सामान्य ज्ञान में थोड़ा और इजाफा करने की हिमाकत करें तो चमचे दो तरह के होते हैं, एक वो जो वस्तु के रुप में होता है, दूसरे टाइप के चमच का गुणगान करना तो यू है, जैसे 'सूरज को दीया दिखाना'.सबसे पहले आकार की बात हो जाए. जनाब, चमच 'बड़े' और 'छोटे' दो साइज के होते है. उसी प्रकार हमारे दूसरे 'टाइप' के चमच द्विआकारीय होते है. वे 'चमच' जो बड़े- बड़े नेताओं व बड़े- बड़े गुंड़े (वही जो आगे चलकर इस देश के नीति निर्माणकर्ता बनते हैं) के आस-पास भिनभिनाते रहते है. उन्हें हम बड़े 'चमच' के प्रकार में शामिल करते हैं और वे जो 'उभरते हुए', 'टुटपुंजिए' नेताओं के चारों ओर मंडराते रहते है वे 'छोटे' कैटेगिरी के चमच है. ये 'चमच' बिरादरी प्रतिकूल परिस्थिति में अपने छत्ते के लोगों को डंक मार, दूसरे के छत्ते में घुसने में भी देर नहीं करते हैं. वहीं डंक खाने वाला जब तक दर्द से निजात पाये उससे पहले ही अगर अनुकूल परिस्थिति बनने लगे तो बेशर्म बन अपने छत्ते में वापस आने में भी देर नहीं करतें.अच्छा अब इनके गुणगान की थोड़ी और चर्चा हो जाए. अगर आप ने कभी गुलाब जामुन बिना चम्मच के खाया हो तो मान कर चलिये कि कपड़े गए काम से. उसी प्रकार कभी आपने अपने आप को तीसमारखा समझ कर अपने बलबूते पर कोई कार्य कराने की सोची तो वो कार्य 'एक ख्वाब' बन कर रह जायेगा किंतु आपने इन भिनाभिनाते हुए चमचों को एक बार, सिर्फ एक बार प्यार से, नजाकत से उठाया (खर्चा-पानी दिया) तो फिर पूछिये मत, इधर आपने आंख झपकाई नहीं कि उधर आपका काम हो गया.गुणों की खदानों वाले इन चमचों के व्यवहार पर गौर फरमाईयेगा - अजी यहां भी ये बड़े- बडे अभिनेताओं के कान काटते है. दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कलाकार भी इनके सामने पानी भरते हैं. अगर हम चम्मच को गरम करते हैं तो वो हाथ को जला देता है, उसी प्रकार ये 'स्टैर्डड आई.एस.आई. मार्क वाले चमच भी कम नहीं हैं. अगर आपने उनका मेहनताना उनके आशा के मुताबिक दे दिया तब -तो बल्ले-बल्ले और कहीं भूल से भी आपने इसमें कमी कर दी तो फिर देखिए इनकी ,शिष्टचार का रौद्र रुप कि अगर 'भगवान' भी आपकी सिफारिश करने आ जाए तो वो भी केवल यहीं कहेंगे कि 'बड़े बेआबरु हो कर चमचों के कुचे से हम निकले'.



# लाइफ लाइन

# तब पढ़ाई में होगा अधिक फोकस



ऋषि रंजन
योग एक्सपर्ट

**अभी तक मेडिटेशन बड़ों के लिए काम की चीज मानी जाती थी पर आधुनिक समय में बचपन से ही बच्चों पर इतना स्ट्रेस रहता है कि अब उनके लिए भी मेडिटेशन एक लाभप्रद जरिया बन सकता है. बच्चे भी बचपन से स्वयं को तनमन से चुस्त-दुरूस्त रख सकते हैं. अगर उन्हें बचपन से मेडिटेशन के लिए 5 से 10 मिनट नियमित बैठाया जाए. उनका दिमाग शांत रहेगा और ध्यान केंद्रित रहेगा, तभी पढ़ाई भी पूरे मन से कर पाएंगे.**

## ये टिप्स होंगे कारगर

- मेडिटेशन के दौरान रिलैक्स करने वाला म्यूजिक लगा सकते हैं ताकि मन एकाग्र रहे.
- बच्चों को बताएं कि आंखें बंद कर, ज्ञान मुद्रा में बैठें. जो विचार आ रहे हैं, उन्हें आने दें ताकि अंदर से खाली हो सकें. कुछ दिन तक यही प्रयास करवाएं. जब मन स्थिर होना प्रारंभ हो तो उन्हें एक स्थान पर फोकस करना सिखाएं जैसे भौंहों के मध्य में, बादलों की दुनिया में, पहाड़ों पर आदि. इससे मन एक स्थान पर स्थिर होना शुरू कर देगा.
- बच्चों को ओम ध्वनि बोलना सिखाएं. लंबे गहरे श्वास लेते हुए श्वासों पर ध्यान करें. ओम का लंबा उच्चारण करवाएं. 5 से 11 बार इससे भी मन शांत रहेगा. इन सबका अभ्यास नियमित करवाएं. तभी लाभ मिलेगा.

## लाभ

1. मेडिटेशन से एकाग्रता बढ़ती है.
2. दिमाग तेज और सक्रिय रहता है.
3. नियमित अभ्यास से याददाश्त बढ़ती है.
4. गुस्से पर काबू पाया जा सकता है.
5. अपनी इंद्रियों पर कंट्रोल पा सकते हैं और जल्दी रिएक्ट न करना सीख जाते हैं.
6. मन को काबू में रखना सिखाता है.





डॉ एके श्रीवास्तव
कंसलटेंट फिजीशियन,
छाती व गहन रोग विशेषज्ञ

***हमारे समाज में एक मिथक है कि यदि किसी को यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (पेशाब-तंत्र का संक्रमण) हो जाता है तो उसे कुछ लोग बोलते हैं कि बीकोलाई हो गया है. लेकिन क्या आपको मालूम है बिकोलाई और यू टी आई बिल्कुल अलग अलग तरह के संक्रमण हैं? आइए, आज इन्हीं दोनों की करें चर्चा.***

## तथ्य और मिथक

# बिकोलाई या यूटीआई !



यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन यानी यूटीआई मूत्र-प्रणाली के संक्रमण को कहते हैं. यह संक्रमण बहुत ही कॉमन है और खास कर के महिलाओं (विशेष अंग-संरचना के कारण) में पुरुषों के मुक़ाबले आधिक होता है. यदि आप पानी कम पीते हैं या पब्लिक टॉयलेट इस्तेमाल करते हैं या यूरिनल साफ़ सफ़ाई का ख़याल नहीं रखते तो यह संक्रमण आसानी से हो सकता है. वहीं यदि किसी व्यक्ति को मधुमेह है या किसी प्रकार से उसकी इम्युनिटी कमज़ोर है जैसे कुछ प्रकार की दवाइयों (स्टेरॉयड या अन्य इम्युनो-सप्रेसैंट) के सेवन से, क्रोनिक किडनी डिजीज या अन्य इम्युनो कोम्प्रोमाईज़्ड स्टेट्स, ऐसे में इसकी संभावना बढ़ जाती है.

## ये हैं यूटीआई के लक्षण

यूटीआई के प्रमुख लक्षण हैं बुख़ार रहना (जो लो ग्रेड से हाइ ग्रेड तक जा सकता है, लगातार हल्का बुख़ार बना रह सकता है), सिहरन लगना, बार बार पेशाब लगना, पेशाब करने में तकलीफ़ होना जैसे जलन या दर्द, कमज़ोरी लगना, भूख न लगना और मिचली आना इत्यादि. लक्षण होने पर यूरिन रूटीन और कल्चर की जांच करानी चाहिए.

## ये बैक्टीरिया हैं जिम्मेदार

यूटीआई वैसे तो कई प्रकार की बैक्टीरिया से हो सकता है लेकिन सबसे कॉमन और महत्वपूर्ण बैक्टेरिया है इसचिरीचिया कोलाई (ई कोलाई). यह बैक्टीरिया हमारी आंतों में सामान्य स्थिति में भी पाई जाती है. इसलिए इसके नाम में कोलाई (कोलन मतलब बड़ी आंत) है. अन्य महत्वपूर्ण बैक्टेरिया जो यूटीआई करते हैं, वे हैं क्लेबशेला, स्यूडोमोनास, प्रोटियस, साल्मोनेला व इंटेरोबक्टर इत्यादि.

## मत बनिए नीम हकीम

इसमें एक बात का ध्यान खास तौर पर रखें कि ओवर द काउंटर ले कर या खुद से कोई एंटीबायोटिक न खाएं, वरना यूरिन कल्चर में कोई बैक्टीरिया ग्रो नहीं करेगा (संक्रमण रहते टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव आ जाएगी यानी फ़ॉल्स नेगेटिव) और संक्रमण की एंटीबायोटिक सेंसिटिविटी पैटर्न (वो बैक्टीरिया किन-किन दवाओं से सुनेगा) पता नहीं चल पाएगा. लक्षण आने पर केवल पैरासिटामोल इत्यादि ले सकते हैं. यूरिन कल्चर में जो एंटीबायोटिक्स सेंसिटिव आए हों वे दवाइयां दी जानी चाहिए. डॉ एम्पीरिकल एंटीबायोटिक शुरू कर सकते हैं, फिर कल्चर की रिपोर्ट के अनुसार उसे बदल सकते हैं. एंटीबायोटिक्स के ज्ञानरहित या गलत उपयोग (जैसे कोर्स पूरा नहीं करना इत्यादि) या प्रैक्टिस (पार्शियल ट्रीटमेंट/अनावश्यक प्रिस्क्रिप्शन) से एंटीबायोटिक रेसिस्टेंट बैक्टीरिया के प्रजाति पनप रहे हैं जो यूटीआई करा रहे हैं और वे कई सारे कॉमन एंटीबायोटिक से नहीं सुनते. पार्शियल ट्रीटमेंट से यूटीआई बार बार हो सकता है. इसलिए समुचित उपचार बहुत आवश्यक है.

## ई कोलाई से बी कोलाई!

इसी 'ई कोलाई' बैक्टीरिया के नाम पर कालांतर में यूटीआई को कुछ लोगों ने बोल चाल में बी कोलाई कहना शुरू कर दिया जो कि एक मिथक है. मिथक इसलिए है क्योंकि बी कोलाई एक अन्य प्रकार का कीटाणु (एक प्रोटोज़ोआ जिसे बैलेंटीडियम कोलाई कहते हैं) का नाम है न कि किसी बीमारी का. यह प्रोटोज़ोआ बड़ी आंत का संक्रमण करता है जिसे बैलेंटीडियासिस (बीमारी का नाम) कहते हैं. यह संक्रमण इस प्रोटोज़ोआ के सिस्ट से प्रदूषित जल या खाद्य पदार्थ के सेवन से होता है. यह बीमारी कुपोषित या इम्युनो कोम्प्रोमाईज़्ड व्यक्तियों में ही देखा जाता है जिसका प्रमुख लक्षण है विस्फ़ोटक दस्त. यहां तक कि हर 20 मिनट में दस्त होने लगता है. आंत में वेध (परफोरेशन) भी हो सकती है. इसका उपचार मेट्रोनिडाज़ोल, टेट्रासाइक्लीन, आएडोक्विनॉल जैसी दवाइयों के साथ साथ हाइड्रेशन मेन्टेन करना जैसे ओआरएस या डाब पानी वगैरह का सेवन करना है. ज्यादा डिहाइड्रेशन होने पर आईवी फ्लूइड्स चढ़ाना पड़ता है.

सेलेब्स डाइट सीक्रेट : सामंथा रूथ प्रभु

# प्रोटीन रिच डाइट और ढेर सारा पानी

दक्षिण भारत फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर अदाकारा सामंथा रूथ प्रभु इन दिनों लाइम लाइट में हैं. हालांकि, सेहतमंद रहने के लिए सामंथा अपनी डाइट और लाइफस्टाइल पर पूरा ध्यान देती हैं. उनका मानना है कि खूबसूरत दिखने के लिए सेहतमंद रहना जरूरी है.

सामंथा को वेट ट्रेनिंग करना काफी पसंद है, इसलिए उन्हें अक्सर जिम में वेट ट्रेनिंग करते हुए देखा जाता है. वे हर बॉडी पार्ट की एक्सरसाइज करती हैं. सामंथा को योग काफी पसंद है, इसलिए वे नियमित योग भी करती हैं. योग के विभिन्न वैरिएंट जैसे पावर योग और एरियल योग करना उन्हें काफी पसंद है. इससे उन्हें शरीर में लचीलापन लाने और स्ट्रेस कम करने में मदद मिलती है. इसके साथ ही उन्हें कई बार बैलेंसिंग वाले योग भी करते देखा जाता है, जिससे स्टेबिलिटी बढ़ती है. हफ्ते में कम से कम 4-5 दिन वेट ट्रेनिंग जरूर करती हैं. इससे उन्हें मसल्स टोन करने, बॉडी को शेप में रखने, कैलोरी बर्न करने में काफी मदद मिलती है सामंथा वेट ट्रेनिंग में डेडलिफ्ट, स्क्वॉट, हिपथ्रस्ट, बेंच प्रेस, डंबल कर्ल, ट्राइसेप्स एक्सटेंशन समेत कई एक्सरसाइज करती हैं.

सामंथा बॉडी वेट वर्कआउट भी करती हैं, जिससे उन्हें शरीर पर अधिक लोड डाले बिना भी फिट रहने में मदद मिलती है. बॉडी वेट एक्सरसाइज में वे पुशअप, पुलअप, स्क्वॉट, जंपिग जैक आदि एक्सरसाइज करती हैं. सामंथा को साइकिलिंग का भी काफी शौक है. जिस दिन वे फ्री रहती हैं, तो वे दोस्तों के साथ लॉन्ग साइकिलिंग करने जाती हैं.



**नाश्ते में :** सुबह के नाश्ते में ब्रेड के साथ पीनट बटर लेना पसंद करती हैं. पीनट यानी मूंगफली सेहत के लिए वरदान साबित होती है. इसमें प्रोटीन, फाइबर, मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं. इसके सेवन से वजन कंट्रोल में रहता है. साथ ही मेटाबॉलिज़्म भी बूस्ट होता है.

फिट रहने के लिए सामंथा रोजाना कम से कम एक घंटे एक्सरसाइज करती हैं. वहीं, एक्सरसाइज करने के बाद और शाम में प्रोटीन शेक लेती हैं. बकौल सामंथा, इंस्टेंट एनर्जी के लिए प्रोटीन युक्त चीजों का सेवन करना चाहिए. इसके लिए रोजाना एक्सरसाइज के बाद प्रोटीन शेक जरूर पिएं.

**लंच और डिनर में :** सामंथा लंच या डिनर में अधिक मात्रा में चावल नहीं खाती हैं. चावल की जगह पर बाजरा से बनी चीजों का सेवन करती हैं. साथ ही डाइट में हरी सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करती हैं. साथ ही ऑर्गेनिक फल और सब्जियां का सेवन करना पसंद करती हैं. इसके लिए उन्होंने अपने घर में ही काफी सारे फल और सब्जियां लगा रखी हैं. वे कोशिश करती हैं, कि उनका ही सेवन करें. उनकी डाइट में दाल, चावल, रोटी, इडली, हरी-सब्जियां, ड्राई फ्रूट आदि शामिल होते हैं. वे अपनी कैलोरी का भी खास ख्याल रखती हैं, जिससे उन्हें फिट रहने में काफी मदद मिलती है. उनकी डाइट और वर्कआउट समय-समय पर बदलता रहता है.

**पानी :** सामंथा फिट रहने के लिए अधिक मात्रा में पानी पीती हैं. इसके अलावा मौसम के फलों का जूस और नारियल पानी का सेवन करती हैं. पर्याप्त पानी/लिक्विड पीने से शरीर में मौजूद टॉक्सिन बाहर निकल जाता है. साथ ही शरीर हाइड्रेट रहता है. वहीं, सामंथा चीनी का सेवन न के बराबर करती हैं. एनर्जी के लिए प्रोटीन रिच फूड्स का सेवन करती हैं.

# सर्दी-खांसी, बुखार, बदन दर्द !



डॉ रजनी शर्मा
होम्योपैथ बायोकेमिक कंसल्टेंट
डीएमबीएस, बीएमबीएस

**शरद ऋतु के आगमन के साथ ही कभी-कभी हल्की बूंदाबांदी, कभी कड़क तेज धूप और कभी ठंडी सिहरन वाली हवा... यह शरीर को अनियमित ताप से रूबरू करवाती हैं. इस कारण लोग वायरल की चपेट में आ जाते हैं. मौसम में तेजी से ठंड गर्मी के बदलाव के कारण एलर्जी, सर्दी, खांसी तथा बुखार की समस्या हर उम्र के लोगों में दिखती है. रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण खासकर बच्चे तथा बुजुर्ग इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं.**

## ऐसे फैलता वायरल

वायरल सर्दी खांसी बुखार से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से अन्य लोग भी वायरल से संक्रमित हो जाते हैं. इसमें संक्रमित व्यक्ति जब खांसता है, छींकता है, जम्हाई लेता है या फिर बात करता है तब उस समय उसके मुंह तथा सांस से सूक्ष्म वायरस तथा बैक्टीरिया निकल कर सामने वाले व्यक्ति के मुंह अथवा सांस के माध्यम से उसमें प्रवेश कर जाता है और उसे भी संक्रमित कर देता है.

## ये मुख्य लक्षण

वायरल फीवर में बदन दर्द ,तेज बुखार, उल्टी, एसिडिटी, सिर दर्द, रैसेज, चेहरे पर दाने निकलना, तेज सर्दी, छींक नाक तथा आंख लाल होना, खांसी, कंठ नली में सूजन होना इत्यादि समस्याएं आती हैं. वायरल फीवर होने पर सादा एवं सुपाच्य भोजन करना चाहिए. इसमें खिचड़ी, दलिया, सूप, फलों के रस इत्यादि का सेवन करना चाहिए.

## ये दवाएं कारगर

होम्योपैथिक दवाएं वायरल फीवर सर्दी खांसी में अत्यंत कारगर साबित होते हैं. यूपाटोरियम पर्फ, बेलाडोना, एलियम सीपा, ब्रायोनिया एल्ब ,आर्सेनिक एल्बम, रस टॉक्स, जेलीसिमियम, एकोनाइट,बैप्टिशिया, एपिकाक इत्यादि दवाएं अत्यंत कारगर है.

## बायोकेमिक में ये असरकारक

बायोकेमिक दवाओं में कैल्केरिया फ्लोर, फेरम फॉस, नेट्रम म्यूर काली म्यूर, मैग्निशियम फॉस, नेट्रम सल्फ, साइलीसिया आदि महत्वपूर्ण दवाएं हैं. सर्दी के लिए बायोकेमिक कांबिनेशन 5, सर्दी खांसी जुकाम के लिए बायोकेमिक कांबिनेशन 6 तथा बुखार के लिए बायोकेमिक कांबिनेशन 11 के रिपीटेड डोज लेने चाहिए. दवाएं कुशल चिकित्सक की देखरेख में उचित पोटेंसी तथा खुराकों का चयन करना चाहिए.



# पेट की जिद्दी चर्बी को गला देगी हारा हाची बू, तबाता भी कारगर



डॉ मनीषा घई
सीनियर कंसल्टेंट

**शारीरिक सक्रियता की कमी कहें, या लंबे समय तक कंप्यूटर आदि के सामने बैठ कर काम करने की बाध्यता या फिर खानपान का असर, बेली फैट की समस्या इन दिनों आम है और इसे कम करना वाकई में किसी बड़ी चुनौती की तरह है. कमर के आस-पास जमी चर्बी भद्दी दिखती है. इसे कम करने के लिए लाइफस्टाइल में बदलाव के साथ जितनी एक्सरसाइज जरूरी है, उतना ही खान-पान पर ध्यान देना जरूरी है. आइए, ऐसे ही कुछ आसान उपायों पर करें चर्चा-**

## सीको डाइट अपनाएं

फिटनेस की दुनिया में एक डाइट को खूब फॉलो किया जा रहा है जो पेट और कमर की चर्बी को गलाने में इसकी मददगार माना जाता है. इसे सीको डाइट कहते हैं जिसका फुल फॉर्म है- कैलोरी इन कैलोरी आउट. इस डाइट की खासियत यह है कि इसमें कैलोरी बर्न करने के साथ-साथ कैलोरी इंटेक पर भी जोर दिया जाता है. जबकि अन्य डाइट में ऐसा नहीं है. इस डाइट को फॉलो करने के लिए एनर्जेटिक रहना बेहद जरूरी है. इसके लिए 8 घंटे की नींद पूरी करनी होती है. इसके अलावा कुछ एक्सरसाइज करना होता है ताकि शरीर से पसीना निकले. पसीने निकले से शरीर में जमा अतिरिक्त कैलोरी आसानी से बर्न हो जाती है. आपको नियमित रूप से वॉकिंग, जॉगिंग, साइकलिंग करना है. इसको फॉलो करने के लिए खान-पान में अधिक परहेज की दरकार नहीं होती. इस डाइट में अपनी पसंदीदा चीजें खा सकते हैं. आपको इस डाइट को फॉलो करते समय हर रोज 500 कैलोरी बर्न करना होगा, अगर आप हर दिन 2000 कैलोरी इंटेक कर रहे हैं, तभी यह डाइट कंप्लीट होगी.



## हारा हाची बू भी कारगर

कम खाओ, गम खाओ पुरानी कहावत है. वाकई कम खाकर कर हम कई समस्याओं से निजात पा जाते हैं. जापान में प्रचलित वेट लॉस डाइट फार्मूला हारा हाची बू भी कम खाने पर आधारित है और पेट की चर्बी कम करने में कारगर देखा गया है. इस डाइट के अनुसार जब पेट 80 फीसदी भर जाए तब खाना बंद कर देना चाहिए. यह डाइट बड़े निवाले, बड़ी थाली और बड़े बाउल में खाना नहीं खाने की सिफारिश करता है.

## आहार में यह हों शामिल, यह करें बाहर

पैकेटबंद व प्रोसेस्ड फूड का सेवन नहीं करें. शुगर, सोडियम और कार्बोहाइर्डेट का जहां संभव हो, कम सेवन करें. अपनी थाली में भरपूर मात्रा में मौसम के फल, सब्जियां और साबुत अनाज शामिल करें. ओट्स, बीन्स, नट्स अधिक खाएं. प्रोटीन से भरपूर आहार लेने से जल्दी भूख नहीं लगेगी.



## तबाता वर्कआउट

जापानी तबाता वर्कआउट भी कम समय में अधिक फैट बर्न के लिए इन दिनों लोकप्रिय हो रहा है. हाई इंटेंसिटी एक्सरसाइज करने से यह अन्य एक्सरसाइज की तुलना में ज्यादा मसल्स ग्रुप को टार्गेट करने में मदद मिलती है. चार मिनट तक हैवी एक्सरसाइज करें. बीच में 10 सेकंड का रेस्ट होता है. इसमें बटकिक्स, हाइनीज, स्क्वॉट्स और स्किपिंग कर सकते हैं. पेट की चर्बी को कम करने में टॉवल स्विंग असरदार है. एक अध्ययन के अनुसार, एक तबाता वर्कआउट करने से आपको हर मिनट में 15 कैलोरी बर्न करने में मदद मिल सकती है. साथ ही इस वर्कआउट को करने से सहनशक्ति और धीरज में भी इजाफा होता है. सप्ताह में 4 बार तबाता करना सबसे बेहतर माना जाता है.

## तनाव की छुट्टी जरूरी

किसी भी वजह से अगर आप तनाव में हैं, तो उसे कम करें. शरीर में जब स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल बढ़ जाता है यह सेहत पर बुरा प्रभाव डालता है. तनाव की वजह से पेटी की चर्बी बढ़ सकती है. दरअसल यह शरीर के कोर्टिसोल हॉर्मोन को ट्रिगर करता है. इसलिए बेली फैट को स्ट्रेस बेली फैट भी कहते हैं.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**विश्व कप : इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मुकाबला आज**

# टूर्नामेंट में उम्मीद बरकरार रखने उतरेगी इंग्लैंड की टीम

भाषा । बेंगलुरू

गत चैंपियन इंग्लैंड को विश्व कप में अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए गुरुवार को यहां संभवतः अंतिम मौका मिलेगा जब उसकी भिड़ंत टूर्नामेंट में जूझ रही एक अन्य टीम श्रीलंका से होगी. इंग्लैंड के चार मैच में श्रीलंका के समान दो अंक हैं और वे तालिका में नौवें स्थान पर हैं. श्रीलंका के खिलाफ जीत इंग्लैंड को काफी आगे नहीं ले जाएगी लेकिन यह उन्हें भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों के खिलाफ होने वाले मुकाबलों के लिए थोड़ी प्रेरणा दे सकती है. श्रीलंका के खिलाफ हार हालांकि इंग्लैंड की उम्मीदों को लगभग खत्म कर देगी. जल्दी बाहर होने से बचने के लिए इंग्लैंड को हर विभाग में सुधार की जरूरत है, विशेषकर उनके बल्लेबाजों को आक्रामक होने की जरूरत है. इसके लिए उन्हें एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की तुलना में अधिक अनुकूल स्थान नहीं मिलेगा जिसकी सीमा रेखा छोटी है और पिच बल्लेबाजी के अनुकूल है. ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच यहां खेले गए पिछले मैच में कुल 672 रन बने थे और इंग्लैंड के बल्लेबाज 10 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ अपने प्रयास को दोहराना चाहेंगे जब उन्होंने धर्मशाला में नौ विकेट पर 364 रन बनाए थे. डेविड मलान और जो रूट को छोड़कर इंग्लैंड का कोई बल्लेबाज अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पाया है. टीम को न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार झेलनी पड़ी है. कप्तान जोस बटलर, हैरी ब्रूक, सैम कुरेन, मोईन अली, क्रिस वोक्स और लियाम लिविंगस्टोन जैसे खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें थी लेकिन उनमें से कोई भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया.




### इंग्लैंड के ऑलराउंडरों का अब तक निराशाजनक प्रदर्शन

इंग्लैंड के ऑलराउंडरों ने भी अब तक निराश किया है. इंग्लैंड ने टूर्नामेंट की शुरुआत चार ऑलराउंडरों - वोक्स, मोईन, कुरेन और लिविंगस्टोन के साथ की थी लेकिन तीन मैच के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनमें से किसी ने भी अंतिम एकादश में जगह नहीं बनाई.

### टीमें

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोईन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल राशिद, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, डेविड विली, मार्क वुड और क्रिस वोक्स.

**श्रीलंका:** कुसाल मेंडिस (कप्तान), कुसाल परेरा, पथुम निसांका, लाहिरू कुमारा, दिमुथ करुणारत्ने, सदीरा समरविक्रम, चरित असलंका, धनंजय डिसिल्वा, महीश तीक्षणा, डुनिथ वेलालागे, कासुन रजिता, एंजेलो मैथ्यूज, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंता और चमिका करुणारत्ने. रिजर्वः दुष्मंता चमीरा.

### इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज चोट के कारण बाहर

रीस टॉपले टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज थे लेकिन यह तेज गेंदबाज तर्जनी में फ्रेक्चर के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं. लेग स्पिनर आदिल राशिद अब टीम के सबसे भरोसेमंद गेंदबाज हैं

# ऑस्ट्रेलिया की रिकॉर्ड जीत

भाषा । नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया ने वनडे विश्व कप में बुधवार को नीदरलैंड पर 309 रन से जीत दर्ज की. यह विश्व कप इतिहास में किसी भी टीम की रन के लिहाज से अब तक की सबसे बड़ी जीत है. पिछला रिकॉर्ड 257 रन का था. ऑस्ट्रेलिया ने ही 2015 में पर्थ में अफगानिस्तान को इस अंतर से हराया था. ग्लेन मैक्सवेल ने (44 गेंद पर 106 रन) और डेविड वार्नर ( 93 गेंद पर 104 रन) ने भी सेंचुरी टीम के लिए जमाई. ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 399 रन बनाए. जवाब में नीदरलैंड की टीम 20.5 ओवर में 90 रनों पर सिमट गई. ऑस्ट्रेलिया के लिए जाम्पा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट चटकाए . वहीं मिचेल मार्श ने दो विकेट लिए.




**विश्व कप इतिहास में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत**

**2023 : ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड को 309 रनों से हराया**
2015 : ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को 275 रनों से हराया था
2007 : भारत ने बरमूडा को 257 रनों से हराया था
2015 : दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 257 रनों से हराया था
2003 : ऑस्ट्रेलिया ने नामीबिया को 256 रनों से हराया था
2007 : श्रीलंका ने बरमूडा को 243 रनों से हराया था

## मैक्सवेल ने जड़ा विश्व कप का सबसे तेज शतक

ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल ने नीदरलैंड के खिलाफ एक दिवसीय विश्व कप का सबसे तेज शतक जड़ते हुए सिर्फ 40 गेंद में तिहरा अंक छुआ. उन्होंने बास डि लीडे को 49वें ओवर की पांचवीं गेंद पर छक्का लगाकर शतक पूरा किया. इससे पहले वनडे विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम के नाम था जिन्होंने इसी विश्व कप में सात अक्टूबर को श्रीलंका के खिलाफ 49 गेंद में 106 रन बनाये थे. मैक्सवेल अगले ओवर में हालांकि लोगान वान बीक की गेंद पर कैच देकर पवेलियन लौट गए. उन्होंने 44 गेंद में नौ चौकों और आठ छक्कों की मदद से 106 रन की पारी खेली. विश्व कप में सबसे तेज शतक जमाने वाले बल्लेबाजों की सूची में आयरलैंड के केविन ओब्रायन तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ 50 गेंद में 113 रन बनाये थे. मैक्सवेल इससे पहले 2015 में श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंद में 102 रन भी बना चुके हैं. भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इस सूची में सातवें स्थान पर हैं जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ इसी विश्व कप में 11 अक्टूबर को 63 गेंद में शतक जड़ा था.

## दिनेश सिंह बने झारखंड अंडर-23 क्रिकेट टीम के मैनेजर



**कोडरमा ।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह को जेएससीए ने झारखंड अंडर-23 क्रिकेट टीम का मैनेजर नियुक्त किया है. झारखंड की टीम वनडे मैच खेलने राजकोट जाएगी. जहां उसे मध्य प्रदेश, सिक्किम, मणिपुर, हैदराबाद, विदर्भ, चंडीगढ़ और तमिलनाडु जैसी टीमों से खेलना है. इसके पूर्व भी दिनेश सिंह को जेएससीए ने झारखंड अंडर-19 टीम का मैनेजर बनाया था. उस समय झारखंड की टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था. एक बार फिर से जेएससीए ने उनपर विश्वास जताया है. दिनेश सिंह के मैनेजर बनने पर केडीसीए अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, अनिल सिंह, विनोद विश्वकर्मा, मनोज सहाय पिंकू, कृष्ण बरहपुरिया, डॉ. भूपेंद्र भदानी, अनिल पांडे, विवेकानंद चौधरी, पंकज सिंह, सुनील जैन, आलोक पांडे, धीरज पांडे, सोनू खान, सुमन कुमार, पवन सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश, धर्मेंद्र कौशिक, मुकेश प्रभाकर, राकेश पांडे, मनोज चौरसिया, राजू यादव, उमेश सिंह, कुंदन राणा, अमित कुमार राय, उज्जवल घोष, दीपक यादव, राजू रंजन सिन्हा, पवन कुमार, सिद्धि सर, प्रमोद कुमार समेत अन्य लोगो ने खुशी जाहिर की.

## हमेशा बेहतर होना लक्ष्यः कोहली



**चेन्नई।** मौजूदा विश्व कप में अच्छी फॉर्म में चल रहे भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का कहना है कि उनका लक्ष्य हमेशा बेहतर होना रहा है, उत्कृष्टता के पीछे भागना नहीं. कोहली अभी टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं. उन्होंने पांच मैच में 118.00 की औसत से 354 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं. कोहली ने कि मैंने हमेशा इस पर काम किया है कि मैं हर दिन, हर अभ्यास सत्र, हर साल और हर सत्र में खुद को कैसे बेहतर बना सकता हूं. इसी ने मुझे इतने लंबे समय तक खेलने और प्रदर्शन करने में मदद की है. उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस मानसिकता के बिना लगातार अच्छा प्रदर्शन करना संभव है क्योंकि अगर प्रदर्शन ही आपका लक्ष्य है तो कोई भी कुछ समय बाद संतुष्ट हो सकता है और अपने खेल पर काम करना बंद कर सकता है. कोहली ने कहा कि मेरा लक्ष्य हमेशा बेहतर होना रहा है, ना कि उत्कृष्टता का पीछा करना क्योंकि ईमानदारी से कहूं तो मैं नहीं जानता कि उत्कृष्टता की परिभाषा क्या है.

**महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : उद्घाटन की तैयारी**



**रांची ।** महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन समारोह के लिए बुधवार को रिहर्सल करती मैस्कॉट जूही.

**लीजेंड्स लीग क्रिकेट : 18 नवंबर को जेएससीए में खेला जाएगा उद्घाटन मैच**

## रांची में खेले जाएंगे पांच मुकाबले

संवाददाता । रांची

- गौतम गंभीर व इरफान पठान पहले मुकाबले में होंगे आमने सामने
- इंडिया कैपिटल्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच होगा पहला मैच
- 18-23 नवंबर तक रांची में खेले जाएंगे मैच

लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) ने 2023 सीजन के शेड्यूल और फिक्स्चर की घोषणा कर दी है. इसके तहत 18 नवंबर से 9 दिसंबर 2023 तक भारत के पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विजाग और सूरत में मैच खेले जायेंगे. रांची में टूर्नामेंट के कुल पांच मैच खेले जाएंगे. इस साल लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में 6 टीमें खेलेंगी. एलएलसी 2023 का उद्घाटन मैच 18 नवंबर को रांची के जेएससीए स्टेडियम में इंडिया कैपिटल्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच होगा. मैच शाम सात बजे से शुरु होगा. 18 नवंबर को टूर्नामेंट के पहले मैच में पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर (इंडिया कैपिटल्स) और इरफान पठान (भीलवाड़ा किंग्स) बतौर कप्तान आमने-सामने होंगे. वहीं, दूसरा मैच 20 नवंबर को मणिपाल टाइगर्स और गुजरात जायंट्स के बीच मैच खेला जायेगा. 21 नवंबर को अर्बनराइजर्स हैदराबाद और सदर्न सुपर स्टार्स के बीच मैच होगा. वहीं, 22 नवंबर को भीलवाड़ा किंग्स और गुजरात जायंट्स और 23 नवंबर को इंडिया कैपिटल्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच खेले जायेंगे.

**अर्बनराइजर्स हैदराबाद की कमान संभालेंगे सुरेश रैना :** लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट का पिछला सीजन बेहद सफल रहा था और हम अधिक उत्साह से आगामी सीजन में खेल प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं. एलएलसी की नई फ्रेंचाइजी अर्बनराइजर्स हैदराबाद की कमान पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना संभालेंगे. एलएलसी ने इस सीजन एक अन्य नई फ्रेंचाइजी सदर्न सुपर स्टार्स की भी घोषणा की है. इसके कप्तान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरोन फिंच होंगे.

**एशियाई पैरा खेलः सुमित ने अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा**

## जेवलिन थ्रो में जीता स्वर्ण पदक

भाषा । हांगझोउ



**73.29 मीटर के थ्रो के साथ सुमित ने जीता स्वर्ण**

- 70 .83 मीटर के अपने ही विश्व रिकॉर्ड को सुमित ने
- 10 स्वर्ण के साथ कुल 36 पदक अब तक जीत चुका है भारत

गत पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने बुधवार को यहां हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में भाला फेंक की एफ64 स्पर्धा में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता. पच्चीस साल के सुमित ने 73.29 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया. उन्होंने 70 .83 मीटर के अपने ही विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने इस साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था. एक अन्य भारतीय पुष्पेंद्र सिंह ने इसी स्पर्धा में 60.06 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता. श्रीलंका के समिता अराचचिगे कोडिथुवाकु (64.09) को रजत पदक मिला. सुमित ने तोक्यो पैरालंपिक की पुरुष भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में 68.55 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता था जो तत्कालिन विश्व रिकॉर्ड था. मौजूदा हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में यह भारत का 10वां स्वर्ण पदक है जबकि उसके कुल पदक की संख्या 36 हो गई है.

## विश्व कप के कुछ और मुकाबलों से बाहर हो सकते हैं हार्दिक पंड्या



**नई दिल्ली।** स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भारत के अगले दो विश्व कप मुकाबलों से भी बाहर रह सकते हैं क्योंकि वह पिछले हफ्ते लगी टखने की चोट से उबर नहीं पाए हैं. पुणे में 19 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते हुए पंड्या के टखने में चोट लगी थी और वह 22 अक्टूबर को धर्मशाला में न्यूजीलैंड के खिलाफ नहीं खेल पाए थे. चोट से उबरने के लिए हार्दिक सोमवार को ही राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) चले गये थे. एनसीए के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि हार्दिक का उपचार चल रहा है. उसके बाएं टखने की सूजन काफी कम हुई है लेकिन वह सप्ताहांत ही गेंदबाजी की शुरुआत करेगा. इस समय उन्हें उबरने का समय देना महत्वपूर्ण है. भारत अब तक अपने पांचों मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए काफी मजबूत स्थिति में है इसलिए पंड्या को अगले दो मैच के लिए आराम दिया जा सकता है जिससे उन्हें नॉकआउट से पहले पूरी तरह से उबरने का मौका मिलेगा.

**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी** हेमंत सरकार में खेल को मिल रही है स्ट्रेंथ व स्पीड, पहले भी हो चुकी है नेशनल हॉकी प्रतियोगिता

# हॉकी के 'महासंग्राम' का गवाह बनेगा झारखंड, तैयारी पूरी

संवाददाता । रांची

झारखंड हॉकी के महासंग्राम का गवाह बनने जा रहा है. एशिया महाद्वीप में पहली बार महिला एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी झारखंड की मेजबानी में हो रही है. चैंपियंस ट्रॉफी के लिए लगभग सभी टीमें रांची पहुंच चुकी है. शुक्रवार से 5 नवंबर तक रांची में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी में एशिया की छह प्रमुख टीमें हिस्सा लेंगी. इससे पहले सिमडेगा में नेशनल जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जहां पूरे भारत से आये खिलाड़ियों ने भाग लिया था. हेमंत सरकार में खेल को स्ट्रेंथ और स्पीड मिल रही है. राज्य के हुनरमंद स्कूली बच्चों की प्रतिभा को तराशने के लिए स्कूल स्तर पर खेलो झारखंड का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के सभी स्कूलों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा को दिखाने का काम किया. वहीं दूसरी ओर सहाय स्कीम की शुरुआत की गयी है, जिसका मकसद खेल के माध्यम से नक्सल क्षेत्र में रह रहे युवाओं के बीच सकारात्मकता का संचार कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़े रखना है. इस पहल के जरिये पहले वर्ष में कुल 75000 खिलाड़ियों ने भाग लेकर सरकार के प्रयास को सार्थक किया.

### सम्मान राशि में भी की गई बढ़ोतरी

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय एवं ओलंपिक खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व कर पदक प्राप्त करनेवाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को दी जाने वाली सम्मान राशि में भी वृद्धि की गयी है. राज्य के होनहार खिलाड़ियों के लिए सरकार ने नकद पुरस्कार नियमावली में भी संशोधन किया है. पहले जहां एक खिलाड़ी को 7 हजार रूपये मिलते थे, अब उस खिलाड़ी को 50 हजार रूपये देने का प्रावधान खेल नीति- 2022 के तहत किया गया. ओलंपिक में अगर खिलाड़ी स्वर्ण पदक जीतता है, तो पहले उन्हें 2 करोड़ रुपये देने का प्रावधान था, पर वर्तमान सरकार खेल नीति के तहत उसे बढ़ा कर 5 करोड़ रुपये कर दिया गया है.

**शारीरिक दक्षता पर भी दिया जा रहा है ध्यान :** राज्य के खिलाड़ियों की शारीरिक दक्षता को चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर उनको दी जाने वाली भोजन की राशि में दोगुने से अधिक वृद्धि की गयी. पूर्व में प्रति खिलाड़ी को 175 रुपये भोजन की राशि के तौर पर दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर 350 रुपये तक कर दिया गया है.

### आयोजन समिति की बैठक में की गई तैयारियों की समीक्षा

**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन होना वाला है. इसको लेकर हॉकी स्टेडियम के कॉन्फ्रेंस हॉल में बुधवार को उच्च स्तरीय आयोजन समिति की बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने की. बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गयी और सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया. इस दौरान खिलाड़ियों के आगमन, उनके ठहरने की व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग, ट्रैफिक, वेंडिंग जोन आदि को लेकर पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये. बैठक में गृह, कला एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव, भवन निर्माण विभाग के सचिव, पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव, झारखंड पुलिस महानिदेशक, रांची डीसी, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.



**मोरहाबादी मैदान में बनाया जा रहा है वेंडिंग जोन :** अरुण कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है. कोई कमी न रहे, इसको लेकर समीक्षा की गयी और बचे हुए कार्य को समय से पूरा करने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने बताया कि मोरहाबादी मैदान में वेंडिंग जोन भी बनाया जा रहा है, जहां वेंडर्स को नगर निगम द्वारा ट्रेनिंग भी दी जा रही है.

## मतकमहातू में फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू, 60 टीमें ले रही हैं भाग

संवाददाता । चाईबासा



सदर प्रखंड के मतकमहातू (महुलसाई) में जीजीएमएसएसबीजे फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत हुई. मतकमहातु की कोल्हान फुटबॉल एकेडमी तत्वावधान में आयोजित इस ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा उद्घाटन मैच की टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हुआ. टूर्नामेंट में कुल 60 टीमें भाग ले रही हैं. इनमें 48 टीमें पुरुषों की और चार टीमें महिलाओं की हैं. इसके अलावा 40 प्लस आयुवर्ग में 8 टीमें भाग ले रही हैं. आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष चाहत देवगम ने बताया कि टूर्नामेंट लगातार चार दिनों तक चलेगी. गुरुवार को फाइनल मैच खेला जाएगा. पुरस्कार के रूप में खस्सी के अलावा नगद राशि भी दी जायेगी. टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिये वॉलेंटियरों की भी तैनाती की गयी है. मालूम हो कि मतकमहातु में करीब तीस वर्षों से यह फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है. इसकी शुरूआत मतकमहातु के प्रतिष्ठित व्यक्ति गारदी देवगम ने की थी. उनकी मृत्यु के बाद गांव के युवाओं ने इसकी जिम्मेदारी संभाली. अब गांव के दिऊरी चंद्रमोहन देवगम की देखरेख में यह प्रतियोगिता होती है. मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष-सह-दिऊरी डाडू देवगम उर्फ चंद्रमोहन देवगम समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

# देशभर में दुर्गा पूजा धूमधाम से संपन्न





पश्चिम बंगाल के नादिया में विजयादशमी की शाम को माता की प्रतिमा का विसर्जन करते श्रद्धालु. वहीं मुंबई में विजयादशमी के मौके पर सिंदूर खेला के दौरान पारंपरिक नृत्य करतीं अभिनेत्री रानी मुखर्जी और रुपाली गांगुली. फोटो : पीटीआई

## पश्चिम बंगाल : राज्यपाल के दुर्गा रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए 4 पूजा पंडाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चार दुर्गा पूजा पंडाल को राज्यपाल के 'दुर्गा रत्न' पुरस्कार से नवाजा गया है. एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन पूजा पंडालों को सम्मानित किया गया है, उनमें कल्याणी आईटीआई दुर्गा पूजा पंडाल, ताला प्रत्तोय दुर्गा पूजा पंडाल और बारानगर तथा नेताजी कॉलोनी स्थित बंधुदल स्पोर्टिंग क्लब पूजा पंडाल शामिल हैं. अधिकारी के मुताबिक, ताला प्रत्तोय दुर्गा पूजा पंडाल को 'रंग और रोशनी के रचनात्मक इस्तेमाल', जबकि कल्याणी आईटीआई दुर्गा पूजा पंडाल 'भव्य और दिलकश सजावट' के लिए राज्यपाल के 'दुर्गा रत्न' पुरस्कार से नवाजा गया. उन्होंने बताया कि बंधुदल स्पोर्टिंग क्लब के बारानगर स्थित पंडाल को 'पर्यावरण चेतना', जबकि नेताजी कॉलोनी स्थित पंडाल को 'अभिनव विषय' के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया. 'दुर्गा रत्न' पुरस्कार के तहत चारों विजेता पांच लाख रुपये की इनामी राशि साझा करेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस' का उद्घाटन 27 को

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे बड़े दूरसंचार उद्योग कार्यक्रम 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023' के सातवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे. दूरसंचार विभाग ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी दी. इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन दूरसंचार विभाग (डीओटी) और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है.

### पीएम परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे और इस दौरान 'नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना' की शुरुआत करेंगे व महाराष्ट्र में लगभग 7,500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और कुछ की आधारशिला रखेंगे. इसके बाद प्रधानमंत्री गोवा का दौरा करेंगे जहां पहली बार आयोजित किए जा रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों का वह उद्घाटन भी करेंगे.

### इसरो प्रमुख सोमनाथ ने आत्मकथा लिखी

**तिरुवनंतपुरम।** भले ही उन्होंने करोड़ों रुपये की परियोजनाओं के तहत देश को चंद्रमा पर विजय प्राप्त करने में मदद की हो, सूर्य के लिए भी ऐसा ही प्रयास कर रहे हों और भारतीयों को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी में व्यस्त हों, लेकिन इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ की विनम्र शुरुआत से एक पुरानी साइकिल और एक मामूली से आवास से हुई, जिनका इस्तेमाल वह कॉलेज में रहने के दौरान परिवहन और छात्रावास के खर्चों में कटौती के लिए करते थे.

### यूएनएससी में पाक ने कश्मीर का जिक्र किया

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने कहा है कि वह इजराइल-गाजा स्थिति पर सुरक्षा परिषद में संपन्न बैठक के दौरान पाकिस्तान द्वारा कश्मीर का जिक्र किए जाने को कोई महत्व नहीं देगा और न ही इसका कोई जवाब देगा. संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर रवींद्र ने यह बयान दिया पश्चिम एशिया की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की बैठक में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने कश्मीर का जिक्र किया था. रवींद्र ने कहा, एक प्रतिनिधि ने आदतन उन केंद्रशासित प्रदेशों का जिक्र किया जो हमारे देश का अंग है..

### बिजली ऑफिस में मगरमच्छ लेकर पहुंचे

**विजयपुरा (कर्नाटक)।** कर्नाटक के विजयपुरा में किसानों ने बिजली कटौती के खिलाफ एक असामान्य विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें वे सरकारी हुबली बिजली आपूर्ति कंपनी (हेसकॉम) के कार्यालय में मगरमच्छ को लेकर गए. बिजली की कटौती से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके विरोध में वे मगरमच्छ लेकर गए. किसानों को दिन में अपर्याप्त बिजली आपूर्ति के कारण रात को खेतों में जाना पड़ता है, उन्हें जानवरों का खतरा होता है.

## हिंदू योद्धाओं की वीरगाथाओं को बुक में शामिल किये जाने की सिफारिश

# एनसीईआरटी किताबों में अब इंडिया नहीं भारत लिखा जायेगा!

एजेंसी। नयी दिल्ली

नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग(एनसीईआरटी) की किताबों में इंडिया की जगह भारत लिखे जाने की संभावना बलवती हो गयी है. खबर है कि एनसीईआरटी द्वारा गठित समिति ने यह सिफारिश की है. सूत्रों के अनुसार किताबों में एंशिएंट हिस्ट्री (प्राचीन इतिहास) की जगह क्लासिकल हिस्ट्री (शास्त्रीय इतिहास) शामिल की जायेगी. एक बात और कि समिति ने हिंदू योद्धाओं की वीरगाथाओं को भी किताब में शामिल किये जाने की सिफारिश की है. खबरों के अनुसार एनसीईआरटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तर्ज पर अपने पाठ्यक्रम में बदलाव कर रहा है. इस योजना को अमल में लाने के लिए 19 सदस्यीय नेशनल सिलेबस एंड टीचिंग लर्निंग मटेरियल कमेटी का गठन किया गया है. समिति के अध्यक्ष सीआई आइजैक ने बुधवार को कहा, भारत के लिए इंडिया शब्द का प्रयोग ईस्ट इंडिया कंपनी के आने और 1757 के पलासी के युद्ध के बाद होना शुरू हुआ था. कहा कि भारत का जिक्र 7 हजार साल पुराने विष्णु पुराण जैसे प्राचीन लेखों में मिलता है.

### किताबों में भारत के नाम का इस्तेमाल होना चाहिए




अध्यक्ष ने कहा कि समिति ने आम सहमति से सिफारिश की है कि सभी कक्षाओं की किताबों में भारत के नाम का इस्तेमाल होना चाहिए. उनके अनुसार अंग्रेजों ने भारतीय इतिहास को प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक में बांटा. एंशिएंट का मतलब प्राचीन होता है. अंग्रेजों ने दिखाया कि देश अंधेरे में था. उसमें कोई वैज्ञानिक जागरूकता थी ही नहीं. जबकि सौर मंडल पर आर्यभट्ट के काम समेत ऐसे कई उदाहरण हैं, जिन्हें अंग्रेजों ने दरकिनार किया. यह देखते हुए समिति ने सुझाव दिया है कि मध्यकाल और आधुनिक के साथ-साथ क्लासिकल हिस्ट्री को पढ़ाया जाना चाहिए.

### समिति ने हिंदू इतिहास के बारे में पढ़ाने का सुझाव दिया

जान लें कि समिति ने किताबों में हिंदू योद्धाओं की जीत के बारे में भी पढ़ाने की सिफारिश की है. सीआई आइजैक ने कहा, वर्तमान में किताबों में हमारी असफलताएं शामिल की गयी हैं. लेकिन मुगलों और सुल्तानों पर हमारी जीत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी. उदाहरण दिया कि किताबों में बताया गया है कि मोहम्मद गौरी ने भारत पर आक्रमण किया था. उन्होंने कहा, जबकि, यह नहीं बताया गया कि उसके भारत से जाने के पहले ही कोकारी जनजाति ने उसे मार दिया था. समिति के अनुसार इंडियन नॉलेज सिस्टम को भी किताबों में शामिल करने की सिफारिश की गयी है.

### शिक्षा को संस्कार युक्त बनाना जरूरी : योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सभ्य और समर्थ समाज के निर्माण के लिए शिक्षा को संस्कार युक्त बनाने की जरूरत को रेखांकित करते हुए बुधवार को कहा कि शिक्षकों को चाणक्य, गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र को अपना आदर्श बनाना चाहिए. योगी ने गोरखपुर मंडल के 1,086 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास और 64 ब्लॉक संसाधन केंद्रों में आईसीटी प्रयोगशाला के लोकार्पण व 14,360 शिक्षकों को टैबलेट एवं 1,207 दिव्यांग बच्चों को 1,980 सहायक उपकरणों के वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की. उन्होंने कहा, सभ्य समाज के बिना कोई भी राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता. इसके लिए वहां की शिक्षा को संस्कार युक्त बनाना पड़ेगा .व्यक्ति के अंदर आत्मानुशासन की भावना पैदा होनी चाहिए. उसके अंदर समाज और राष्ट्र से जुड़े मुद्दों को अपना मुद्दा समझने का भाव पैदा होना चाहिए.

### हरीश रावत सड़क हादसे में बाल-बाल बचे



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत उस समय बाल-बाल बच गए, जब हल्द्वानी से काशीपुर जाते समय उनकी कार सड़क के बीच लगे डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. वरिष्ठ कांग्रेस नेता अपने कुछ कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार देर रात उधमसिंह नगर जिले के काशीपुर जा रहे थे कि तभी बाजपुर रेलवे क्रासिंग के पास एक वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और वह डिवाइडर से टकरा गयी.

### आओ जानें

### दुनिया के सबसे गरीब देश और उनकी जीडीपी (करोड़ डॉलर में)

| | | | |
|---|---|---|---|
| बुरुंडी | 856 | चाड | 1705 |
| द. सूडान | 928 | मेडागास्कर | 1778 |
| मध्य अफ्रीकी गणराज्य | 1102 | लाइबेरिया | 1779 |
| लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो | 1316 | सिएरा लियोन | 1958 |
| सोमालिया | 1322 | सोलोमन आइसलैंड | 2,385 |
| नाइजर | 1435 | जिम्बाब्वे | 2,523 |
| मोजाम्बिक | 1439 | माली | 2,575 |
| मलावी | 1603 | टोगो | 2,599 |

## निशिकांत दुबे के निशाने पर फिर महुआ, पोस्ट किया

# डिग्री वाली देश बेचे, पैसे के लिए जमीर बेचे

एजेंसी। नयी दिल्ली

सवाल संसद की गरिमा, भारत की सुरक्षा व कथित सांसद की प्रोपेरियेटरी, करप्शन एंड क्रिमिनेल्टी का है. उसे जवाब देना है कि दुबई में एनआईसी मेल खुला या नहीं? पैसे के बदले प्रश्न पूछे गये कि नहीं? विदेश आने-जाने के खर्च किसने उठाये? लोकसभा स्पीकर और विदेश मंत्रालय से विदेश जाने का परमिशन कभी लिया या नहीं? डिग्री वाली देश बेचे और चंद पैसे के लिए जमीर बेचे.

**खास बातें**

- आईटी मंत्री ने कहा, आरोप गंभीर है, जांच में सहयोग करेंगे
- व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से रिश्वत लेने का आरोप लगाया

यह पोस्ट गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का है. बुधवार को पोस्ट के साथ निशिकांत दुबे एक बार फिर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर हमलावर हुए.

### टीएमसी सांसद ने इसे भाजपा का हिट जॉब करार दिया

थोड़ा पीछे जायें तो निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर रिश्वत के बदले सवाल उठाने के जो आरोप लगाये हैं., उसकी जांच संसद की आचार समिति कर रही है. दुबे के हमलावर होने पर टीएमसी सांसद ने भाजपा और दुबे पर पलटवार करते हुए उन्होंने इसे भाजपा का हिट जॉब करार दिया. उन्होंने कहा कि पहले निशिकांत दुबे की फर्जी डिग्री की जांच होनी चाहिए.

# गाजा में इजराइली हवाई हमले बढ़े, कई फिलिस्तीनियों की मौत

- जान-माल का भारी नुकसान

भाषा। राफा (गाजा पट्टी)

इजराइल ने गाजा पट्टी पर मंगलवार को हवाई हमले तेज कर दिए, जिसके कारण ढही आवासीय इमारतों के मलबे में कई परिवार दब गए. इससे पहले, स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि बीते दिन बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी मारे गए और बमबारी के कारण हुए नुकसान और बिजली आपूर्ति बाधित हो जाने के कारण चिकित्सकीय सेवाएं ठप रहीं. हमास संचालित गृह मंत्रालय ने बताया कि गाजा में इजराइली हवाई हमले रात भर जारी रहे. दशकों से जारी इजराइली-फलस्तीनी संघर्ष में बमबारी से मरने वालों की बढ़ती संख्या अप्रत्याशित है. हमास द्वारा दक्षिणी इजराइल के शहरों में सात अक्टूबर को विनाशकारी हमला किए जाने के बाद से इजराइल ने गाजा की घेराबंदी कर दी है, जिसके कारण 23 लाख लोग भोजन, पानी और दवाइयों की कमी से जूझ रहे हैं. गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली हवाई हमलों के कारण मंगलवार को कम से कम 704 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं. स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली हमलों में 5,700 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से 2,300 नाबालिग हैं.

# यूएन में इजराइल ने कहा- हमास को तबाह कर देंगे

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र की एक उच्च स्तरीय बैठक में हमास को तबाह करने का संकल्प दोहराया और संयुक्त राष्ट्र प्रमुख, फिलिस्तीनियों तथा कई देशों के संघर्ष-विराम के आह्वान को नकार दिया. इजराइल ने मंगलवार को कहा, गाजा में युद्ध न सिर्फ उसका, बल्कि स्वतंत्र दुनिया का युद्ध है. इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के अप्रत्याशित हमले के बाद देश से जवाबी कार्रवाई में संयम बरतने की अपील को खारिज कर दिया. इजराइल पर हमास के हमले में अब तक लगभग 1,400 लोग मारे गये हैं. वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, क्षेत्र में 5,700 से अधिक फलस्तीनी नागरिकों की मौत हुई है. कोहेन ने पूछा, आप बताइए कि शिशुओं की हत्या, महिलाओं से बलात्कार और उन्हें जला देने, एक बच्चे का सिर काटने के जवाब में संयम भरी कार्रवाई कैसे की जाती है?

**खास बातें**

- गाजा में संघर्ष-विराम का आह्वान खारिज किया
- एली ने संयम बरतने की अपील को खारिज कर दिया

**हमास दुनिया के हर क्षेत्र को निशाना बनायेगा :** इजराइल ने सभ्य दुनिया से हमास को हराने के लिए इजराइल के साथ एकजुट होने का आग्रह किया. उन्होंने आगाह किया कि आज इजराइल पर हमला हुआ है और कल हमास और उसके हमलावर पश्चिमी देशों से लेकर दुनिया के हर क्षेत्र को निशाना बनायेंगे.

एली कोहेन ने कतर पर हमास का वित्त पोषण करने का आरोप लगाया और कहा कि बंधक बनाये गये इजराइल के 200 से अधिक लोगों का भाग्य उसके (कतर के) अमीर के हाथों में था. वहीं, फलस्तीन के विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी ने इजराइली हमलों को रोकने की मांग की. उन्होंने कहा, 20 लाख से अधिक फलस्तीनी हर दिन, हर रात जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे है.

### कोहेन ने हमास को नया नाजी करार दिया

आप किसी ऐसे व्यक्ति के साथ संघर्ष-विराम के लिए कैसे सहमत हो सकते हैं, जिसने आपके अस्तित्व को मिटाने और नष्ट करने का संकल्प जताया हो? कोहेन ने हमास को नया नाजी करार देते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि सात अक्टूबर के हमले के खिलाफ संयम भरी कार्रवाई हमास का पूरी तरह से खात्मा करना है. हमास को नष्ट करना केवल इजराइल का अधिकार नहीं है. यह हमारा कर्तव्य है. कोहेन ने सात अक्टूबर के हमलों को चरमपंथ के खिलाफ पूरी स्वतंत्र दुनिया के लिए एक चेतावनी बताया.

### इजराइली अपने फैसले खुद ले सकते हैं: बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में इजराइल की संभावित जमीनी कार्रवाई से जुड़ी खबरों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइली अपने फैसले खुद ले सकते हैं. बाइडन ने वाशिंगटन की यात्रा पर पहुंचे ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ मंगलवार को तस्वीर खिंचवाने के दौरान एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की. अमेरिकी राष्ट्रपति से पूछा गया था, क्या आप इजराइल पर जमीनी आक्रमण टालने का दबाव बना रहे हैं? जवाब में उन्होंने कहा, इजराइली अपने फैसले खुद ले सकते हैं.

**साक्षात्कार** इंडिया के सीट शेयरिंग पर कहा कि 5 राज्यों के चुनाव के बाद फैसला होगा

# पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा साफ जाएगी : खड़गे

एजेंसी। नयी दिल्ली

पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा का सफाया हो जायेगा. देश में भाजपा के खिलाफ लहर आ गयी है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह कहा. वे न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत कर रहे थे. इंडिया गठबंधन के सीट शेयरिंग फॉर्म्यूले पर कहा कि 5 राज्यों के चुनाव के बाद इंडिया अलायंस चर्चा करेंगे.

हालांकि जानकारों का कहना है कि सीटों का बंटवारा इतना आसान नहीं होगा. यह गठबंधन का सबसे बड़ा सिरदर्द होगा. इस सवाल पर कि क्या पांच राज्यों के चुनाव 2024 के आम चुनावों का सेमीफाइनल होंगे? मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हर



राज्य के अलग-अलग चुनावी मुद्दे होते हैं, उन्हीं के हिसाब से वोट डाले जाते हैं. खड़गे ने तंज कसते हुए कहा, पीएम मोदी हर चुनाव में उन्हें चुनने के लिए मतदान करने को कहते हैं.

### रोजगारी, महंगाई से जनता परेशान हैं

अपनी बात बढ़ाते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हमारे कार्यकर्ता हर जगह काम कर करे हैं. उम्मीद है कि कांग्रेस पांच राज्यों में जीतेगी, कहा कि भाजपा विरोधी लहर आ गयी है. लोग तंग हो गये हैं. बेरोजगारी, महंगाई से देश की जनता परेशान हैं. आरोप लगाया कि भाजपा ने जो वादे कियो, वह नहीं निभाये. उदाहरण दिया कि भाजपा ने कर्नाटक को नजरअंदाज किया. मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान से लोगों को समस्या है लोग उनके खिलाफ बात कर रहे हैं.

### राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध होने पर प्रियंका क्यों नहीं बोलतीं : राज्यवर्धन

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधते हुए पूछा कि राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध पर वह क्यों नहीं बोलतीं ? राठौड़ ने कहा, 'प्रियंका गांधी आज राजस्थान आ रही हैं. मैं पूछना चाहता हूं कि राजस्थान में जब महिलाओं के खिलाफ अपराध होता है तो वह क्यों नहीं बोलतीं?' राज्य में महिलाओं के खिलाफ करीब दो लाख अपराध हुए हैं और कांग्रेस की राजनीतिक पर्यटन डिवीजन' इसे कैसे भूल गई. प्रियंका के दौरे से



ठीक पहले राठौड़ ने कहा, क्या राजस्थान की महिलाएं कांग्रेस पार्टी के लिए सम्मान की पात्र नहीं हैं? यह कथनी व करनी में अंतर है. उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का भी आरोप लगाया.

### दो सुपर स्टार एक फ्रेम में



चेन्नई में फिल्म थलाईवर 170 की शूटिंग के दौरान दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन और रजनीकांत.

# छत्तीसगढ़: भूपेश बघेल के सामने भाजपा को बहुत मेहनत करनी होगी

## पिछले चुनाव में भाजपा सरकार को 90 में से केवल 15 सीटें मिली थीं

- रमन सिंह ने पिछले 5 वर्षों में छग में जन आंदोलन खड़ा नहीं किया

**डॉ. प्रकाश हिन्दुस्तानी**

छत्तीसगढ़ में सात और 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव हैं. पिछले चुनाव में 15 साल पुरानी रमन सिंह की भाजपा सरकार को 90 में से केवल 15 सीटें मिली थीं. उसके बाद से ही कांग्रेस की सरकार को हटाने के लिए बीजेपी के साथ ही ईडी और सीबीआई भी मैदान में है. कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव और चंद्रदेव राय को कोयला घोटाले में आरोपी बनाया गया है. देवेंद्र यादव से तो ईडी के अधिकारियों ने 11 घंटे तक लगातार पूछताछ भी की है. उद्देश्य साफ है कि कांग्रेस के लिए एटीएम कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के उन नेताओं पर निशाना साधा जा रहा है, जो चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

कांग्रेस छत्तीसगढ़ में जितनी निश्चिंत दिखाई देती है, उतनी चुनाव वाले दूसरे किसी भी राज्य में नहीं. छत्तीसगढ़ में शायद बीजेपी ने भी मान लिया है कि 2023 के चुनाव में भी कांग्रेस की ही सरकार आएगी. 15 साल तक मुख्यमंत्री रहे रमन सिंह ने पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ में कोई जन आंदोलन खड़ा नहीं किया. न ही उनकी सक्रियता सरकार के खिलाफ कहीं नजर आई. दूसरी तरफ कांग्रेस के मुख्यमंत्री लगातार सक्रिय रहे और उन्होंने अपनी जनप्रिय योजनाओं के माध्यम से मतदाताओं में गहरी पैठ बना ली.

भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में अपनी योजनाओं से अधिकांश मतदाताओं को प्रभावित कर रखा है. ये मतदाता उनसे इतने प्रभावित हैं कि भ्रष्टाचार के आरोपों पर भी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं. ऊपर से भूपेश बघेल ने बीजेपी के हिंदुत्व वाले कार्ड को भी छीन लिया है. छत्तीसगढ़ में ही गाय का गोबर खरीदने की योजना, राम वन पथ गमन मार्ग और भगवान राम की विशाल मूर्ति के ऐसे प्रकल्प हैं, जो बीजेपी से हिंदुत्व का एजेंडा छीन कर ले गए हैं.

2018 में बीजेपी की हार का ठीकरा रमन सिंह और उनके साथियों पर फोड़ दिया गया था. उसके बाद रमन सिंह की राजनीतिक सक्रियता बहुत कम हो गई. रमन सिंह जानते हैं कि बीजेपी की हार का एक प्रमुख कारण धान के खरीदी मूल्य में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं करना रहा. कांग्रेस ने चुनाव के पहले ही धान के मूल्य बढ़ाने की जो बात कही थी, इसी बात के लिए रमन सिंह को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परमिशन लेनी पड़ती थी. प्रधानमंत्री ने रमन सिंह को धान का मूल्य बढ़ा ने से रोक दिया. नतीजा हुआ कि बीजेपी साफ हो गई. ऐसा लगता है कि तब शायद नरेंद्र मोदी नहीं चाहते थे कि रमन सिंह फिर से मुख्यमंत्री बनें. हार का नतीजा यह हुआ कि रमन सिंह ने पार्टी तो नहीं छोड़ी, लेकिन वह पार्टी में न्यूनतम सक्रिय रहे.

रमन सिंह के पक्ष में जातीय समीकरण भी नहीं रहे. छत्तीसगढ़ के लगभग 31 प्रतिशत विधायक आदिवासी हैं और रमन सिंह जाति से ठाकुर हैं. वे अपने बेटे को संसद में भेज चुके थे, जिससे नरेंद्र मोदी की भी नाराजगी रही. ऐसे में पूरी बीजेपी ने ही रमन सिंह और छत्तीसगढ़ भाजपा को उनके अपने हवाले छोड़ दिया. बची कसर भूपेश बघेल ने चुनाव की घोषणा के बाद कर दी और घो।णा कर दी कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाते ही किसानों के कर्ज माफ कर दिए जाएंगे. कांग्रेस ने यह बात अपने चुनाव घोषणा पत्र में कही. इसके खिलाफ चुनाव आयोग भी कोई कदम नहीं उठा सकता.

बीजेपी ने पिछले 5 साल में सरकार के खिलाफ सीमित आंदोलन किए, तो उसका सीमित लाभ ही बीजेपी को मिलेगा. ईडी और इनकम टैक्स के भरोसे बीजेपी ज्यादा रही, तो उसकी सक्रियता का लाभ सहानुभूति के रूप में भूपेश बघेल और उनकी सरकार को होगा. कुल मिलकर बीजेपी घाटे में ही है.




### पहले चरण में 223 प्रत्याशी

छत्तीसगढ़ में पहले चरण की 20 विधानसभा सीटों पर कुल 223 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार पहले चरण की विधानसभा सीटों पर नामांकन पत्रों की समीक्षा के बाद 253 अभ्यर्थियों के नामांकन सही पाए गए हैं. इनमें से 30 लोगों ने नाम वापस लिए हैं. चुनाव के लिए 294 प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया था. सबसे ज्यादा 29 प्रत्याशी राजनांदगांव सीट के लिए चुनाव लड़ रहे हैं. अंतागढ़ विधानसभा सीट से 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान उतरे हैं. भानुप्रतापपुर में 14 प्रत्याशी, कांकेर में 9, केशकाल में 10, कोंडागांव में 8, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 11 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं. चित्रकोट सीट की बात करें तो यहां 7 प्रत्याशी अपना भाग्य अजमा रहे हैं. दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 8, कोंटा में 8, खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 10, डोंगरगांव में 12, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 9, कवर्धा में 16, पंडरिया में 14 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं.

छत्तीसगढ़ में इन 20 सीटों के लिए 7 नवंबर को वोटिंग है. इन सीटों पर मतदाताओं की संख्या 40 लाख 78 हजार 681 है, जिनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष और 20 लाख 84 हजार 675 महिलाएं हैं. इसके साथ ही 69 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं. इन विधानसभा सीटों के लिए 5 हजार 304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. दूसरे चरण की 70 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर और नाम वापसी की अंतिम तिथि दो नवंबर है.

# मध्य प्रदेश : सपा के बाद अब जदयू भी चुनाव मैदान में उतरा

**भाषा। भोपाल**

विपक्षी गठबंधन इंडिया मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में टूटता नजर आ रहा है. समाजवादी पार्टी के बाद, नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) ने भी मध्य प्रदेश चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ 5 उम्मीदवार उतारने का फैसला किया और सूची जारी कर दी है.

जद (यू) के पांच उम्मीदवारों में चंद्रपाल यादव (पिछोर), रामकुंवर रायकवार (राजनगर), शिव नारायण सोनी (विजय राघवगढ़), तोल सिंह भूरिया (थांदला) और रामेश्वर सिंगला (पेटलावद) शामिल हैं. जैसे ही नीतीश कुमार की पार्टी ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार उतारे, बीजेपी ने जेडीयू और इंडिया पर तीखा कटाक्ष किया. इस मुद्दे पर बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने कहा कि नीतीश कुमार का धैर्य अब खत्म हो गया है, क्योंकि उनकी पार्टी को किसी भी गठबंधन में तरजीह नहीं मिल रही है. पार्टी को कोई नहीं पूछ रहा है. विपक्षी गठबंधन इंडिया लोकसभा चुनाव से पहले ही ढह गया है.

मध्यप्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) ने नौ उम्मीदवारों की घोषणा की है. सपा नेता यश भारतीय ने कहा कि सूची में पहले 6 उम्मीदवारों के नामों की ही घोषणा की गई थी, जबकि इसमें तीन नए नाम जोड़े गए हैं. समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन पर बात नहीं बन पाई थी. इसके बाद दोनों दलों में वार-पलटवार खूब देखा गया. सपा की ओर से कांग्रेस पर कई आरोप लगाए गए. साथ ही बड़ा दिल दिखाने के लिए कहा गया.

# मिजोरम: आप प्रत्याशी एंड्रयू सबसे अमीर

**एजेंसी। आइजोल**



मिजोरम विधानसभा चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे 174 उम्मीदवारों में से 112 उम्मीदवार करोड़पति हैं और इनमें से आम आदमी पार्टी (आप) की राज्य ईकाई के अध्यक्ष एंड्रयू ललरेमकिमा पाचुआउ करीब 69 करोड़ की घोषित संपत्ति के साथ सबसे अमीर हैं. उम्मीदवारों के हलफनामों के मुताबिक, 64.4 % उम्मीदवारों ने एक करोड़ रुपये या उससे अधिक की संपत्ति घोषित की है. एंड्रयू 68.93 करोड़ रुपये की घोषित संपत्ति के साथ सबसे अमीर हैं. वह आइजोल उत्तर-तृतीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं.

घोषित संपत्ति के मामले में कांग्रेस के आर वनललत्लुआंगा (सेरछिप सीट) दूसरे स्थान पर हैं.उन्होंने 55.6 करोड़ रुपए की संपत्ति की घोषणा की है.

### एक नजर

- कुल विधानसभा सीटें : 679
- कुल मतदाता : 16.14 करोड़
- मतदान केंद्र : 1.77 लाख

**मिजोरम**
- कुल सीटें : 40
- मतदान : 7 नवंबर
- मतदाता संख्या : 8.56 लाख

**छत्तीसगढ़**
- कुल सीटें : 90
- मतदान प्रथम चरण (20 सीटें) : 7 नवंबर
- द्वितीय चरण (70 सीटें) : 17 नवंबर
- मतदाता संख्या : 2.03 करोड़

**मध्य प्रदेश**
- कुल सीट : 230
- मतदान : 17 नवंबर
- मतदाता संख्या : 5.61 करोड़

**राजस्थान**
- कुल सीट : 200
- मतदान : 25 नवंबर
- मतदाता संख्या : 5.26 करोड़

**तेलंगाना**
- कुल सीट : 119
- मतदान : 30 नवंबर
- मतदाता संख्या : 3.17 करोड़

**मतगणना**
- 3 दिसंबर 2023




छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी ने दशहरा के अवसर पर कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए पोस्टर जारी किया. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तत्काल पलटवार करते हुए कहा- पिछड़ों, आदिवासियों, दलितों को गाली देना ठाकुर रमन सिंह और उनकी पार्टी की परंपरा रही है.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# इंटीरियर डिजाइनर की पढ़ाई कर बना सकते हैं कॅरियर

अगर आपको घर सजाने का शौक है और आप कुछ क्रिएटिव करना चाहते हैं, तो इंटीरियर डिजाइनिंग के क्षेत्र में किस्मत आजमा सकते हैं. लेकिन इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए आपको इससे जुड़ी सारी जानकारियां होनी चाहिए .सबसे पहली जरूरत है इंटीरियर डिजाइनिंग की पढ़ाई से जुड़ी जानकारी होना. आपको यह पता होना बहुत जरूरी है कि कैसे और कहां इंटीरियर डिजाइनर का कोर्स किया जा सकता है. इंटीरियर डिजाइनर्स की मांग अब सिर्फ महानगरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि छोटे शहरों में भी इसकी मांग बढ़ रही है. आजकल लोग घर खरीदते ही उसे सजाने के लिए इंटीरियर डिजाइनर की तलाश करने लगते हैं. तो इस मौके का फायदा उठाएं और इस उभरते क्षेत्र में कॅरियर बनाएं, लेकिन उससे पहले इंटीरियर डिजाइनर पाठ्यक्रम से जुड़ी कुछ अहम बातों को जरूर जान लें.

## डेकोरेशन से जुड़ी सेवाएं प्रदान करते हैं इंटीरियर डिजाइनर्स

इंटीरियर डिजाइनर्स डेकोरेशन से जुड़ी सेवाएं प्रदान करते हैं, जैसे मकान, बहुमंजिली इमारत, भवन आदि को आंतरिक स्तर पर खूबसूरत लुक देना इंटीरियर डिजाइनर का प्रमुख काम होता है. इसके अलावा इंटीरियर डिजाइनर की डिमांड अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रह गयी है, बल्कि छोटे शहरों, गांबों आदि में भी इंटीरियर डिडाइनर की डिमांड बहुत अधिक हो गयी है. आजकल हर छोटे से लेकर बड़े फंक्शन तक में इंटीरियर डिजाइनर से डेकोरेशन कराया जा रहा है. इंटीरियर डिजाइनर के प्राथमिक काम में योजना बनाना, नए डिजाइन की रूपरेखा तैयार करना और रिहायशी मकानों, व्यावसायिक व अन्य इमारतों की सजावट करना शामिल है. इंटीरियर डिजाइनर को कॉन्ट्रैक्टर, आर्किटेक्ट व इंजीनियर समेत अनेक अन्य पेशे के लोगों के साथ मिलकर काम करना होता है, ताकि वह यह सुनिश्चित कर सके कि डिजाइन बनाने का कार्य अच्छे तरीके से हो रहा है या नहीं. इंटीरियर डिजाइनर अपने ग्राहकों को स्पेसिंग, ले-आउट, फर्नीचर व कलर कॉम्बिनेशन समेत विभिन्न तरह के डिजाइन से जुड़ी सलाह देते हैं. इसके साथ ही डिजाइन को और बेहतर करने के संबंध में ग्राहक से निरंतर बातचीत करना और विचारों का आदान- प्रदान करना भी इंटीरियर डिजाइनर के काम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है.

### अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम

- बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स इन इंटीरियर डिजाइन
- बैचलर ऑफ अप्लाइड साइंस (इंटीरियर आर्किटेक्चर)
- बैचलर ऑफ इन्वायरमेंटल डिजाइन स्टडीज
- बैचलर ऑफ इंटीरियर डिजाइन (ऑनर्स)
- बीए (ऑनर्स) इंटीरियर एंड स्पेशल डिजाइन
- बीएससी (ऑनर्स) इंटीरियर आर्किटेक्चर एंड प्रॉपर्टी डेवलपमेंट
- बैचलर ऑफ डिजाइन इन इंटीरियर आर्किटेक्चर (ऑनर्स)
- बैचलर ऑफ डिजाइन-इंटीरियर डिजाइन एंड इन्वायरमेंट्स
- बैचलर ऑफ साइंस इन होम फर्निशिंग मर्चन्डाइजिंग
- बैचलर ऑफ बिल्ट इन्वायरमेंट (इंटीरियर आर्किटेक्चर)
- बीएससी (ऑनर्स) आर्किटेक्चरल टेक्नोलॉजी एंड डिजाइन
- ऑनर्स बैचलर ऑफ क्राफ्ट एंड डिजाइन (फर्नीचर) आनर्स

### डिजाइनर्स की जिम्मेदारियां



इंटीरियर डिजाइनर किसी कंपनी से जुड़ कर या स्वतंत्र रूप से काम सकते हैं. कई बार ग्राहक की जरूरत के अनुसार किसी स्वतंत्र डिजाइनर को किसी कंपनी या किसी कंपनी को एक स्वतंत्र डिजाइनर के साथ भी काम करना पड़ सकता है. आज के समय में कई डिजाइनर लंबे समय तक चलने वाली डिजाइन पसंद करते हैं, जो आधुनिक व इको - फ्रेंडली भी है. डिजाइनर को किसी भी डिजाइन को अंजाम तक पहुंचाने के लिए कॉन्ट्रैक्टर व मालिक दोनों के साथ तालमेल बनाना पड़ता है. इंटीरियर डिजाइनर्स को बिल्डिंग कोड, यूनिवर्सल एक्सेसबिलिटी स्टैंडर्ड व इंस्पेक्शन रेगुलेशन के बारे में जानकारी होनी चाहिए. क्षेत्र से संबंधित कौशल के साथ-साथ डिजाइनर को कंप्यूटर-एडेड डिजाइन, फ़ोटोशॉप व रैविट जैसे सॉफ्टवेयर की जानकारी भी होनी चाहिए. इंटीरियर डिजाइनर मकान, रेस्त्रां, कैफे, ऑफिस या हॉस्पिटल जैसे व्यावसायिक जगह की भी डिजाइन तैयार करने के साथ ही साथ आंतरिक साज-सज्जा का काम करते हैं.

## महानगरों ही नहीं, अब छोटे शहरों में भी है डिमांड



### कॅरियर के अवसर

- एग्जीबिशन डिजाइनर
- लाइटिंग डिजाइनर
- किचन डिजाइनर
- आर्किटेक्ट

### आर्किटेक्चरल टेक्नोलॉजिस्ट

- प्रोडक्ट डिजाइनर
- टेक्सटाइल डिजाइनर
- प्रोडक्शन डिजाइनर

### पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम

- एमए इंटीरियर डिजाइन
- इन्वायरमेंटल डिज़ाइन ऑफ बिल्डिंग (एमएससी)
- मास्टर ऑफ डिजाइन इन इंटीरियर स्टडीज अडैप्टिव रीयूज
- एमए इंटीरियर एंड स्पेशल डिजाइन
- क्लाइमेट रिसिलिएन्स एंड इन्वायरमेंटल सस्टेनिबिलिटी इन आर्किटेक्चर (क्रेस्टा) एमएससी
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इन फैमिली एंड कंज्यूमर साइंस- इंटीरियर डिजाइन
- एमएससी इंफ्रास्ट्रक्चर डिजाइन एंड मैनेजमेंट
- कॉमर्सियल इंटीरियर मैनेजमेंट एंड प्रैक्टिस एमएससी
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इन अप्लाइड डिजाइन- फर्नीचर एंड वुडवर्किंग
- डॉक्टरेट प्रोग्राम्स
- डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी इन इंटीरियर आर्किटेक्चर
- डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी इन इंटीरियर एंड इन्वायरमेंटल डिजाइन
- डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी इन बिल्ट इन्वायरमेंट

### इंटीरियर डिजाइनर से संबधित अन्य कोर्स

- डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन
- डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन एंड आर्किटेक्चर
- सर्टिफिकेट इन इंटीरियर डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन इंटीरियर डिजाइन एंड
- बैचलर ऑफ इंटीरियर डिजाइन
- बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर इंटीरियर डिजाइन
- बैचलर ऑफ इंटीरियर डिजाइन (एसइपीटी)
- बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन
- बैचलर ऑफ डिजाइन
- बैचलर ऑफ साइंस इन इंटीरियर डिजाइन

### 3 डी डिजाइन



- क्रिएटिव टेक्निक इन इंटीरियर डिजाइन
- डिजाइन एंड क्राफ्ट इन इंटीरियर डेकोरेशन
- स्पेशल डिजाइन इंटीरियर्स
- प्रोफेशन इंटीरियर डिजाइन स्किल्स
- इंटीरियर डिजाइन स्किल्स

### प्रमुख शिक्षण संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- सेंट फ्रांसिस इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट एंड डिजाइन, मुंबई
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, दिल्ली
- सर जेजे स्कूल ऑफ आर्ट्स, मुंबई
- सीईपीटी यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़
- आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन, जयपुर
- पर्ल एकेडमी, मुंबई
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मुंबई
- एमआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- मणिपाल यूनिवर्सिटी, मणिपाल
- हमस्टेक इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव एजुकेशन, हैदराबाद
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन, मुंबई
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ
- एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ
- महाराज सयाजीराव गायकवाड़ यूनिवर्सिटी, बड़ोदरा
- स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, हैदराबाद
- आईआईटी गुवाहाटी इंटरनेशनल स्कूल ऑफ डिजाइन, कोलकाता

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)